गुड़गांव, बुधवार
1 अप्रैल 2026
वर्ष: 17
अंक: 89
पृष्ठ: 8+4
मूल्य: 3.00 रूपए

नए भारत का अखबार

# गुड़गांव मेल

SINCE 2009

हरियाणा, चण्डीगढ और दिल्ली से प्रसारित




/gurgaonmail /gurgaonmail /gurgaonmail gurgaonmail.com gurgaonmaildaily@gmail.com

# कांग्रेस की घोषणाएं 'डस्टबिन' में जाती थी, बीजेपी निभा रही हर वायदा : नायब सिंह सैनी

**विवेक कांगड़ा/ गुड़गांव मेल**

भिवानी, 31 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में की गई घोषणाएं 'डस्टबिन' में चली जाती थी, लेकिन इसके विपरीत, वर्ष 2014 से अब तक बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने हर संकल्प को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए है। वर्तमान सरकार घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को भिवानी के तोशाम में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ड्रिप इरिगेशन पर सिंचाई विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम को सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती किरण चौधरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांव सांगवान निवासी पर्वतारोही प्रवीण को सम्मानित भी किया

मुख्यमंत्री ने रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तोशाम की यह धरती परिश्रम, त्याग और खेती-किसानी की समृद्ध परंपरा की साक्षी रही है। उन्होंने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसी लाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह को याद करते हुए हरियाणा के लिए किये गये कार्यो का जिक्र भी किया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हरियाणा के बनने के समय ही विकास की नई इबारत लिखी थी। वे तोशाम-लोहारू के बालू रेत के टीलों पर लहलहाती फसल देखना चाहते थे। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने पांच दशक पहले, उस समय विश्व स्तर का लिफ्ट इरिगेशन कैनाल सिस्टम तैयार किया था। इसके परिणामस्वरूप, इस रेतीले क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई के लिए पहली बार नहरी पानी पहुंचा और लोगों की किस्मत बदली।

उन्होंने कहा कि आज अगर हरियाणा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, तो इसके पीछे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी मार्गदर्शन है। विकसित भारत 2047 का जो संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के सामने रखा है, वह केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। यह ऐसा संकल्प है, जिसमें देश का हर नागरिक भागीदार है। हम सब मिलकर विकसित हरियाणा के माध्यम से विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए हर संकट में भारतीयों के साथ खड़ी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता को बड़ी राहत दी है।

**पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं-**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्षी गलत बयानबाजी करके जनता में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के 4,032 पेट्रोल पंपों और रसोई गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

**तोशाम आईएमटी के लिए पोर्टल खुलेगा-**

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि तोशाम में सरकार ने आईएमटी बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि ईभूमि पोर्टल को अगले एक सप्ताह में खोल दिया जाएगा। किसान इस पोर्टल पर जमीन पंजीकृत करवाये। किसी किसान पर दबाव नहीं होगा, लेकिन सरकार किसानों को उचित मूल्य देगी।

**कांग्रेसी जाकर देखकर आएं, क्या किया उन्होंने-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। लेकिन कांग्रेस के लोग केवल और केवल दुष्प्रचार करते है।

**विपक्ष को फसल खरीद की चिंता नहीं करनी चाहिए-**

बारदाना खरीद व्यवस्था को लेकर विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं और जिम्मेदारी राज्य सरकार की है तथा इसे पूरी पारदर्शिता के साथ निभाया जा रहा है।

**हरियाणा को एक सप्ताह में मिल जायेंगे 2500 नये पटवारी-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी किसान के बेटे है, उन्होंने खुद खेती-किसानी की है। उन्हें पता है कि किसान को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। इनसे फसले खराब हो जाती हैं। गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 16 हजार 160 करोड़ रुपये की राशि दी है। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने आने वाली समस्याओं के हल के लिए 2500 पटवारियों की ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, अगले एक सप्ताह में हरियाणा के अलग अलग क्षेत्रों में इनकी तैनाती हो जाएगी।

**पारदर्शी भर्ती से भिवानी के 25 हजार युवाओं को मिला रोजगार-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पारदर्शी और मेरिट आधारित प्रक्रिया के माध्यम से बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को नौकरियां दी है। उन्होंने कहा किया कि राज्य सरकार ने भिवानी जिले में ही 25 हजार युवाओं को रोजगार दिया गया है।

कार्यक्रम में गांव सागवान की छात्रा मोनिका ने मुख्यमंत्री को अपने हाथ से बनाया स्केच चित्र भेट किया। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश प्रभारी सतीश पूनियां, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ, बाढड़ा से विधायक उमेद पातुवास, दादरी से विधायक सुनील सांगवान, बवानीखेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि, महेंद्रगढ़ से विधायक कंवर सिंह यादव सहित आदि मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की प्रदेश सरकार से करवाएंगे भरपाई : राव इंद्रजीत



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

रेवाड़ी, 31 मार्च। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ जिले में हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि गेहूं व अन्य फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा प्रदेश सरकार से दिलवाएंगे। राव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

## जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को विशेष तौर से प्रशिक्षण दिया गया : राजेश नागर



**राजेश नागर/गुड़गांव मेल**

ग्रेटर फरीदाबाद, 31 मार्च। हरियाणा में रबी खरीद 2026-27 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार 1 अप्रैल से हरियाणा में रबी की सरकारी खरीद का आगाज होना है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि रबी खरीद 2026.27 के मद्देनजर प्रदेश की अनाज मंडियों को तैयार कर लिया गया है। मंडी परिसर में साफ -सफाई और किसान भाइयों की सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है। इस बाबत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों और एजेंसी के जिला प्रबंधकों को विशेष तौर से प्रशिक्षण दिया गया है।

श्री नागर ने बताया कि मंडियों में बायोमेट्रिक आधारित खरीद होगी, प्रक्रिया को सरल करने के लिये राज्य सरकार द्वारा स्वयं किसान या उनके द्वारा मनोनीत 3 नॉमिनियों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के कारण उसे खुद खेत छोडक़र आना नहीं होगा। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी गेट पास, नीलामी, जे फंड बनाने और लिफटिंग से संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर की जाएं। इसके लिए मंडी के जिओ फेंस किये गए क्षेत्र के भीतर उपस्थिति को सत्यापित किया जाता है। जिससे राज्य के किसान की फसल को कोई अन्य व्यक्ति किसान के नाम पर फर्जी तरीके से बेच न सके।

किसानों को गेट पास जारी करते समय्र, वाहन के फोटो के साथ-साथ वाहन नंबर देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिये मण्डी में फसल लेकर आने वाले वाहनों पर नम्बर प्लेट ना होने पर किसान अपने वाहन पर पेंट या हाथ से एक कागज पर लिख कर भी चिपका कर आ सकता हैं, उसे भी मान्य किया गया है।

साथ ही, निकास गेट पास केवल तभी जारी किया जा सकता है, जब संबंधित वाहन मंडी के जियो-फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो।

उन्होंने बताया कि सभी भंडारण स्थलों की जियो फेंसिंग यह सुनिश्चित करती है कि खाद्यान्नों की गोदामों में प्राप्ति तभी हो सकेगी, जब वाहन भौतिक रूप से भंडारण स्थल के जियो.फेंस किए गए क्षेत्र के भीतर मौजूद हो।

राज्य के किसान जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत है, से उनकी उपज की पूर्ण खरीद की जायेगी। कृषि विभाग ने किसानों द्वारा घोषित भूमि पर उगी फसल के सत्यापन के लिए उपग्रह छवि आधारित प्रणाली शुरू की है। राजस्व और जिला कृषि अधिकारियों के सत्यापन के साथ-साथ, तीसरे स्तर के सत्यापन के रूप में हीट मैप्स का उपयोग किया जाता है।

## भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे मुख्यमंत्री : सर्वप्रिय त्यागी




**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 31 मार्च। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम जिला कार्यालय गुरुकमल में जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस बैठक में 6 अप्रैल को आयोजित होने वाले पार्टी स्थापना दिवस के निमित्त सार्थक चर्चा हुई। गुरुग्राम भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी के दिशा निर्देश अनुसार कार्यक्रम की रचना योजना बनाई गई। स्थापना दिवस कार्यक्रम के निमित्त जिला एवं मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गई ताकि कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके। पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा गुरुग्राम जिला कार्यालय गुरुकमल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण हरियाणा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रतिमा अनावरण सुबह 9 बजे किया जाएगा जिससे सभी कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा स्थापना दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान दे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और संगठन को और मजबूत करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहें तथा भाजपा संगठन के सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के सिद्धांत का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे।

आज इस बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अजीत यादव, मनीष सैदपुर, जिला उपाध्यक्ष हितेश भारद्वाज, जयवीर यादव, कुलदीप यादव, अलीशा तोमर, बीएलए 1 भूपेंद्र यादव, प्रवीण शर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी यादराम जोया, जिला कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन मित्तल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप गुर्जर, जिला मीडिया सह प्रभारी वरुण चौहान, राजन चौहान एवं सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## हरियाणा सरकार का प्रयास, मंडियों में सुगम हो खरीद प्रक्रिया : ए.के. सिंह

**बिजेंद्र सिंह/गुड़गांव मेल**

पानीपत, 31 मार्च । हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह ने मंगलवार को पानीपत और इसराना अनाज मंडियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पानीपत और इसराना की आधुनिक मंडी में सरसों की खरीद प्रक्रिया, एजेंसियों की भागीदारी और अब तक हुई खरीद की विस्तृत जानकारी ली।



ए.के. सिंह ने मंडी में माप-तोल के कांटों की जांच की तथा साफ सफाई, शौचालयों की स्थिति और प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की सभी मंडियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाए, ताकि किसानों को पारदर्शी, तेज और सुविधाजनक खरीद व्यवस्था मिल सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा की जा रही सरसों की खरीद, निर्धारित लक्ष्यों और अब तक की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही आढ़तियों की भूमिका और उनके समन्वय को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पानीपत मंडी में सरसों की ढेरी को भी देखा वह खरीद के बारे में दिशा निर्देश दिए। ए.के. सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा मंडियों को आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुगम सेवाएं मिल रही हैं।

इस अवसर एसडीएम नवदीप नैन, तहसीलदार पानीपत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ प्रवीण गुलिया, डीएफएससी दिव्या, हैफेड मैनेजर कृपाल दास, मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, वाइस चेयरमैन बलवान शर्मा, इसराना मंडी चेयरमैन राजेश जागलान, वाइस चेयरमैन सोमवीर मलिक, सचिव पवन, आढ़ती विरेंदर जागलान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ने अंबाला में बन रहे अंतर्राष्ट्रीय-स्तरीय शहीद स्मारक के चल रहे कार्यों की समीक्षा की

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

अंबाला, 31 मार्च। हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग ने वर्तमान में पूर्ण हो चुके कार्यों की स्थिति की समीक्षा की और लंबित कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने समग्र कार्य योजना की समीक्षा के लिए बैठक भी की और आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक के बाद, उन्होंने शहीद स्मारक पर चल रहे कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्मारक के मुख्य द्वार के बाहर साफ-सफाई बनाए रखने और अन्य संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए ह॥द्ध विभाग के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए।



महानिदेशक श्री पांडुरंग ने कहा कि स्मारक से संबंधित सभी फिनिशिंग (अंतिम रूप देने वाले) कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं।


उन्होंने कहा कि उचित लेवल चेकिंग (स्तर की जांच) की जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बरसात के मौसम में पानी जमा न हो, और स्थल पर लगाए गए सभी

शेष पेज-7 पर...

## ईरानी राजदूत से मिले आफताब, खामेनेई की मौत पर जताया दुख

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

नई दिल्ली, 31 मार्च। मंगलवार को हरियाणा के नूंह से विधायक आफताब अहमद ने दिल्ली स्थित ईरान दूतावास में पहुंचकर ईरान के राजदूत डॉ० मोहम्मद फ़तहाली से मिलकर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर दुख जताया।



विधायक आफ़ताब अहमद ने अमेरिका इजराइल के हमलों में मारी गई 165 बर्चचियों के निधन पर गहरा दुःख जताया।


कांग्रेस नेता आफ़ताब अहमद ने अपने इलाके मेवात की तरफ से ईरान के लोगों के लिए संदेश लिखा। इस कुर्बानी को बर्बाद नहीं होने देना चाहिए। हम सबको इस कुर्बानी से सिखना चाहिए। इस कुर्बानी को याद रखकर और इसके साथ-साथ हमें कुछ सीखना भी यही हमने अपने शोक संदेश में लिखा।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि रजमान के बीच और 10वें रोजे पर भूखे-प्यासे एक रहनुमा की हत्या हुई। यह बात आने वाली नश्लें याद रखेंगी।ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत 28 फरवरी को एक बड़े संयुक्त हमले में हुई, जिसमें अमेरिका और इजरायल ने तेहरान पर हवाई हमले किए। 86 वर्षीय खामेनेई तेहरान स्थित अपने कंपाउंड में थे, जब इजरायली और अमेरिकी स्ट्राइक्स ने उनके दफ्तर और आसपास के इलाकों को निशाना बनाया।

ईरानी राज्य मीडिया ने 1 मार्च को उनकी मौत की आधिकारिक पुष्टि की, जिसमें उन्हें शहीद घोषित किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हमले के तुरंत बाद उनकी मौत की जानकारी दी। इस हमले में खामेनेई के परिवार के कुछ सदस्य भी मारे गए, जिससे ईरान में गहरा सदमा फैल गया। ईरान ने 40 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया और कई शहरों में स्मृति सभाएं आयोजित की गईं।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर थे और उन्होंने लगभग चार दशकों तक देश की सत्ता पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। उनकी मौत ने ईरान की राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ ला दिया, क्योंकि सुप्रीम लीडर का पद इस्लामी क्रांति के बाद से अत्यंत शक्तिशाली रहा है।

विधायक आफताब अहमद ने ईरान पर अमेरिका इजराइल के हमलों की जमकर मज़म्मत करते हुए कहा कि ईरान भारत का मित्र देश है और लोगों में ईरान के प्रति सहानुभूति है तो वहीं अमेरिका इजराइल के खिलाफ भारी रोष है। अमेरिका इजराइल को तुरंत सभी प्रकार के हमले बंद करने चाहिए ताकि विश्व में शांति स्थापित हो सके।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि ईरान द्वारा भारत को तेल गैस सप्लाई जारी रखना इस बात का सबूत है कि दोनों देश के बीच दशकों से रिश्ते मजबूत और अच्छे रहे हैं।



# जीवनशैली रोगों के प्रभावी समाधान में आयुर्वेद सबसे टिकाऊ विकल्प : नायब सिंह सैनी

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

नई दिल्ली, 31 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में आयोजित श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न तनाव, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली संबंधी रोगों के समाधान में आयुर्वेद एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है। आयुर्वेद में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन पर भी बल दिया जाता है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कॉलेज परिसर में निर्मित नए शैक्षणिक ब्लॉक का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा साइंटिफिक जनरल का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बीएएमएस छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी।

**आयुर्वेद को आधुनिक सुविधाओं और शोध से नई मजबूती दें रही सरकार**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आयुर्वेदिक कॉलेजों और अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, शोध को प्रोत्साहित करने और चिकित्सकों को बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जिससे यह कॉलेज भी संबद्ध है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्तर पर आयुष विंग स्थापित किए गए हैं, जहां योग विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 572 आयुष चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की गई है। अब तक 400 आयुष औषधालयों और 138 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में अपग्रेड किया जा चुका है तथा सभी जिलों में पंचकर्म केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा (नारनौल) का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि नूंह, अंबाला, हिसार और पंचकूला में भी आयुष क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण संस्थानों और अस्पतालों की स्थापना एवं निर्माण कार्य जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग का डंका बज रहा है और इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिनके प्रयासों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 6500 गांवों में योग एवं व्यायामशालाएं खोलने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अब तक 965 व्यायामशालाएं शुरू की जा चुकी हैं तथा 139 पर कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे आयुर्वेद का भविष्य हैं। उन पर न केवल इस प्राचीन विज्ञान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी है, बल्कि इसे आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने की भी जिम्मेदारी है। मेहनत, समर्पण और नवाचार के साथ वे आयुर्वेद को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण अत्रे, श्री धन्वंतरि एजुकेशन सोसायटी, चंडीगढ़ के चेयरमैन श्री कुलभूषण गोयल, श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के जनरल सेक्रेटरी श्री नरेश मित्तल, प्राध्यापकगण, विद्यार्थीगण तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## संस्कारित और चरित्रवान बेटियां समाज की बुनियाद : कै. मलिक



**नवीन मलिक/ गुडगांव मेल**

रोहतक, 31 मार्च। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चरित्र निर्माण, नशे की बुराईयों और सेना में करियर बनाने को लेकर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक ने कहा कि चरित्र नैतिक मूल्यों, सच्चाई, ईमानदारी, अनुशासन, त्याग, राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा, परोपकार और त्याग जैसे गुणों को जीवन में नियमित रूप से अपनाने से बनता है। नैतिक और सामाजिक सद्गुणों से भरपूर चरित्रवान इंसान हमेशा जीवन में बुलंदियों पर पहुंचते हैं। चरित्रवान व्यक्ति समाज और राष्ट्र की धरोहर होते हैं, जो दूसरों के लिए मार्गदर्शक लाइट हाउस की तरह काम करते हैं। उन्होंने माउंट एवरेस्ट विजेता अरुणिमा सिन्हा, वायु सेना में फाइटर पायलट शिवांगी सिंह, ऑपरेशन सिंदूर में सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमाडर व्योमिका सिंह के उदाहरण देकर बेटियों को बताया कि आज बेटियां सफलताओं का आसमान छू रही है। जीवन में मेहनत करें कभी पीछे मुडक़र ना देखें। उन्होंने कहा कि सेना राष्ट्र की एक बेहतरीन संस्था है जो युवाओं को शैक्षिक योग्यताएं बढ़ाने और राष्ट्र सेवा के साथ भविष्य उज्जवल बनाने के अवसर प्रदान करती है। सेना सेवा राष्ट्र सेवा का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने सभी छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

## मोदी सरकार ने दशक में हासिल की शतक की उपलब्धि : अनुराग सिंह ठाकुर

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

महेंद्रगढ़, 31 मार्च। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ष्ट॥), महेंद्रगढ़ में खेल सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए 10.5 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय मानक के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का उद्घाटन कर इसे खिलाड़ियों व विश्वविद्यालय के छात्रों को समर्पित किया। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय में विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान विषय पर छात्रों से संवाद कर उन्हें मोदी सरकार की उपलर्बधियाँ गिनाते हुए कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने 100 वर्ष की उपलर्बधियाँ हासिल करने का काम किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा यह हर्ष का विषय है कि आज मुझे हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के उद्घाटन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। 400 मीटर का अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला सिंथेटिक ट्रैक विश्वविद्यालय परिसर में खेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देगा और खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यह सुविधा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ-साथ क्षेत्र के उभरते एथलीटों के लिए भी अत्यंत लाभकारी होगी, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे। जब कोई युवा मैदान पर पसीना बहाता है, तब वह केवल अपनी फिटनेस नहीं बना रहा होता, बल्कि वह अपने भीतर एक मजबूत चरित्र और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी विकसित कर रहा होता है



श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा हमने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। 2047 में जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तो उस लक्ष्य तक पहुँचने की यह यात्रा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यही समय आपके जीवन का भी सबसे महत्वपूर्ण काल है। आज अगर देश के युवाओं में ऊर्जा भरपूर है तो तो हम उनके लिए अवसर भी ला रहे हैं और इस संकल्प की सिद्धि युवाओं के सहयोग के बिना संभव नहीं है। आज नए पीढ़ी की ऊर्जा और पुराने पीढ़ी का अनुभव विकसित भारत के हमारे यात्रा को गति दे रहा है। हमारा लक्ष्य है एक भारत श्रेष्ठ भारत, हमारा लक्ष्य है पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक भारत को विकास, विरासत और राष्ट्रवाद के एक डोर में बांधना

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आने वाले दशकों में, भारत अपनी युवा शक्ति के दम पर विश्व का नेतृत्व करेगा। आज का भारत एक युवा राष्ट्र है जहाँ 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। लेकिन इससे अधिक महत्वपूर्ण बात यह है की देश की लगभग 40 करोड़ युवा 15 से 19 वर्ष के बीच हैं। भारत दुनिया का वह एकमात्र देश है जिसके पास इतनी विशाल, सक्षम और ऊर्जावान त्वद्गठ्ठ है, जो सिर्फ भागीदार नहीं, बल्कि त्वह्म्श्र2ह्लद्ध श्वठ्ठद्दद्बठ्ठद्ग बनने के लिए तैयार है। हमारा लक्ष्य है भारत को पाँच वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करना। भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना भी विकसित भारत के हमारे सपने का हिस्सा है, एक वह भी समय था जब अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के पदक तालिका में हम कहीं नहीं होते थे या फिर एक दो पदकों के साथ आखरी पायदान पर कहीं खड़े होते हैं। आज विश्व में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन के चर्चे हो रहे हैं।

## पूर्व मंत्री ओ.पी.जिन्दली की पुण्यतिथि मनाई



**सुरेंद्र कुमार नारंग/गुड़गांव मेल**

हिसार, 31 मार्च। आज ओ.पी. जिंदल जी की 21वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। यह कार्यक्रम जिंदल इंडस्ट्रीज परिसर में स्थित समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सभी ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

अलग-अलग वर्गो से श्रद्धा सुमन अर्पित करने आए लोगों ने इस अवसर पर कहा कि बाऊजी केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि एक महान समाजसेवी और प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनकी सादगी, सेवा और समर्पण की भावना हमेशा याद किया जाएगा। उन्होनें न केवल उद्योग के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ स्थापित कीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए।

वक्ताओं ने कहा कि बाऊजी युवाओं के लिए एक आदर्श हैं। उनके जीवन से हमें मेहनत, लगन और समाज सेवा का संदेश मिलता है। समाज सेवा के क्षेत्र में बाऊजी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने जो उदाहरण स्थापित किया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा।

बाऊजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिखाया कि सच्ची सफलता वही है, जो समाज के हित में हो। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे और समाज की सेवा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व राज्यसभा सांसद रिटा0 जनरल डीपी वत्स, मेयर प्रवीण पोपली, मुन्ना तायल, कुलदीप भार्गव, एडवोकेट पी.के.संधीर, शकुंतला राजलीवाला, जगदीष जिन्दल, जगदीप भार्गव, पीसी मित्तल, कृष्ण गोरखपुरिया, पंकज महता, वेद रावल, डॉ चंद्रशेखर गिरधर,डी.एन.सैनी, पूर्व पार्षद टीनू जैन, पार्षद जगमोहन मितल, पार्षद संजय डालमीया, पार्षद भीम महाजन, पार्षद नवीन सेन, संजय गोयल, धर्मपाल सिवाच, संजीव रेवड़ी, विजय सिवाच, मनोज बंसल लजील, डॉ0 षिव सिंगल, स्नेहलता निंबल, मीनू अग्रवाल, गीना नागर, सुशील शर्मा, प्रवीन जैन, राधेष्याम अग्रवाल, वीरभान बंसल, प्रदीप कोहली, मोहन कौषिक, दयानंद बेरवाल, बबली देवेंदा, मनीराम गुर्जर, पप्पू सैनी, राधेष्याम सैनी बागड़ी, कपिल सैनी, कृष्ण सैनी, दिनेष बंसल डाबड़ा, बीर सिंह ख्यालिया, राजेष ड़ालड़ा, नितिन जिन्दल, विनय गुप्ता, निर्मला सेन, पवन सैनी, संजीव आहूजा, धीरज वर्मा, अनिल शर्मा, मुकेष भाटू, राहूल सिंगल, सरदार हैप्पी सिंह, कृष्ण गोयल बाबा, योगेन्द्र शर्मा, गुलषन सिंगला, आषु अग्रवाल, रीना सातरोड़िया, गीना नागर, राजबाला शर्मा, सुभाष गुर्जर, विपिन भारद्वाज, प्रवीन सिंगल, सनत बिन्दल, सुभाष डालमिया, अंकुष मित्तल, विरेन्द्र गुप्ता, महेन्द्र गर्ग, राजेष यादव, श्याम सुंदर, रमेष वत्स, डॉ0 चंद्रषेखर, यादविन्द्र सिंह, विकास बागड़ी, देवेन्द्र कौषिक, तिलक असीजा, एडवोकेट अधिराज गांधी, दिनेष जैन, ओपी मितल, सूरत सिंह जांगड़ा, सतबीर डाबला, सुनील बिष्नोई, कृष्ण बाल्मीकि, विनोद वर्मा, सहित शहर के गणमान्य लोग मौजुद रहे।

## पुलिस विभाग से दस अधिकारी हुए सेवानिवृत, विदाई समारोह का आयोजन



**नवीन मलिक/ गुडगांव मेल**

रोहतक, 31 मार्च। पुलिस विभाग से मंगलवार को दस अधिकारी सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए अधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया ने सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक शमशेर, हॉनरेरी निरीक्षक कुलदीप, जलजीत, शमशेर सिंह, सुभाष, समुन्द्र सिंह, प्रकाश चंद, महिला उपनिरीक्षक चांद कौर, उपनिरीक्षक विरेन्द्र सिंह व जयवीर के कार्यो की जमकर सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उप पुलिस अधीक्षक रवि खुडिंया ने कहा कि पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों मे से एक है। जवान के साथ साथ परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलर्बधि है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पुलिस विभाग में भी सहयोग देते रहे। इस अवसर पर पुलिस विभाग के आला अधिकारी व सेवानिवृत अधिकारियों के परिजन भी मौजूद रहे।

## हरियाणा व यूपी के लोगों की यमुना पुल के पास संगम घाट बनाने की मांग को लेकर महापंचायत 5 अप्रैल को : रतन सिंह रावल



**बिजेंद्र सिंह/गुड़गांव मेल**

पानीपत, 31 मार्च। यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट रतन सिंह रावल ने कहा कि हरियाणा-यूपी सीमा बॉर्डर स्थित यमुना पुल के पास गंगा का पानी लाकर संगम घाट बनवाने की मांग को लेकर 5 अप्रैल को हरियाणा व यूपी के लोगों की विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला पानीपत व यूपी के गणमान्य लोग हरियाणा व यूपी सरकारों से यमुना पुल के पास संगम घाट बनवाने की संयुक्त रूप से मांग करेंगे। दोनो ही प्रदेशों के श्रद्धालुओं द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। रतन सिंह रावल मंगलवार को लायर्स बिल्डिंग स्थित अपने चैंबर में मीडिया से बात कर रहे थे।

रतन सिंह रावल ने बताया कि महापंचायत के लिये लोगों को निमंत्रण देने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है और सभी टीमें पानीपत जिला के विशेषकर सनौली व बापौली ब्लाक के कई दर्जन गांव में जाकर ग्रामीणों को 5 अप्रैल की महापंचायत में यमुना पुल पर पहुंचने का न्यौता दे रही है। उन्होने कहा कि पानीपत जिला के श्रद्धालुओं की यह पुरानी मांग है और यदि यमुना पुल के पास संगम घाट बन जाये तो बहुत से श्रद्धालु हरिद्वार की बजाये यहा यमुना पुल पर पर ही संगम घाट में स्नान कर सकते है। इस मौके पर एसपी अरोडा एडवोकेट व रोशन छौक्कर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## सरकार की किसान विरोधी मंशा उजागर हुई : राव नरेंद्र सिंह

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

चण्डीगढ़, 31 मार्च। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने हरियाणा में गेहूं (और सरसों) की सरकारी खरीद प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार (नायब सैनी सरकार) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे तुगलकी फरमान करार दिया और कहा कि नए नियम किसानों को परेशान करने और स्नस्क्क (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर फसल खरीद से बचने की नायब साजिश हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नई नियमावली अनुसार ,किसान को अपनी फसल अपनी ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में लानी होगी। ट्रॉली पर रजिस्ट्रेशन नंबर साफ लिखा होना चाहिए।



मंडी गेट पर ट्रॉली और नंबर की फोटो ली जाएगी, जिसे सरकार के मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। उसके बाद ही गेट पास मिलेगा।

फसल मंडी लाने का समय सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक सीमित। उसके बाद गेट पास नहीं मिलेगा।

हर पंजीकृत किसान को खुद मंडी जाकर बायोमेट्रिक (अंगूठा) सत्यापन कराना होगा।

उठान (लिफ्टिंग) के लिए मार्केट कमेटी सचिव, खरीद एजेंसी अधिकारी और ट्रांसपोर्टर तीनों के अलग-अलग हस्ताक्षर जरूरी, ऐसे नियम किस के लिए भारी परेशानी पैदा कर रहे हैं।

ये नियम प्रक्रियागत बाधाएं पैदा करेंगे, जिससे मंडियों में लंबी कतारें लगेंगी, फसल पहुंचने में देरी होगी और उठान रुक जाएगा।

राव नरेंद्र सिंह ने आगे बताया कि कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई दिन-रात चलती है, फसल रात में भी मंडी पहुंचती है।

## यमुनानगर फायरिंग पर रणदीप सुरजेवाला का हमला, हरियाणा में कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

चंडीगढ़, 31 मार्च। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यमुनानगर में हुई फायरिंग की घटना को लेकर हरियाणा की कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और सरकार स्थिति को नियंत्रित करने में विफल साबित हो रही है।

जारी अपने बयान में सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है, जहां अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में शासन और कानून-व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

**यमुनानगर की घटना का जिक्र**

सुरजेवाला ने यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई फायरिंग का हवाला देते हुए कहा कि यह घटना राज्य में बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था का उदाहरण है। उनके अनुसार, देर रात करीब 10 बजे दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाश फैक्ट्री के बाहर पहुंचे और करीब 8 राउंड गोलियां चलाकर फरार हो गए।

उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि प्रदेश में आम नागरिक ही नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं।

**सरकार पर गंभीर आरोप**


कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि प्रदेश में धमकी, फिरौती, रंगदारी और गोलीबारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने कहा कि लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

## राव धर्मपाल हमेशा अपने हलके के लोगों के संपर्क में रहते थे तथा उनके सुख-दुख में शामिल होते थे

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

राव धर्मपाल का जन्म 2 अप्रैल 1942 में गांव सरहौल जिला गुड़गांव के एक जाने-माने स्वतंत्रता सेनानी स्व. महाराम यादव के घर में जन्म हुआ था। स्वर्गीय महाराम सुभाष चंद्र की आजाद हिंद फौज के सदस्य थे। राव धर्मपाल का विवाह श्रीमती विद्या देवी (धर्म निष्ठा महिला) के साथ हुआ था। उनके परिवार में दो पुत्र श्री वीरेंद्र व सुरेंद्र तथा दो पुत्री श्रीमती सरिता व गीता है। राव धर्मपाल ने पंजाब विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन करने के उपरांत ऑटोमोबाइल में डिप्लोमा कइिन परिस्थितियों में रहकर किया। किसान परिवार में जन्म होने के कारण शुरू के कुछ वर्षों में खेती बाड़ी की तथा अपना व्यवसाय शुरू कर एक सफल व्यवसायी बनकर उभरे। कॉलेज के समय से ही गरीब व दलित लोगों के प्रति सेवा भाव दिल में जन्म ले चुका था। यही सेवा भाव उन्हें राजनीतिक लोगों के सम्पर्क में ले आया। आम लोगों की सेवा करते-करते वह और अधिक मजबूत होते चले गए तथा उसके बाद पीछे मुडकर नहीं देखा।

राव धर्मपाल की ईमादार, सेवा भाव व लगन देखकर लोग उनसे जुडते गए। वर्ष 1987 में जब पार्टी का टिकट नहीं मिला तो आस पास के गांव के मौजीज व्यक्ति, सरपंच, नम्बरदार राव धर्मपाल के निवास स्थान पर इक्ठ्ठा हो गए और सभी ने मिलकर राव साहब को समर्थन देते हुए कहा कि आप के टिकट तो हम लोग है। आप आगे बढो हम सब आपके साथ है। इतना अधिक समर्थन पाकर राव साहब ने सोहना विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के तौर पर लडने का फैसला लिया। वर्ष 1987 में सोहना विधानसभा क्षेत्र से प्रथम बार विधायक चुने गए। वर्ष 1987 में लोकदल की एकतरफा हवा होने के बावजूद चुनाव जीतने पर विभिन्न राजनीतिक दलों के आकाओं ने डोरे डालने शुरू कर दिए। उनके पश्चात श्री राजीव गांधी पूर्व प्रधानमंत्री उनके निवास स्थान पर मिलने के लिए आए तथा आशीर्वाद दिया कि आप आज से अपने आप को कांग्रेस पार्टी का विधायक समझें।



विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने पर कांग्रेस पार्टी ज्वाईन की तथा वर्ष 1991 में कांग्रेस पार्टी से सोहना विधानसीाा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। राव साहब को भारी मतों से जीत मिली तथा भजनलाल की सरकार से वर्ष 1991-96 तक मंत्री पद पर सुशोभित रहे। उसके पश्चात वर्ष 2000 में पुन: सोहना विधानसभा से विधायक बने। पार्टी के संगठन में वरिष्ठ उप प्रधान बनकर पार्टी में कार्य किया। पार्टी के कार्य से प्रभावित होकर पार्टी द्वारा उन्हें (ओ.बी.सी.) सेल का चेयरमैन नियुक्त किया गया। डीलिमिटेशन के बाद वर्ष 2000 में बादशाहपुर विधानसभा का गठन हुआ। एक बार फिर वर्ष 2000 में बादशाहपुर विधानसीाा से भारी मतों से जीत हालिस की। अपने राजनीतिक जीवन में कई विधानसभा कमेटी के चेयरमैन व सदस्य रहे।

राव धर्मपाल जी हमेशा अपने हलके के लोगों के संपर्क में रहते थे तथा उनके सुख-दुख में शामिल होते थे। राव धर्मपाल सभ्यता व सादगी के साथ रहते थे। राव धर्मपाल जी सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुडे रहते थे। धार्मिक प्रवृति के कारण धार्मिक व सामाजिक संगठनों में दान चंदा हमेश देते रहते थे। गुडगांव जिले की शायद ही कोई गौशाला व संस्था बची हो जहां दान ना किया हो। राव धर्मपाल के प्रयासों से ही यादव महासभा तथा आरडब्ल्यूए सैक्टर-46 को मंदिर के लिए तथा अन्य कई संस्थाओं के लिए सरकार द्वारा जमीन अलॉटमेंट कराई गई।

उनके पद चिन्हों पर चलते हुए परिवार के सदस्य द्वारा गौशाला में भवन का निर्माण कराया गया है। राव धर्मपाल जी एक योगी व निष्ठावान व्यक्ति थे। 26 अप्रैल 2021 को 79 वर्ष की आयु में उनका देहांत हो गया। राव धर्मपाल जी अब हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके सिद्धांत व उनके द्वारा कराए गए कार्य हमेशा उनकी याद दिलाते रहेंगे तथा हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत रहेंगे।

## हरियाणा में बढ़ता प्रदूषण और घटती हरियाली, जवाबदेही की जरूरत : सैलजा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

चंडीगढ़, 31 मार्च। सिरसा से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लगातार बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और घटती हरियाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर बड़े-बड़े दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में वन क्षेत्र में कमी आई है और करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद लगाए गए पौधों का बड़ा हिस्सा जीवित नहीं रह पाया। यह स्थिति दर्शाती है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां हैं और निगरानी व्यवस्था भी कमजोर है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कई जिलों में हरियाली की स्थिति चिंताजनक है, जहां लगाए गए पौधों का बहुत कम प्रतिशत ही जीवित है। इससे साफ है कि पर्यावरण संरक्षण केवल कागजों और बयानबाजी तक सीमित रह गया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस विभाग पर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी है, वहीं पर अनियमितताओं और घोटालों की खबरें सामने आ रही हैं।

*THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.*
*THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA*

(Scan this code to view Prospectus)

# TIPCO ENGINEERING INDIA LIMITED

**Corporate Identity Number (CIN):** U29309HR2021PLC098103

Our Company was incorporated on September 30, 2021 as "Tipco Engineering India Private Limited", a private limited company under the Companies Act, 2013 pursuant to a certificate of incorporation dated September 30, 2021 issued by Deputy Registrar of Companies/Registrar of Companies, Central Processing Centre. Further, our Company was converted into a public limited company pursuant to a resolution passed by the Board of Directors in their meeting held on July 15, 2025 and by our Shareholders at an Extra-Ordinary General Meeting held on July 16, 2025 at shorter notice and consequently the name of our Company was changed to 'TIPCO Engineering India Limited' and a fresh certificate of incorporation dated September 03, 2025 was issued by Assistant Registrar of Companies/Deputy Registrar of Companies/ Registrar of Companies, Central Processing Centre. The corporate identification number of our Company is U29309HR2021PLC098103. For further details on Incorporation and Registered Office of our Company, see *"History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 187 of the Prospectus.

**Registered Office:** P.No. 1658, Phase I, Sector 38, Industrial Estate Rai Distt., Sonepat, P.S.Rai, Sonipat, Haryana, India, 131029;

**Telephone:** +91 9996635489 | **Email:** investors@tipcoengineering.com | **Website:** https://tipcoengineering.com/;

**Contact Person:** Ms. Kirti Jain, Company Secretary and Compliance Officer

## THE PROMOTERS OF OUR COMPANY ARE MR. RITESH SHARMA AND MS. SONIA SHARMA

**"THE OFFER WAS MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF BSE (BSE SME)."**

## BASIS OF ALLOTMENT

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 68,03,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF TIPCO ENGINEERING INDIA LIMITED ("OUR COMPANY" OR "TIPCO" OR "THE ISSUER") AT AN OFFER PRICE OF ₹ 89 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO ₹6,054.85 LAKHS COMPRISING OF FRESH OFFER OF 54,48,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 4,848.72 LAKHS ("FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF 13,55,200 EQUITY SHARES BY MR. RITESH SHARMA("SELLING SHAREHOLDER") AGGREGATING TO ₹1,206.12 LAKHS ("OFFER FOR SALE") ("PUBLIC OFFER"). THE OFFER INCLUDED A RESERVATION OF 10,20,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF ₹ 89 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ 908.51 LAKHS WAS RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE OFFER (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC OFFER LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. NET OFFER OF 57,82,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF ₹ 89 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING TO ₹ 5,146.34 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE PUBLIC OFFER AND NET OFFER CONSTITUTED 32.76% AND 27.84% RESPECTIVELY OF THE POST- OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**OFFER PRICE: ₹ 89.00 PER EQUITY SHARE OF FACE VALUE ₹ 10/- EACH**
**ANCHOR INVESTOR OFFER PRICE: ₹ 89.00 PER EQUITY SHARE**
**THE OFFER PRICE IS 8.9 TIMES OF THE FACE VALUE**

### RISKS TO INVESTORS

1. **Risk to Investors: Top 5 Risk factors:**

a) We depend on top 10 customers for a significant portion of our revenues from operations which contributed 75.80%, 78.83%, 76.94% and 60.97% of our revenue from operations, respectively in a period ended December 31, 2025 and in the fiscal year 2025, 2024 and 2023, Also, our Company in the usual course of Business does not have any long-term contracts with its customers and we rely on purchase orders for delivery of our products and our customers may cancel or modify their orders, change quantities, delay or change their sourcing strategy. Loss of one or more of our top Customers or a reduction in their demand for our products or reduction in revenue derived from them may adversely affect our Business, Results of Operations and Financial Condition.

b) Our business operations rely significantly on the continuous and timely supply of raw materials from top one supplier, top 5 and top 10 suppliers, Also, we do not have continuing and exclusive supply agreement with them. Our purchases of stock-in-trade from top 10 suppliers are 71.61%, 59.93%, 56.66% and 67.83% in period ended December 31, 2025 and in fiscal years 2025, 2024 and 2023 respectively, accordingly, this exposes us to a concentration of purchases from top 10 suppliers and also, any interruptions or discontinuation of same will adversely impact our overall performance and profitability.

c) In case of our inability to obtain, renew or maintain the statutory and regulatory licenses, permits and approvals required to operate our business it may have a material adverse effect on our business.

d) One of the proprietorship concern M/s. Tipco Engineering Works of one of our promoter group members, Late Kailash Chander, had been issued with a publication notice u/s. 13(2) of the SARFAESI Act, 2002, by the RBL Bank on June 23, 2021 for the reason of classification of its loan account into NPA.

e) There are certain discrepancies and non-compliances noticed in some of our financial reporting and/or records relating to filing of returns and deposit of statutory dues with the taxation and other statutory authorities which may affect our revenue from operations.

2. Our Equity Shares have never been publicly traded and may experience price and volume fluctuations following the completion of the Offer. Further, our Equity Shares may not result in an active or liquid market, and the price of our Equity Shares may be volatile, and you may be unable to resell your Equity Shares at or above the Offer Price or at all.

3. The Merchant Banker associated with the Offer has handled following public issues in the past three years which have closed below the Offer Price on Listing date:

| Name of Lead Manager | Total Issues | Issues that closed below IPO price as on listing date |
|---|---|---|
| Smart Horizon Capital Advisors Private Limited | 22 | 5 |
| **Total** | **22** | **5** |

4. The average cost of acquisition of Equity Shares by our Promoters and the Selling shareholder is as follows:

| Sr. No. | Name | No of Equity Shares held | Average cost of Acquisition (in ₹)* |
|---|---|---|---|
| **Promoters** | | | |
| 1 | Ritesh Sharma (Selling Shareholder) | 94,37,190 | NIL |
| 2 | Sonia Sharma | 34,73,190 | 2.16 |

** As certified by M/s. Vinay I Aggarwal & Associates, Chartered Accountants, Statutory Auditor of our Company, by way of their certificate dated March 26, 2026.*

5. Weighted average cost of acquisition:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in ₹) | Lower End of the Price Band (₹ 84/-) is 'X' times the WACA | Upper End of the Price Band (₹ 89/-) is 'X' times the WACA |
|---|---|---|---|
| Weighted average cost of acquisition for the last five primary transactions not older than three years prior to the date of the Prospectus irrespective of the size of transactions. | 37,349.00 | Negligible | Negligible |
| Weighted average cost of acquisition for the last five secondary transactions (secondary transactions where promoters, promoter group or shareholder(s) having the right to nominate director(s) on our Board, are a party to the transaction), not older than three years prior to the date of the Prospectus irrespective of the size of transactions. | Nil | Nil | Nil |

**BID/OFFER PROGRAM**
**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: FRIDAY, MARCH 20, 2026**
**BID/OFFER OPENED ON: MONDAY, MARCH 23, 2026**
**BID/OFFER CLOSED ON: WEDNESDAY, MARCH 25, 2026**

This offer was made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended (the "SCRR") read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations and in compliance with Regulation 253 (1) and 253 (2) of the SEBI ICDR Regulations read with SEBI ICDR (Amendment) Regulations, 2025, wherein not more than 50.00% of the Net Offer was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (the "QIB Portion"), provided that our Company and the selling shareholder in consultation with the BRLM allocated up to 60.00% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis ("Anchor Investor Portion"). With effect from December 01, 2025, pursuant to the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) (Third Amendment) Regulations, 2025, of which, up to 40% of the Anchor Investor Portion was reserved in the following manner, (i) 33.33% was available for allocation to domestic Mutual Funds and (ii) 6.67% was available for allocation to life insurance companies and pension funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds, life insurance companies, and pension funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription under (ii) above, the allocation was made to domestic Mutual Funds. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares were added to the remaining QIB Portion (other than the Anchor Investor Portion) ("Net QIB Portion")Further, 5.00% of the Net QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion was available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, other than Anchor Investors, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5.00% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares was available for allocation in the Mutual Fund Portion was added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, the SEBI ICDR Regulations, as amended, stated that not less than 35% of the Net Offer was to be available for allocation to Individual Investors who applied for minimum application size. Not less than 15% of the Net Offer was to be made available for allocation to Non-Institutional Investors of which one-third of the Non-Institutional Portion was available for allocation to Bidders with an application size of more than two lots and up to such lots as equivalent to not more than ₹ 10.00 Lakhs and two-thirds of the Non-Institutional Portion was available for allocation to Bidders with an application size of more than ₹ 10.00 Lakhs and under-subscription in either of these two sub-categories of Non-Institutional Portion to be allocated to Bidders in the other sub-category of Non-Institutional Portion. Subject to the availability of shares in non-institutional investors' category, the allotment to each Non-Institutional Investors was not less than the minimum application size in Non-Institutional Category and the remaining available Equity Shares, if any, to be allocated on a proportionate basis in accordance with the conditions specified in this regard in Schedule XIII of the SEBI (ICDR) (Amendment) Regulations, 2025. All Bidders, other than Anchor Investors, were required to participate in the Offer by mandatorily utilizing the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process by providing details of their respective ASBA Account (as defined hereinafter) in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self-Certified Syndicate Banks ("SCSBs") or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors were not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. For details, please refer to the chapter titled *"Offer Procedure"* on page 324 of the Prospectus.

The bidding for Anchor investors opened and closed on Friday, March 20, 2026. The Company received 04 Anchor Investor Application Forms from 04 Anchor Investors (including Nil Mutual Funds through Nil Mutual Fund schemes) for 18,01,600 Equity Shares. Such 04 Anchor Investors through 04 Anchor Investor Application Forms were allocated 17,20,000 Equity Shares at a price of ₹ 89/- per Equity Share under the Anchor Investor Portion, aggregating to ₹ 15,30,80,000.00/-.

The offer (excluding Anchor Investor Portion) received 473 applications for 79,34,400 Equity Shares (including market maker reservation portion and excluding anchor investor portion) as per the Application data after considering invalid bids, Other than RC10 Transaction declined by Investors, RC10 Mandate not accepted by Investors and Withdrawal / Cancelled Bids reported by SCSB and before technical rejections resulting in 1.56 times subscription. The Details of the Applications received from various categories (before technical rejection) are as under:

**Detail of the Applications Received:**

| Sr. No. | Category | Number of Applications | Number of Equity Shares Applied | Equity Shares Reserved as Per Prospectus | No. of times Subscribed (Times) | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Individual Investor | 423 | 13,53,600 | 20,32,000 | 0.66 | 12,03,39,200.00 |
| 2 | Non-institutional Investors (More than ₹ 0.2 million and up to ₹1 million) | 41 | 2,16,000 | 2,91,200 | 0.74 | 1,92,24,000.00 |
| 3 | Non-institutional Investors (above ₹1 million) | 7 | 38,86,400 | 5,82,400 | 6.67 | 34,58,89,600.00 |
| 4 | Qualified Institutional Bidders (excluding Anchor Investors) | 1 | 14,57,600 | 11,56,800 | 1.26 | 12,97,26,400.00 |
| 5 | Market Maker | 1 | 10,20,800 | 10,20,800 | 1.00 | 9,08,51,200.00 |
| | **Total** | **473** | **79,34,400** | **68,03,200** | **1.56** | **70,60,30,400.00** |

**Final Demand**

A summary of the final demand as per BSE as on the Bid/Offer Closing Date at different Bid Prices is as under:

| Sr. No. | Bid Price | No. of Equity Shares | % to Total | Cumulative Share Total | Cumulative % of Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 84 | 54,400 | 0.48 | 54,400 | 0.48 |
| 2 | 85 | 22,400 | 0.20 | 76,800 | 0.67 |
| 3 | 86 | 22,400 | 0.20 | 99,200 | 0.87 |
| 4 | 87 | 3,200 | 0.03 | 1,02,400 | 0.90 |
| 5 | 88 | 12,800 | 0.11 | 1,15,200 | 1.01 |
| 6 | 89 | 1,12,65,600 | 98.99 | 1,13,80,800 | 100.00 |
| | **Total** | **1,13,80,800** | **100.00** | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange – BSE on March 27, 2026.

1) **Allocation to individual investors who applies for minimum application size (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to individual investors who applies for minimum application size, who have bid at cut-off Price or at or above the Offer Price of ₹ 89.00 per equity shares, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by 0.65 times i.e., for 13,18,400 Equity Shares. Total number of shares allotted in this category is 13,18,400 Equity Shares to 412 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Sr. No. | No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in this category | % of total | Proportionate Shares available | No. of Equity Shares allocated/allotted per Applicant | Ratio of allottees to applicants | Number of successful applicants (after rounding) | Total No. of shares allocate allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3,200 | 412 | 100.00 | 13,18,400 | 100.00 | 20,32,000 | 3,200 | 1:1 | 412 | 13,18,400 |
| | **Total** | **412** | **100.00** | | **100.00** | **20,32,000** | | | **412** | **13,18,400** |

***Note:Spill over from under subscription of Non-Institutional Investor Category upto ₹ 10 lacs of 75,200 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above ₹ 10 lacs and spill over from under subscription of Individual Investor Category of 7,13,600 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above Rs. 10 lacs and QIB category.***

2) **Allocation to Non-Institutional Investors NII 1 Category (More than 2 lots & up to ₹ 10,00,000/-) (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to Other than Individual Investors to Non-Institutional Investors NII 1 Category, who have bid at Offer Price of ₹89.00 per equity shares or above, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by 0.74 times i.e., for 2,16,000 shares. The total number of shares allotted in this category is 2,16,000 Equity Shares to 41 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Sr. No. | No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in each category | % of total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/alloted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4,800 | 35 | 85.37 | 1,68,000 | 77.78 | 4,800 | 1:1 | 1,68,000 |
| 2 | 6,400 | 3 | 7.32 | 19,200 | 8.89 | 6,400 | 1:1 | 19,200 |
| 3 | 8,000 | 1 | 2.44 | 8,000 | 3.70 | 8,000 | 1:1 | 8,000 |
| 4 | 9,600 | 1 | 2.44 | 9,600 | 4.44 | 9,600 | 1:1 | 9,600 |
| 5 | 11,200 | 1 | 2.44 | 11,200 | 5.19 | 11,200 | 1:1 | 11,200 |
| | **Total** | **41** | **100.00** | **2,16,000** | **100.00** | | | **2,16,000** |

***Note: Spill over from under subscription of Non-Institutional Investor Category upto ₹10 lacs of 75,200 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above ₹10 lacs and spill over from under subscription of Individual Investor Category of 7,13,600 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above₹10 lacs and QIB category.***

3) **Allocation to Non-Institutional Investors NII 2 Category (More than ₹1,000,000/-) (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to Other than Individual Investors to Non-Institutional Investors NII 2 Category, who have bid at Offer Price of ₹89.00 per equity shares or above, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by 6.67 times i.e., for 38,86,400 shares. The total number of shares allotted in this category is 10,70,400 Equity Shares to 7 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Sr. No. | No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in each category | % of total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/alloted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12,800 | 4 | 57.14 | 51,200 | 1.32 | 6,400 | 1 : 1 | 25,600 |
| 2 | 14,400 | 1 | 14.29 | 14,400 | 0.37 | 8,000 | 1 : 1 | 8,000 |
| 3 | 15,72,800 | 1 | 14.29 | 15,72,800 | 40.47 | 4,27,200 | 1 : 1 | 4,27,200 |
| 4 | 22,48,000 | 1 | 14.29 | 22,48,000 | 57.84 | 6,08,000 | 1 : 1 | 6,08,000 |
| | 1,600 | - | - | - | - | 1,600 | 1 : 7 | 1,600 |
| | **TOTAL** | **7** | **100.00** | **38,86,400** | **100.00** | | | **10,70,400** |

*Please Note: : 1 (One) lot of 1,600 shares have been allocated to Categories 1,600 in the ratio of 1:7.*

***Note: Spill over from under subscription of Non-Institutional Investor Category upto ₹10 lacs of 75,200 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above ₹10 lacs and spill over from under subscription of Individual Investor Category of 7,13,600 shares has been re-allocated to Non-Institutional Investor category above ₹10 lacs and QIB category.***

4) **Allocation to QIBs excluding Anchor Investors (After Technical Rejections):** Allotment to QIBs, who have bid at the Offer Price of ₹89.00 per Equity Share or above, has been done on a proportionate basis in consultation with BSE. This category has been subscribed to the extent of 1.26 times of Net QIB portion. As per the SEBI Regulations, Mutual Funds were allotted 5% of the Equity Shares of Net QIB portion available i.e. Nil Equity Shares and other QIBs and unsatisfied demand of Mutual Funds were allotted the remaining available Equity Shares i.e. 14,57,600 Equity Shares on a proportionate basis. The total number of Equity Shares allotted in the QIB category is 14,57,600 Equity Shares, which were allotted to 1 successful Applicant.

| Category | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FII/FPI | VCF | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| QIB | - | - | - | 14,57,600 | - | - | - | 14,57,600 |

5) **Allocation to Anchor Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Company in consultation with the BRLM has allotted 17,20,000 Equity Shares to 4 Anchor Investors at Anchor Investor Offer Price of ₹ 89.00 per equity shares in accordance with the SEBI ICDR Regulations. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Category | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI/FPC | Others | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Anchor | - | - | - | 10,44,800 | 3,37,600 | 3,37,600 | - | 17,20,000 |

6) **Allocation to Market Maker (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to Market Maker, who have bid at Offer Price of ₹ 89/- per equity shares or above, was finalized in consultation with BSE. The category was subscribed by 1.00 time i.e., for 10,20,800 shares the total number of shares allotted in this category is 10,20,800 Equity Shares. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

| Sr. No. | No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of applications received | % to total | Total No. of Equity Shares applied in this category | % of total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio of allottees to applicants | | Total No. of shares allocated/ alloted | Surplus/ Deficit |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10,20,800 | 1 | 100.00 | 10,20,800 | 100.00 | 10,20,800 | 1 | 1 | 10,20,800 | 0 |
| | **TOTAL** | **1** | **100.00** | **10,20,800** | **100.00** | | | | **10,20,800** | **0** |

The Board of Directors of the Company at its meeting held on March 27, 2026 has approved the Basis of Allocation of Equity Shares as approved by the Designated Stock Exchange viz. BSE and has authorized the corporate action for offer of the Equity Shares to various successful applicants. The CAN-cum-allotment advices and/or notices will forward to the email id's and address of the Applicants as registered with the depositories / as filled in the application form on or before March 30, 2026. Further, the instructions to Self-Certified Syndicate Banks for unblocking the amount will process on or prior to March 30, 2026. In case the same is not received within ten days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the BSE SME within three working days from the date of the closure of the issue.

**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated March 27, 2026 ("Prospectus") filed with Registrar of Companies, Haryana.

### INVESTORS, PLEASE NOTE

The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the offer, **Maashitla Securities Private Limited** at www.maashitla.com. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the offer quoting full name of the First/ Sole applicants, serial number of the Bid cum Application Form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

Maashitla™ Creating Successful People

**MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**
451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034, India.
**Tel:** 011-47581432 | **E-mail:** investor.ipo@maashitla.com
**Investors Grievance e-mail:** investor.ipo@maashitla.com | **Website:** www.maashitla.com
**Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal | **SEBI Registration No.:** INR000004370

**For Tipco Engineering India Limited**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Ritesh Sharma**
**Chairman & Managing Directorr**
**DIN:** 08358943

**Date:** March 30, 2026
**Place:** Sonepat, Haryana

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF TIPCO ENGINEERING INDIA LIMITED.**

**Tipco Engineering India Limited** is proposing, subject to market conditions, public offer of its equity shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Haryana. The Prospectus is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Book Running Lead Manager at www.shcapl.com website of the BSE at www.bseindia.com and website of Issuer Company at https://tipcoengineering.com/. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details, investors shall refer to and rely on the Prospectus including the section titled *"Risk Factors"* beginning on page 34 of the Prospectus, which has been filed with ROC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and may not be Issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulation S under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

AdBaaz

## एटीएम मशीन काटकर करोड़ों की चोरी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार



शब्बीर/ गुड़गांव मेल

तावडू, 31 मार्च- शहर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एटीएम मशीन काटकर चोरी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से विभिन्न जिलों में एटीएम चोरी की वारदातों में शामिल रहा है और कई मामलों में फरार चल रहा था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आशिक पुत्र नन्हेखान निवासी गांव गोगजाका, तावडू, जो कि रोहतक अर्बन थाना में दर्ज वर्ष 2018 के एक मामले में घोषित अपराधी है, क्षेत्र में मौजूद है। इस सूचना के आधार पर एस आई राहुल खान थाना सिटी तावडू ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने वर्ष 2018 में रोहतक में एसबीआई बैंक एटीएम मशीन काटकर करीब 40 लाख रुपये की चोरी की थी। इसके अलावा झज्जर में भी वर्ष 2018 में एटीएम काटकर लगभग 23 लाख रुपये और रेवाड़ी के ब्रास मार्केट, थाना मॉडल टाउन क्षेत्र में एटीएम मशीन काटकर करीब 32 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।आरोपी के खिलाफ दिल्ली में भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना उत्तम नगर म और थाना छावला में आर्म्स एक्ट के तहत केस शामिल हैं। कुल मिलाकर आरोपी पर लूट और चोरी के करीब 6 मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए रोहतक पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस दावा है कि इस गिरफ्तारी से एटीएम चोरी की कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

## वार्ड नंबर 11 स्थित गढ़ गेट के पास पानी की लाइन में हुई लीकेज, दो सप्ताह से व्यर्थ बह रहा पानी

पुष्पेंद्र शर्मा / गुड़गांव मेल

फिरोजपुर झिरका , 31 मार्च- शहर के वार्ड नंबर 11स्थित गढ़ गेट के पास पानी की लीकेज के चलते वार्ड वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों और राहगीरों को वाहनों को लाने ले जाने में भी परेशानी हो रही है। पिछले करीब दो सप्ताह से यह समस्या बनी हुई है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है और सड़क पर गंदा पानी जमा हो गया है।

स्थानीय निवासी मनोज जैन, गजेश, नीरज पाहूजा, सुनील बंसल, सुरेंद्र जैन और मोहित गोयल ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कुछ समय पहले पाइपलाइन की मरम्मत के लिए खुदाई की गई थी, लेकिन काम पूरा होने के बाद गड्ढे को सही तरीके से नहीं भरा गया। इसी दौरान एक पानी से भरा टैंकर गड्ढे में धंस गया, जिससे पाइपलाइन में



लीकेज हो गई।

लीकेज के कारण न केवल पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि गंदा पानी पाइपलाइन में जाने का भी खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। राहगीरों को भी इस रास्ते से गुजरते समय विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वार्ड पार्षद महेंद्र कौशिक, पूर्व मार्केट कमेटी अध्यक्ष सुनील जैन ने भी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए

■ शहर के वार्ड नंबर 11स्थित गढ़ गेट के पास पानी की लीकेज के चलते वार्ड वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य लापरवाही से किया गया है। जल्द ही शहर का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा से मिलकर रहने वाली परियोजना की डाली जा रही लाइनों में हो रही भारी लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर विभाग की एक शिकायत सौंपेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन मजबूती पर जोर, 14 अप्रैल के कार्यक्रम को भव्य बनाने की रणनीति तैयार



शौक़ीन कोटला/ गुड़गांव मेल

नूंह, 31 मार्च- बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के जोन नंबर-2 की प्रदेश स्तरीय बैठक जाजोरिया निवास, सोहना (जिला गुड़गांव) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह जाजोरिया ने की। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. जाजोरिया ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को परम पूज्य डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती एवं बहुजन समाज पार्टी के स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सामुदायिक केंद्र, गांव फिरोजपुर राजपूत, तहसील हथीन, जिला पलवल (हरियाणा) में आयोजित होगा। इस अवसर पर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से एडवोकेट नेतराम (लोकसभा जोन प्रभारी गुड़गांव), सिंह कश्यप (सोनीपत), पवन ठाकुर (महेंद्रगढ़-भिवानी), रतिराम (फरीदाबाद), हेमचंद मेहरा, सतीश चौधरी (प्रदेश सचिव), विनय भंते (प्रदेश सचिव एवं ऑफिस सेक्रेटरी), विजय खटाना (प्रदेश सचिव), लक्ष्मी लिसाना (प्रदेश सचिव) तथा पूनम निगाना (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया तथा 14 अप्रैल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने का भरोसा दिलाया। बैठक में यह भी विश्वास व्यक्त किया गया कि पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करेंगे और भविष्य में प्रदेश में सरकार बनाने के लक्ष्य को हासिल करेंगे। साथ ही आदरणीय कुमारी मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन की पहल : निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



ब्यूरो / गुडगांव मेल

चरखी दादरी, 31 मार्चः हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल के तहत गांव मंदोली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसोला ने कहा कि समाज सेवा ही सच्ची मानवता है और प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में इंदिरा गांधी अस्पताल, गुड़गांव की विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुल 466 लोगों की आंखों की जांच की। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं और 212 लोगों को मुफ्त चश्मे दिए गए। इसके अलावा 50 से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर लीलू फौजी, सतपाल मोड़ी, सुनील नंबरदार, सूरजभान मंदोली, सतीश प्रिंसिपलबाली सरपंच इत्यादि उपस्थित रहे।

## मंडियों के बजाय मिलों में सरसों की सीधी खरीद करने का आरोप, आढ़तियों ने रोष स्वरूप की बैठक

ब्यूरो / गुडगांव मेल

चरखी दादरी, 31 मार्च : सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने के चार दिन बाद भी दादरी की नई अनाज मंडी में सरसों की खरीद शुरू नहीं हो सकी। वहीं अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मोहन मकड़ानियों की अगुवाई में आढ़तियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर बैठक की। बैठक में आढ़तियों ने मिलों में सरसों की सीधी खरीद होने का आरोप लगाया और रोष जताया। धरने दे रहे प्रधान मोहन मकड़ानिया, विनोद गर्ग, दिनेश सनवाल इत्यादि ने बताया कि मार्केट कमेटी की अनदेखी के कारण 90 प्रतिशत तक फसल सीधी मिलों में बेची जा रही है। जिससे मंडी में कारोबार न के बराबर रह गया है। बैठक में पहुंचे मार्केट कमेटी सचिव विजय कुमार ने कहा कि मिलों में सीधी खरीद पर निगरानी रखने के लिए दो मंडी सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। टीमों के द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है लेकिन अभी तक सीधी खरीद का कोई मामला सामने नहीं आया है। प्रधान मोहन मकड़ानियां ने कहा कि सरसों खरीद की व्यवस्था को लेकर बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 10 दिनों से सरसों की आवक हो रही है लेकिन मंडी से बाहर सरसों की अवैध रूप से खरीद हो रही है। अब एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि आगामी 11 अप्रैल को दादरी आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस बारे में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## मेयर ने जगाधरी नगर निगम कार्यालय का किया निरीक्षण



डा. अरविंद शर्मा / गुडगांव मेल

यमुना नगर, 31 मार्च। नगर निगम के वार्ड एक से सात तक के पार्षदों के बैठने की व्यवस्था जगाधरी नगर निगम कार्यालय में होगी। यह जानकारी नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने दी। मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद भानू प्रताप, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों के साथ जगाधरी नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में पार्षदों के बैठने के लिए जगह चयनित की और अधिकारियों को जल्द से जल्द वहां पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कार्यालय की सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों और आम नागरिकों के बैठने की सुविधा को गंभीरता से परखा। उन्होंने निगम कार्यालय की टैक्स ब्रांच, सफाई शाखा, नागरिक सुविधा केंद्र, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा तथा विवाह पंजीकरण शाखा समेत विभिन्न विभागों का दौरा कर वहां की कार्यप्रणाली और सुविधाओं की स्थिति देखी।

## अड़बर में होने वाले तबलीग़ी जलसे की तैयारियां मुकम्मल



ब्यूरो / गुडगांव मेल

नूंह, 31 मार्च। जिले के गांव अड़बर में आगामी 4 से 6 अप्रैल तक होने वाले तीन दिवसीय तबलीगी जलसे की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ज़ाकिर हुसैन ने मंगलवार को जलसा स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जलसा स्थल का निरीक्षण करते हुए ज़ाकिर हुसैन ने बिजली, पेयजल, नहर की सफाई और गांव अड़बर से जलसे स्थल तक जाने वाले मार्गों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस दौरान उन्होंने कहा कि तबलीगी जलसे के प्रबंधों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जिला प्रशासन भी आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि इस तीन दिवसीय जलसे में दुनिया भर की तबलीगी जमात के अमीर हजरत मौलाना साद साहब की शिरकत होगी। आयोजन में करीब 5 से 6 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसके मद्देनज़र व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि यह जलसा 4, 5 और 6 अप्रैल को नूंह जिले के अड़बर व जोगीपुर गांव में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

## 36 साल की सेवा का सम्मान, हेडमास्टर दीपचंद को मिली यादगार विदाई

आशीष गोयल / गुड़गांव मेल

पुन्हाना, 31 मार्चः जीपीएस नवलगढ़ विद्यालय में 30 मार्च का दिन हमेशा के लिए यादगार बन गया, क्योंकि शिक्षा जगत के सम्मानित और समर्पित हेडमास्टर दीपचंद ने अपने 36 वर्षों के गौरवशाली सेवा कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्ति ली। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य और भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया। समारोह में स्कूल स्टाफ के साथ-साथ आसपास के गांवों से आए शिक्षक, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। हर किसी की आंखों में सम्मान, गर्व और विदाई की हल्की सी नमी साफ झलक रही थी। अपने पूरे कार्यकाल में अध्यापक दीपचंद ने शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जो योगदान दिया, उसे सभी ने दिल से सराहा।कार्यक्रम के बाद एक अद्भुत और ऐतिहासिक नजारा



देखने को मिला। पूरे गांव के लोगों ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जयकारों के साथ मास्टर दीपचंद को विद्यालय से उनके घर तक सम्मानपूर्वक विदाई दी। यह दृश्य न केवल भावुक कर देने वाला था, बल्कि एक सच्चे शिक्षक के प्रति समाज के प्रेम और सम्मान का जीवंत उदाहरण भी बना।

इस खास मौके पर उनकी धर्मपत्नी दयावती जी भी उनके साथ मौजूद रहीं, जिनकी उपस्थिति ने इस भावनात्मक पल को और भी खास बना दिया। समारोह के दौरान हेडमास्टर दीपचंद ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की मजबूत नींव है। एक शिक्षक का कार्य केवल पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों का निर्माण करना भी है। 'उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएं। वहीं विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सच्चाई–ये तीन गुण अगर जीवन में अपना लिए जाएं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता।

## उपायुक्त अखिल पिलानी ने किया नूंह व पुन्हाना अनाज मंडियों का दौरा

कुलवंत सिंह/ गुड़गांव मेल

नूंह, 31 मार्च - उपायुक्त अखिल पिलानी ने मंगलवार को रबी फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिला की नूंह व पुन्हाना अनाज मंडियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में पहुंचकर गेहूं व सरसों की आवक तथा खरीद प्रबंधों का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। संबंधित एजेंसियों द्वारा फसल खरीद, लिफ्टिंग, भुगतान व्यवस्था तथा मंडियों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों को उनकी



फसल का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडी में पहुंचे किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं जानी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि कोई किसान समस्या लेकर आता है, तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों व आढ़तियों की मांगों एवं समस्याओं की मौके पर ही सुनवाई करते हुए उनका

■ उपायुक्त अखिल पिलानी ने मंगलवार को रबी फसल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिला की नूंह व पुन्हाना अनाज मंडियों का दौरा किया।

समाधान किया।

उपायुक्त ने कहा कि जिन किसानों की फसल की खरीद हो चुकी है, उनका भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। साथ ही सभी मंडियों में सफाई व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## जिओ और जीने दो की राह पर चले विश्व : सचिन जैन

दिनकर गावड़ी/ गुड़गांव मेल

हांसी 31 मार्च :- तेरापन्थ युवक परिषद हांसी के मीडिया प्रभारी व आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज जिस प्रकार के हालात विश्व में बने हुए है ऐसे में सभी को भगवान महावीर के जिओ और जीने दो की राह पर चल कर शांति लाने का प्रयास करना चाहिए

आज इंसान ही इंसान का दुश्मन बनता जा रहा है और निरंतर हिंसा बढ़ रही है और जिसके लिए हर पक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे है ऐसे में भगवान महावीर के उद्घोष देखे अपने अपने दोष को हर जन हर देश को खुद पर लागू करना चाहिए

जैन ने अंत में कहा कि इंसान को



भगवान महावीर के जीवन से सीखना होगा कि किस प्रकार उन पर सैंकड़ों यातनाएं होने के बाद भी उन्होंने संयम नहीं खोया और अहिंसा की रास्ते को अपनाए रखा और अन्त में मोक्ष की प्राप्त किया उसी प्रकार समूचे विश्व को भी हिंसा का रास्ता छोड़ कर अहिंसा को अपनाना होगा

## बेहद लोकप्रिय हरियाणवी म्यूज़िक शीशा का धमाकेदार वीडियो आउट




ब्यूरो / गुडगांव मेल

हिसार,: क्षेत्रीय संगीत अब अपनी पहचान के लिए इंतज़ार नहीं कर रहा है, बल्कि यह आगे बढ़कर लीड कर रहा है। हफ्तों तक वायरल चार्ट्स, प्लेलिस्ट्स, रील्स और श्रोताओं की लूप पर राज करने के बाद, मित्ता रोर और स्वरा वर्मा के वायरल हिट गीत शीशा (आख्यां में आंख घाली जो बैरण) का बहुप्रतीक्षित आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो अब रिलीज़ हो गया है, जिसमें सोराब बेदी और निहारिका तिवारी नज़र आ रहे हैं!

मित्ता रोर द्वारा लिखित और संगीतबद्ध, स्वरा वर्मा की बेहतरीन आवाज़, ये ईश्वर द्वारा निर्मित और तेज़ी संधू द्वारा निर्देशित, शीशा धीरे-धीरे एक रीजनल रिलीज़ से देश के सबसे चर्चित गानों में से एक बन गया है। यह वीडियो उसी लय को आगे बढ़ाता है और ट्रैक की शानदार एनर्जी को एक ऐसी कहानी में बदल देता है जो संगीत की तरह ही दिल को छू लेने वाली लगती है। वीडियो के मुख्य आकर्षण राजमा चावल और तीखी मिर्ची, यानी सोराब बेदी और निहारिका तिवारी हैं, एक ऐसी जोड़ी जिसे दर्शक पहले से ही ऑनलाइन खूब पसंद कर रहे हैं। जब इस ट्रैक के साथ दोनों के फैन एडिट्स बड़े पैमाने पर वायरल होने लगे, तो उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के कारण इस गाने को अपने आप ही एक वायरल मोमेंट मिल गया। उसी लहर को आगे बढ़ाते हुए, अब आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो उन्हें एक साथ लेकर आया है, जिसने फैंस की कल्पना को एक शानदार विजुअल ट्रीट में बदल दिया है!

## थीम आधारित प्रस्तुतियों से सजा जी.डी. गोयंका स्कूल रतिया का भव्य वार्षिक उत्सव

उपेंद्र गोस्वामी / गुडगांव मेल

रतिया,31 मार्च- फतेहाबाद रोड स्थित जी.डी. गोयंका स्कूल का वार्षिक उत्सव इस वर्ष अत्यंत भव्य, आकर्षक और प्रेरणादायक अंदाज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक मूल्यों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत आई.ए.एस. हरदीप सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में निजी विद्यालय संघ जिला फतेहाबाद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गोस्वामी, भाजपा नेता विज्ञान सागर बाघला तथा क्षेत्र के अनेक सरपंच शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन, समूह नृत्य और संवादों के माध्यम से सामाजिक विषयों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में अभिभावक-बच्चों के संबंध, मोबाइल के दुष्प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक पारिवारिक



माहौल जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उठाया गया। थीम आधारित यह आयोजन रतिया क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में सराहा गया।

विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है। प्रेम मेहता ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश समय की आवश्यकता है। विवेक गर्ग ने बताया कि विद्यालय नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बना रहा है।

प्राचार्या कन्नुप्रिया खुराना ने कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को निखारते हैं। शैक्षणिक प्रबंधक लोकेश खुराना ने जानकारी दी कि रताखेड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्कूल की नई आधुनिक इमारत तैयार हो चुकी है, जिसका उद्घाटन 15 मई को होगा।

मुख्य अतिथि हरदीप सिंह ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति और विषय चयन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाते हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# फरीदाबाद के एतिहासिक गाँव बड़खल में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का जोरदार स्वागत



**किशोर शर्मा / गुड़गाँव मेल**

फरीदाबाद, 30 मार्च : हरियाणा के कैबिनेट मंत्री का रविवार को बड़खल विधानसभाय क्षेत्र के एतिहासिक गाँव बड़खल में जोरदार स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ उनको कार्यक्रम स्थल था ले जय गया और जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई। कार्यक्रम का आयोजन रेज़िडन्ट वेल्फेर एसोसिएशन बड़खल के द्वारा किया गया। इस मौके पर उनके साथ पार्षद मनोज नासवा, करण सिंगला, कुलदीप साहनी, भाजपा नेता विमल खण्डेलवाल, निर्वाचित पार्षद प्रियंका बिष्ट, सचिन सरपंच भनकपुर, सुनील शर्मा, एवं ओम प्रकाश गौड़ मौजूद रहे। गाँव की सरदारी ने विपुल गोयल का फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं आरडब्ल्यूए बड़खल की टीम ने मंत्री को बड़ी माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे, जिनमे महिलाये भी शामिल थी। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बहुत समय से बड़खल गाँव विकास की बाट जोह रहा था, लेकिन अब बड़खल गाँव के विकास की बारी आ गई है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के हर वर्ग के हितों के लिए 24 घंटे हाजिर हैं और बड़खल गाँव के फिरनी रोड का 1 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से टेन्डर पास कर दिया गया है और जल्द ही रोड का कार्य शुरू होने वाला है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़खल गाँव एतिहासिक गाँव है। जब हम छोटे थे तो हमारे बड़े बुजुर्ग हमे उंगली पकड़कर लाते थे और कहते थे कि ये है बड़खल। बड़खल झील फरीदाबाद ही नहीं, दिल्ली एनसीआर की पहचान हुआ करता था। लेकिन, आज बड़खल गाँव का क्या हाल है, मैंने देखा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गाँव के फिरनी रोड को तुरंत संज्ञान में लेते हुए 1 करोड़ 4 लाख का टेन्डर पास कराया है, जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। विपुल ने कहा कि आप अगर प्रतिनिध बन गए तो आपकी जिम्मेदारी हो जाती है, लोगों के काम करना। लोगों ने वोट किसको दिए, किसको नहीं दिए, ये आपके हाथ में है। लोगों के काम करोगे, उनके बीच जाओगे तो वो आपको अवश्य वोट भी देंगे और प्यार भी देंगे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से 4 अप्रैल को सेक्टर 12 हुडा ग्राउन्ड में होने वाली मुख्यमंत्री की रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनको मजबूती प्रदान करने की बात कही। एसोसिएशन के प्रधान सफ़ी मोहम्मद सैफी ने कहा कि ये वो बड़खल गाँव है, जो इतिहास बदलने का काम करेगा। बड़खल विधानसभा क्षेत्र का नाम बड़खल के नाम से जाना जाता है, बड़खल झील गाँव की पहचान रही है। उन्होंने मंत्री जी से अपील की, कि वो केवल गाँव में मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। फिरनी रोड गाँव का मुख्य रास्ता है और बरसों से टूटा हुआ है, इसको बनवाया जाए। सफी मोहम्मद ने कहा कि आज विपुल गोयल ने गाँव के विकास के लिए एक कदम बढ़ाया हैं, गाँव 4 कदम आगे बढ़कर उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम का मंच संचालन महासचिव राजूदिन ने किया।

## पार्षद जसवंत पंवार सैनी को स्थापना दिवस कार्यक्रम के सहसंयोजक के रूप में पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी



**किशोर शर्मा / गुड़गाँव मेल**

फरीदाबाद, 31 मार्च। भारतीय जनता पार्टी ने अपने छह अप्रैल को स्थापना दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पूरे हरियाणा में जिला टोलियों का गठन किया है। इसी कड़ी में फरीदाबाद महानगर भाजपा जिला से मनोनीत पार्षद जसंवत पंवार सैनी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में टोली का सहसंयोजक बनाया गया है।

अपनी इस नियुक्ति पर पार्षद जसवंत पंवार सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पं. मोहनलाल बड़ौली, वह उस पर खरा उतरेगें और स्थापना दिवस कार्यक्रम को भव्य बनाने के जिले के गांव-गांव व कालोनी-कालोनी जाकर आम जन से मुलाकात करेगें और भारतीय जनता पार्टी व सरकार की आमजन हितैषी व विकासपूरक नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगें और कार्यक्रम को भव्य बनाया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ADEN/NDLS के अंतर्गत SSE/P.Way/NDLS खंड में ट्रैक के किनारे कूड़ा–कचरा बीनना। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 81,99,395.20/- (रुपये इक्यासी लाख निन्यानवे हजार तीन सौ पचानवे और बीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 1,64,000.00/- (रुपये एक लाख चौंसठ हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 22.04.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–210–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/58/2025–26/W-3 दिनांक : 30.03.2026 1080/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हत्या के प्रयास करने के मामले में एक और गिरफ्तार, पुलिस चौकी संजय कॉलोनी टीम की कार्रवाई



**किशोर शर्मा / गुड़गाँव मेल**

फरीदाबाद, 31 मार्च - फरीदाबाद पुलिस द्वारा संगीन मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने लोहे की रॉड से हमला कर हत्या के प्रयास के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सोनू उर्फ सतीश (उम्र 28 वर्ष) निवासी यादराम कॉलोनी, गांव सरूरपुर, फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार जीवन नगर पार्ट-2, फरीदाबाद निवासी एक महिला ने थाना मुजेसर में शिकायत दी थी कि 27 अगस्त 2024 को उसका भाई अरविंद कबाड़ा मार्केट के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान तीन युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ हाथापाई करते हुए लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

शिकायत के आधार पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सोनू अपने दो अन्य साथियों शहनवाज व अनिश के साथ बाइक पर जा रहा था। रास्ते में उनकी बाइक अरविंद की बाइक से टकरा गई, जिसके बाद आपसी कहासुनी विवाद में बदल गई। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने अरविंद के साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से हमला किया। मामले में सह-आरोपी शहनवाज व अनिश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या को लेकर पुलिस प्रशासन का बड़ा कदम उठाया



**किशोर शर्मा / गुड़गाँव मेल**

फरीदाबाद, 31 मार्च : फरीदाबाद में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या को लेकर पुलिस प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। बाटा पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के चलते एक लेन बंद होने से शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी जाम की स्थिति बनी हुई है। खासतौर पर बाटा पुल, नीलम चौक, अजरौंदा चौक और ओल्ड चौक पर लोगों को लंबे समय तक ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ रहा है। इसी समस्या के समाधान के लिए मंगलवार, 31 मार्च को पुलिस उपायुक्त यातायात जयबीर सिंह ने शहर के विभिन्न ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की।

**बैठक में शामिल हुए प्रमुख अधिकारी और ट्रांसपोर्टर्स**

इस बैठक में शहर की प्रमुख ट्रांसपोर्ट यूनियनों और कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही एसीपी ट्रैफिक-2 विकास कुमार, यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनोज कुमार और अन्य अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में भारी वाहनों की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था और no-entry timing के पालन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करना था।

# फर्जी मोबाइल-सिम से साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, व्हाट्सएप पर देता था कमाई का झांसा




**आशीष गोयल / गुड़गांव मेल**

पुन्हाना , 31 मार्च - जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसते हुए साइबर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फर्जी मोबाइल फोन और सिम कार्ड के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ताज मोहम्मद पुत्र ईसब, निवासी गांव झिमरावट कोरा बास, थाना पिनंगवा, जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, साइबर अपराधों की रोकथाम के तहत एक विशेष टीम खानपुर घाटी अड्डे पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक युवक मुंबई एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे बैठकर फर्जी मोबाइल फोन के माध्यम से साइबर ठगी को अंजाम दे रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश दी।

रेड के दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें अलग-अलग सिम कार्ड सक्रिय थे। जांच में सामने आया कि आरोपी व्हाट्सएप के जरिए लोगों को 'घर बैठे कमाई' और 'ठगी के पैसे वापस दिलाने' का झांसा देकर अपने जाल में फंसाता था। उसके मोबाइल फोन से मिली चैटिंग, वॉइस रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट में साइबर ठगी से जुड़े कई अहम सबूत मिले हैं। इतना ही नहीं, आरोपी के फोन में कई ओटीपी/कोड और पुलिस की वर्दी में बनाई गई फर्जी वीडियो भी बरामद हुई हैं, जिनका इस्तेमाल लोगों का भरोसा जीतने और उन्हें भ्रमित करने के लिए किया जाता था। पुलिस जांच के दौरान साइबर पोर्टल पर बरामद सिम कार्ड के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से कई ऑनलाइन शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। इन मामलों में हजारों रुपये की ठगी की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्ष्हस्) की संबंधित धाराओं और दूरसंचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**जिला पुलिस की अपील :-**

नूंह पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर मिलने वाले किसी भी 'आसान कमाई' या 'रिफंड दिलाने' जैसे लालच में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में दें।

# टोल की बढ़ाई गई दरें जन हितों पर कुठाराघात : देवेंद्र सिंह प्रधान



**डा.अरविंद शर्मा / गुड़गांव मेल**

यमुना नगर, 31 मार्च । कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने टोल दरों में हुई बढ़ोतरी को जनता के हितों पर कुठाराघात बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के फैसले जनमानस पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहे हैं। देवेंद्र सिंह ने कहा कि चुनावों से पहले भाजपाई जनता को हर प्रकार से राहत देने के वायदे करते थे, लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने आर्थिक क्षेत्र में भी मनमानी करनी शुरू कर दी है।?

जिला अध्यक्ष ने कहा कि टोल की बढ़ी दरों का वाहन चालकों पर असर पड़ेगा।

मिल्क माजरा टोल प्लाजा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि रोजाना इस टोल से गुजरने वाले करीब 18 हजार वाहन चालकों की जेब पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा। मामूली दिखने वाली यह बढ़ोतरी सालभर में लाखों रुपये का अतिरिक्त बोझ बनकर सामने आएगी। देवेंद्र सिंह ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, टोल प्लाजा से प्रतिदिन करीब 18 हजार वाहन गुजरते हैं। इस हिसाब से सालभर में लगभग 2.16 लाख वाहन यहां से आवाजाही करते हैं। इसके अलावा करीब 2500 वाहन ऐसे हैं, जिनका लोकल पास बना हुआ है। ऐसे में टोल दरों में बढ़ोतरी का दायरा काफी बड़ा है और इसका असर हर वर्ग के वाहन चालकों पर पड़ेगा। देवेंद्र सिंह ने बताया कि कार, जीप, वैन या एलएमवी के लिए एक तरफ का टोल 100 रुपये ही रखा गया है। उन्होंने कहा कि अगर आंकड़ों पर नजर डालें पिछले साल 2025-26 में कार, जीप, वैन या एलएमवी के लिए एक तरफ का टोल 100 रुपये था, जो इस साल भी 100 रुपये ही रखा गया है, लेकिन दोतरफा दैनिक शुल्क 145 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये कर दिया गया है। यानी रोजाना आने-जाने वाले व्यक्ति को महीने में करीब 150 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। एलसीवी और मिनी बस के लिए एक तरफ का शुल्क 160 से बढ़ाकर 165 रुपये और दोतरफा 240 से 245 रुपये किया गया है। बस और दो एक्सल ट्रक चालकों के लिए 335 रुपये से बढ़ाकर 340 रुपये (एक तरफ) और 500 से 510 रुपये (दोतरफा) कर दिया गया है। तीन एक्सल वाहनों के लिए यह बढ़ोतरी 365 से 375 रुपये और 545 से 560 रुपये तक पहुंच गई है। भारी वाहनों (चार से छह एक्सल) के लिए 520 से 535 रुपये और 785 से 805 रुपये तक वृद्धि की गई है, जबकि बड़े ओवरसाइज वाहनों के लिए 635 से 650 रुपये और 955 से 980 रुपये तक शुल्क बढ़ा है। देवेंद्र सिंह ने कहा कि मासिक पास धारकों को भी राहत नहीं मिली है। कार के लिए पास 3275 रुपये से बढ़ाकर 3365 रुपये कर दिया गया है, यानी 90 रुपये का सीधा इजाफा। एलसीवी के लिए 5295 से 5435 रुपये, बस व ट्रक के लिए 11090 से 11385 रुपये और भारी वाहनों के लिए 17390 से बढ़ाकर 17850 रुपये तक शुल्क पहुंच गया है। इस बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो रोजाना नौकरी या व्यापार के सिलसिले में टोल पार करते हैं। वहीं, ट्रांसपोर्टरों की लागत बढ़ने से इसका असर बाजार में सामान की कीमतों पर भी पड़ सकता है। स्थानीय कॉमर्शियल वाहनों के लिए भी 5 से 10 रुपये तक शुल्क बढ़ाया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह दरें 31 मार्च को 12 रात से लागू हो जाएंगी। उन्होंने इसे जनता की जेब पर आर्थिक बोझ बताया। देवेंद्र सिंह ने भाजपा की सरकार से टोल की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग की।


**मैसर्स मुनीश अहमद ने नगर परिषद सोहना विभाग मे डोर टू डोर घरों आदि स्थानों से कूड़ा उठाने के लिए एक टेंडर अप्लाई किया था जोकि नगर परिषद विभाग द्वारा 10 करोड रुपए की राशि 5 साल के लिए इसके अतिरिक्त 2 साल देने को मंजूरी दी गई है जो की इस प्रकार है :-**

**MUNISH AHMED**

SOLID WASTE MANAGEMENT SANITATION MANPOWER SUPPLY

Ref No. MA/2026-2031/313 Date: 31/03/2026

(SOHNA) DOOR TO DOOR COLLECTION VEHICLE ROUTE PLAN WITH DRIVER& HELPER

COMPALAINT TOLL FREE NO.798804876 LandlineNo.01244452679

| Sr.no | RegisDtration Number | Vehicle Type | Driver/Helper Name | Route Plan |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UK 06 CC 0619 | LCV | Pawan pawar (D) Aman preet (H) | WARD NO.- 15- BHUDPADAD2:D7, WARD NO.- 10- THAKUR MOHALLA aadesh nagar |
| 2 | HR 67 E 3545 | LCV | Anil saini (D) Manoj (H) | WARD NO.- 02- GHUNELA, BERKA, BPL COLONY |
| 3 | HR 67 F 1277 | LCV | vinood (D) Ravi (H) | WARD NO.- 01- MOHAMMAD PUR, RAISEENA, SIROL THANI, |
| 4 | HR 38 AB 5883 | LCV | Satbir (D) Bobby (H) | WARD NO.- 03- LOHTAKI, SIRSKA, KHAIKA, SUSHIL NAGAR |
| 5 | HR 67 F 9799 | LCV | Raju (D) Rahul (H) | WARD NO.- 19- RAJORIA COLONY, PEER COLONY, HIZARA eshwar colony kinner colony |
| 6 | HR 67 F 5257 | LCV | Maqsud (D) Rohit (H) | WARD NO.- 20- NAGALI GAON, WARD NO.- 17- RAM MANDIR BADA MOHALLA |
| 7 | UK 06 CC 0618 | LCV | Vikram (D) Sagar (H) | WARD NO.- 09- JAKHIPUR, GAHLOT VIHAR, KUMHAR COLONY, WARD NO.- 11 RAIPUR GAON, KISHOR COLONY mukesh colony |
| 8 | HR 67 F 4746 | LCV | Joginder (D) Harkesh(H) | WARD NO.- 10- JAVED COLONY. WARD NO.- 08- FRIENDS COLONY Ksihor colony |
| 9 | HR 67 F 6485 | LCV | Eedu (D) Ramdas (H) | WARD NO.- 05- SHIV COLONY, BHERU MANDIR DHARM VATIKA KE PICHHE COLONY, WARD NO.- 06- HARI NAGAR Ambedkar colony |
| 10 | TM 10 HR 5263 | LCV | Radhe shayam (D) Sanjay (H) | WARD NO.- 21 BHEEM NAGAR AREA , Hariom kunj bpl colony |
| 11 | TM 10 HR 4578 | LCV | Jitender (D) Amit (H) | WARD NO.- 21 SOHNA THANI,, WARD NO.- 03 ADARSH NAGAR |
| 12 | HR 38 AB 5976 | LCV | sombir (D) Aman (H) | WARD NO.- 07- LAKHUWAS DONO GAON , Sardar Farm |
| 13 | TM 10 HR 2671 | LCV | Sabir (D) Gautam (H) | WARD NO.- 17 RAVIDAS MANDIR AREA, WARD NO.- 14 & 15 BUS STAND SERVICE LINE. WARD NO.- 14- MARKET AREA |
| 14 | HR38AB8579 | LCV | Gaorav (D) Shadab (H) | Ward no.3 Sushil nagar khaika,Lohtki,Siska .GLS dhani |
| 15 | TM 10 HR 6894 | LCV | Vikram (D) Sachin (H) | WARD NO.- 04 BALUDA GAON |
| 15 | UK 06 1419 | E Riksha | Rameshwar (D) | WARD NO.- 14 TILPAT COLONY AREA |
| 16 | UK 06 1411 | E Riksha | Sombir (D)) | WARD NO.- 15 KUND KE PICHHE AREA MOTI PLAZA |
| 17 | HR 72 K 4294 | Tractor Trolley | luckmaan (D) | WARD NO.- 01-21- GVP POINT LIFTING |
| 18 | HR 52 J 8265 | Tractor Trolley | soyab (D) | WARD NO.- 01-21- GVP POINT LIFTING |
| 19 | HR 27 M 2647 | Loader | rafik (D) | WARD NO.- 01-21- GVP LIFTING |
| 20 | UK 06 1409 | E Riksha | Harsh | WARD NO.- 06 MEIN SABHI CHHOTI GALI Gurudhawar road word no 16, 17 choti gali |
| 21 | UK 06 1410 | E Riksha | Shammi | WARD NO.- 05 MEIN SABHI CHHOTI GALI word no 18 parkesh hotel jain mandir |
| 22 | UK 06 1411 | E Riksha | surnder | WARD NO.- 16 & 17 KI SABHI CHHOTI GALI |
| 23 | UK 06 1413 | E Riksha | Pardeep | WARD NO.- 08- DURGA COLONY & SABHI CHHOTI GALI |
| 24 | UK 06 1412 | E Riksha | Ashu | WARD NO.- 18 CHHOTI GALI (JAIN MANDIR), WARD NO.- 20- SAINI COLONY |
| 25 | UK 06 1414 | E Riksha | shiva | WARD NO.- 16 MEIN PATHAN WADA |
| 26 | UK 06 1415 | E Riksha | rohtash | WARD NO.- 19 MEIN SABHI CHHOTI GALI |
| 27 | UK 06 1416 | E Riksha | goutam | WARD NO.- 12 ITI COLONY AREA WARD NO.- 13 MEIN PAHAD COLONY AREA |

OFFICE Adress: Near KDM PUBLIC SCHOOL.FRIEND COLONY.

CITY: Sohna, district: Gurugram pic code;12203, State:Haryana

## हनुमान जी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक: दिनेश कौशिक



**प्रमोद शर्मा/ गुड़गांव मेल**
बहादुरगढ़, 31 मार्च- गांव बराही में हनुमान जन्मोत्सव उपलक्ष्य में हवन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। यह धार्मिक कार्यक्रम में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मंजीत पांचाल द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन के साथ हुई, जिसमें मंजीत पांचाल सहित अन्य ग्रामीणों ने आहुति अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का भाव व्याप्त रहा। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने शिरकत की। उनका यहां पहुंचने पर आयोजकों व ग्रामीणों ने सम्मान भी किया। दिनेश कौशिक ने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। दिनेश कौशिक ने कहा कि हनुमानजी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें समर्पण, निष्ठा और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें हनुमान जी के आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव को सुदृढ़ करना चाहिए। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोडने् का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने मंजीत पांचाल के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

## बहादुरगढ़: छोटूराम धाम निर्माण में राकेश जून ने दिया 1 करोड़ का दान

**प्रमोद शर्मा/गुड़गांव मेल**
बहादुरगढ़, 31 मार्चः एचएल सिटी के निदेशक दानवीर राकेश जून ने दीनबंधु सर छोटूराम धाम जसिया के निर्माण में 1 करोड़ का सहयोग दान स्वरूप दिया है। राकेश जून ने 2023 से हर साल छोटूराम धाम को 25 लाख रुपए वार्षिक देने की घोषणा की थी। जाट सेवा संघ के पदाधिकारियों को राकेश जून ने अपनी घोषणा की आखिरी किश्त के तौर पर 25 लाख रुपए का चेक भी दे दिया है। जाट सेवा संघ के पदाधिकारियों ने राकेश जून का आभार जताया। जाट सेवा संघ के चेयरमैन एडवोकेट रणधीर सिंह ने बताया कि राकेश जून ने अपने पिता की स्व. सुंदरलाल जून की स्मृति में छोटूराम धाम के निर्माण में 1 करोड़ का सहयोग दिया है। इस सहयोग से धाम में नए कमरों और नए भवन का निर्माण करने में सहायता मिली है। छोटू राम धाम में युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करने में सहायता हुई है। उन्होंने कहा कि राकेश जून ने न केवल स्वयं के



कोष से छोटूराम धाम को मदद की है बल्कि समाज के दूसरे प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भी मदद करवाई है। राकेश जून ने नानोंद गांव के दादी सती मंदिर निर्माण समिति को 5 लाख रुपए का दान भी दिया। हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर राकेश जून एच.एल. सिटी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान श्री हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भी मुख्य अतिथि तौर पर शामिल होंगे। राकेश जून ने नीलकंठ महादेव मंदिर निर्माण के लिए कई बार दान दिया है। राकेश जून ने कहा कि समाज के कल्याण के लिए सामाजिक संस्थाओं की मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दान देने से किसी का धन घटता नहीं है बल्कि दान देने से व्यक्ति और समाज को मजबूती मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि छोटूराम धाम और उसका संचालन करने वाली संस्था जाट सेवा संघ समाज के उत्थान और युवाओं के भविष्य निर्माण की गतिविधियों को सफलता से संचालित करेगी। इस मौके पर रणबीर जून, जाट सेवा संघ के आईटी प्रभारी डा धर्मबीर राठी, कैशियर रामकरण दलाल, अशोक सिहाग, दीपक फोगाट, दीपक राठी, हरज्ञान मलिक, भूपेंद्र जागलान, नरेंद्र हुड्डा, रामकिशन कुंडू, दर्शन हुड्डा सहित जाट सेवा संघ के काफी पदाधिकारी और समाज के लोग मौजूद रहे।

## रामलला के दर्शन कर लौटे करनाल के तीर्थ यात्री, रेलवे स्टेशन पर प्रशासन ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

**■ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालु मंगलवार शाम सकुशल करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। तीर्थयात्रियों के करनाल पहुंचने पर प्रशासन की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया।**



**मनोज राणा/ गुड़गाव मेल**
करनाल, 31 मार्च। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालु मंगलवार शाम सकुशल करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। तीर्थयात्रियों के करनाल पहुंचने पर प्रशासन की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर सभी तीर्थयात्रियों का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को यात्रा की बधाई दी। अयोध्या से लौटे तीर्थयात्रियों ने बताया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन का अनुभव अद्भुत और अविस्मरणीय रहा।
उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान रहने, खाने-पीने और सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम किए गए थे, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या से जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर रुकी, श्रद्धालुओं ने पूरे जोश के साथ 'नायब जी को जय श्रीराम' और 'मोदी जी को जय श्रीराम' के नारे लगाए। रोडवेज जीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि स्टेशन से तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज की विशेष बसों का प्रबंध किया गया है।

## रोहतक: भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म जन्मकल्याणक महोत्सव पर निकाली रथ यात्रा

**शांति प्रकाश जैन / गुड़गाव मेल**
रोहतक 31 मार्च : जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया। समारोह के अंतिम दिन शहर में भव्य स्वर्णमयी रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा को झज्जर रोड स्थित जैन जति से जैन सभा के प्रधान रवि जैन एलपीएस भूषण के प्रबंधक निदेशक व प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश जैन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। जैन रथ यात्रा अप्रोच रोड, रेलवे रोड, भिवानी रोड, दुर्गा भवन मंदिर, गुरुद्वारा, इंदिरा मार्केट, केवलगंज, धोबी मोहल्ला, बाबरा बाजार व जैन मंदिर होते हुए पिथवाडा जैन मंदिर से दिल्ली गेट शांतमई चौक होते हुए सराय रोड मोहल्ला स्थित जैन मंदिर में संपन्न हुई। जहां श्री जी का 108 कलशो से मस्तकाभिषेक हुआ।
यात्रा को मुनि श्री 108 निश्चित सागर महाराज एवं आर्थिक रतन श्री 105



सरस्वती भूषण माता जी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त रहा। चाबा में जैन धर्म की कथाओं पर आधारित झाकियां विशेष आकर्षण रही साथ ही बाहर से आए बैंड बाजे की पार्टियों में धार्मिक भजनों पर युवाओं को थिरकने पर विवश किया। स्थान स्थान पर तोरण द्वार तथा धर्म ध्वजा लगाई गई थी। जिसके समक्ष जैन मंदिरों को सुंदर ढंग प्रस्तुत कर भक्त जनों को नाचने पर मजबूर कर दिया।
जैन सभा के तत्वाधान में पूर्व संध्या



पर सिविल रोड स्थित महावीर पार्क में धार्मिक भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें श्री वर्धमान कीर्तन मंडल एवं जैन स्कूल के विद्यार्थी ने अपनी प्रस्तुति दी। इस भजन संध्या की अध्यक्षता जैन सभा के प्रधान रवि जैन ने की तथा एलपीएस बोसार्ड के राजेश जैन मुख्य अतिथि थे। महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लेकर जैन भजन प्रस्तुत कर अपनी भक्ति भजन प्रगति की। स्थान स्थान पर जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

## बलदेव राज बने श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट करनाल के प्रधान, गोपीनाथ को महाप्रबंधक की मिली जिम्मेदारी

**मनोज राणा/ गुड़गाव मेल**
करनाल, 31 मार्च। श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट करनाल की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हो गया है। प्रधान, महाप्रबंधक, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक-एक उम्मीदवार ने ही नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इसके बाद निर्विरोध रूप से बलदेव राज प्रधान, गोपीनाथ महाप्रबंधक, कर्णवीर आर्य महासचिव तथा महेश कुमार कोषाध्यक्ष चुने गए। ये सभी पदाधिकारी लगातार तीसरी बार अपनी-अपनी जिम्मेवारी संभालेंगे। चुनाव अधिकारी सोमनाथ कांबोज ने यह जानकारी दी। ट्रस्ट के सदस्यों ने फूल मालाएं डालकर पदाधिकारियों का स्वागत किया। मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। प्रधान बलदेव राज ने कहा कि श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट की गतिविधियों को पहले से भी



ज्यादा बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। महाप्रबंधक गोपीनाथ ने कहा कि श्रद्धानंद ट्रस्ट की ओर से गऊशाला और अनाथालय का कुशलपूर्वक संचालन किया जा रहा है। अनाथालय में रहने वाले बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उनकी शिक्षा का विशेष रूप से ख्याल रखा जा रहा है। बच्चों को समय-समय पर तीर्थ स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाता है। अनाथालय की ओर से कई बेटियों का विवाह भी करवाया जा चुका है। आगे भी इसी प्रकार से कार्य किए जाएंगे।

## किसानों को फसल बेचने में दिक्कत न हो, इसके लिए इनेलो बनाएगी 'किसान कष्ट निवारण केंद्र' : अर्जुन सुढ़ैल

**संजीव चौहान / गुड़गांव मेल**
जगाधरी, 31 मार्च। इनेलो प्रदेश प्रवक्ता अर्जुन सुढ़ैल ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए पार्टी मंडियों में 'किसान कष्ट निवारण केंद्र' स्थापित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में कई नई शर्तें जोड़ दी हैं, जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुढ़ैल ने बताया कि सरकार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली का नंबर देना, मंडी में गेट पास लेना, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराना और तीन नॉमिनी अनिवार्य करने जैसी शर्तें लागू की हैं, जबकि पहले ऐसी कोई बाध्यता नहीं थी। उन्होंने सवाल उठाया कि इन शर्तों को लागू करने का औचित्य क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि गेट पास का समय सुबह 6 ब जे से रात 8 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि फसल की आवक रात में भी होती है। ऐसे में गेट पास की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने चिंता जताई कि झोटा बुग्गी, बैलगाड़ी और ऊंट गाड़ी से आने वाले किसानों के लिए यह प्रक्रिया और अधिक जटिल हो



सकती है। सुढ़ैल ने कहा कि 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होने जा रही है, ऐसे में यदि समय रहते खरीद केंद्र स्थापित नहीं किए गए तो किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द खरीद केंद्र शुरू करे और वहां किसानों के लिए टेंट, पेयजल व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करे। इनेलो प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा बनाए जाने वाले 'किसान कष्ट निवारण केंद्रों' पर किसान अपनी समस्याएं रख सकेंगे, जिसके बाद पार्टी प्रतिनिधि संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

## विभिन्न प्रकार के कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनें महिलाएं : डा. सुजाता गुप्ता

**मनोज राणा / गुड़गांव मेल**
करनाल, 31 मार्च। गुरु नानक खालसा कालेज में वूमेन सैल तथा समाजशास्त्र विभाग की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय महिला सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका। रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ सुजाता गुप्ता (पूर्व प्राचार्य, केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय एवं सीजीसी की महिला एवं बाल कल्याण उप समिति की प्रधान) थीं। डॉ. सुजाता गुप्ता ने अपने व्याख्यान में महिला सशक्तिकरण के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कैसे सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में उनके साथ योग विशेषज्ञ सविता चौधरी, फैशन डिजाइनर गुलशन रानी, ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गाबा तथा बेकिंग विशेषज्ञ सुमिता धवन ने भी भाग लिया। सभी विशेषज्ञों ने



छात्राओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि वे विभिन्न प्रकार के कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं तथा अच्छा आर्थिक लाभ अर्जित कर सकती हैं। इस अवसर पर कॉलेज की गवर्निंग बॉडी की उपाध्यक्ष प्रीत कौर ने सभी को बधाई दी और छात्राओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को सही दिशा देने में अत्यंत सहायक होते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम में डा. अंजु चौधरी (संयोजक वूमेन सैल), डा. प्रीति खरब, डा. सोनिया वधावन, डा. अमरजीत कौर, डा. भावना शर्मा, प्रो. अनमोल सिंह व प्रो. प्रियंका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डीसी कैप्टन मनोज कुमार के निर्देश पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

**ब्यूरो / गुड़गांव मेल**
नारनौल, 31 मार्च। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आज जिलावासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आमजन को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और इसके दुरुपयोग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एलपीजी वितरण में अनियमितता बरतने पर निजामपुर की एक एजेंसी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसी कड़ी में आज नारनौल क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग और कालाबाजारी को रोकने के लिए विभाग द्वारा विशेष छापामार कार्रवाई अमल में लाई गई। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 12 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए। इस छापेमारी दल में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर रवि कुमार, सब

**■ उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने आज जिलावासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और आमजन को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।**

इंस्पेक्टर कानाराम और कुलदीप शर्मा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कनीना क्षेत्र में दयान सिंह इंस्पेक्टर की टीम द्वारा 5 घरेलू गैस सिलेंडर भी जप्त किए गए। इस प्रकार जिले में कुल 17 घरेलू सिलेंडर जप्त किए गए
जिले में गैस वितरण की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए डीसी ने बताया कि 30 मार्च को शाम 5:00 बजे तक जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले की 21 मुख्य गैस एजेंसियों के पास कुल 5274 सिलेंडरों का स्टॉक था, जिसमें से 2051 सिलेंडर प्लांट से ताजा प्राप्त हुए थे। दिन भर में 865 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जिसके बाद भी जिले में 4409 सिलेंडरों का क्लोजिंग बैलेंस बचा हुआ है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होम डिलीवरी के लिए कुल 20 वाहनों को लगाया गया है ताकि उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही गैस उपलब्ध हो सके। कमर्शियल सिलेंडरों की मांग के विषय में विभाग ने स्पष्ट किया है कि शादियों और सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं और संबंधित आवेदकों को समय पर संदेश भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में अनियमित बर्तनों पर मेसर्स वरुणा एचपी ग्रामीण वितरक, निजामपुर के विरुद्ध 29 मार्च को एफआईआर दर्ज करवाई गई है और इसकी सूचना संबंधित सेल्स ऑफिसर को भी भेज दी गई है। उपायुक्त ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल अधिकृत एजेंसियों से ही सिलेंडर लें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग दुखी : पराग गाबा

**मनोज राणा /गुड़गांव मेल**
करनाल, 31 मार्च - जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष पराग गाबा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में हर वर्ग महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। गाबा ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी हर वर्ग इस सरकार से दुखी हैं।

बढ़ती महंगाई ने गरीब आदमी की कमर तोड़ दी है और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपये की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। उनके अनुसार 1 मार्च को डॉलर 91.06 रुपये था, जो अब बढक़र 94.86 रुपये तक पहुंच गया है।

उन्होंने सरकार द्वारा पेट्रोल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाने की घोषणा को केवल दिखावा बताया। उनका कहना है कि भारत



लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है और इसका भुगतान डॉलर में किया जाता है। ऐसे में डॉलर के महंगा होने से तेल की कीमतें स्वतः बढ़ जाती हैं और राहत का प्रभाव खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि 2008 के वैश्विक आर्थिक संकट के समय भी भारत ने चुनौतियों का सामना किया, लेकिन तब आर्थिक प्रबंधन मजबूत था। निर्यात बढ़ाने, संतुलित खर्च और ठोस नीतियों के जरिए देश को संभाला गया। आज जरूरत है उसी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व की। उन्होंने कहा कि सरकार को बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए, ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

इस अवसर पर बिंदर पोसवाल, जोगिन्द्र वाल्मीकि, दीपक चौधरी, गुरमीत सिंह, प्रवीन पुनिया और विक्रम काजल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रबी फसल खरीद की तैयारियों को लेकर चेयरमैन विनोद कौशिक ने ली अधिकारियों की बैठक

**प्रमोद शर्मा/गुड़गांव मेल**
बहादुरगढ़, 31 मार्चः मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने मंगलवार को रबी फसल खरीद की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडी में आने वाली मुख्य फसलें गेहूं और सरसों की खरीद के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गेट पास व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, मंडी परिसर में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि रबी सीजन के दौरान मंडी में किसानों की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में सभी मूलभूत सुविधाओं को पहले से ही मजबूत किया जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।
चेयरमैन विनोद कौशिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों के सही तौल और समय पर



खरीद सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही मंडी परिसर का नियमित निरीक्षण करते रहने और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान करने के भी आदेश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि यदि सीजन के दौरान अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता हो तो समय रहते उनकी व्यवस्था की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। विनोद कौशिक ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि रबी सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बैठक के बाद विनोद कौशिक ने अधिकारियों के साथ अनाज मंडी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश जून ने सांसद कर्मवीर बौद्ध से की मुलाकात

**प्रमोद शर्मा/ गुड़गांव मेल**
बहादुरगढ़, 31 मार्च- वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश जून ने दिल्ली में हरियाणा से नवनिर्वाचित व नवनियुक्त राज्यसभा सदस्य कर्मवीर बौद्ध से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। नरेश जून ने कहा कि कर्मवीर बौद्ध का राज्यसभा में पहुंचना हरियाणा के लिए गर्व की बात है और उनसे प्रदेश की जनता को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद कर्मवीर बौद्ध अपने अनुभव और कार्यशैली के बल पर राज्यसभा में हरियाणा के हितों को मजबूती से उठाएंगे और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, सांसद कर्मवीर बौद्ध ने नरेश जून का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं



पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि हरियाणा के विकास, युवाओं के रोजगार, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संसद में उठाया जाएगा।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन, टपूकड़ा (भिवाड़ी) में भगवान श्री कृष्ण की दिव्य प्रतिमा के भव्य अनावरण एवं उदघाटन




आज यदुवंशी शिक्षा निकेतन, टपूकड़ा (भिवाड़ी) के विद्यालय परिसर में भगवान श्री कृष्ण की दिव्य प्रतिमा के भव्य अनावरण एवं उद्घाटन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। यह पावन क्षण हम सभी के लिए गर्व और आध्यात्मिक आनंद का विषय रहा।... राव बहादुर सिंह

# हर जरूरतमंद की प्यास बुझाएगा यह प्रयास : मुकेश शर्मा

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 31 मार्च। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के उद्देश्य से कैपेरो मारुती के सहयोग से सेक्टर 5 चौक में स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल के लिए वाटर कूलर स्थापित किया।

इसका उद्घाटन गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल गर्मी के मौसम में राहगीरों और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी और उनकी प्यास बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस जनहित कार्य के लिए कैपेरो ग्रुप का आभार भी व्यक्त किया।




इस अवसर पर कैपेरो मारुती के सीईओ एवं सीआईआई हरियाणा कॉनसिल के वरिष्ठ सदस्य विनोद बापना ने कहा कि स्वच्छ पेयजल हर व्यक्ति की मूल आवश्यकता है,उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर लगवाना समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन है। उन्होंने कहा कि यंहा से रोजाना सैंकड़ों लोग आते-जाते हैँ। ऐसे में यहां पर स्थापित करवाए गए वॉटर कूलर से रोजाना सैंकड़ों लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।विनोद बापना ने कहा कि कैपेरो ग्रुप हमेशा समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहा है और यह वॉटर कूलर भी उसी दिशा में एक छोटा सा कदम है। गौरतलब है कि कैपेरो ग्रुप पहले भी काफ़ी ऐसे स्थानों पर वाटर कूलर लगवा चुका है जंहा सैकड़ों लोगों कि आवाजही रहती है। विनोद बापना ने बताया कि अभी कैपेरो टीम गुरुग्राम में ऐसे स्थान चिन्हित कर रही हैँ जंहा और वाटर कूलर लगवाया जा सकेंगे।स्थानीय निवासियों ने इस सुविधा का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी और सराहनीय कदम बताया व कैपेरो ग्रुप का धन्यवाद किया।

FORM IV

Statement of ownership and other particulars about Newspaper ( गुड़गांव मेल ) as required by Registration of Newspaper (Centra) Rules 1956.

1. Place of publication : 45, खेड़ादेवत कॉलोनी, देवत कुंज, गुड़गांव गांव, गुड़गांव-122001
2. Periodicity of its publication : दैनिक
3. Printer's Name : विवेक पब्लिसर्स, ए-16, सैक्टर-7, नोएडा (उ.प्र.)
   Natonalty : भारतीय
   Address : 45, खेड़ादेवत कॉलोनी, देवत कुंज, गुड़गांव गांव, गुड़गांव-122001
4. Publsher's Name : यादराम बंसल
   Natonality : भारतीय
   Address : 45, खेड़ादेवत कॉलोनी, देवत कुंज, गुड़गांव गांव, गुड़गांव-122001
5. Editor's Name : यादराम बंसल
   Nationality : भारतीय
   Address : 45, खेड़ादेवत कॉलोनी, देवत कुंज, गुड़गांव गांव, गुड़गांव-122001
6. Names and addresses of individuals who own the newspaper and partners of shareholders holding More than one per cent of the total capital. अंजना बंसल

I, यादराम बंसल hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief

यादराम बंसल
Signature of Publisher

# परिणाम घोषणा दिवस एवं 40 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य विद्यालय उत्सव

**अशोक गर्ग/गुड़गांव मेल**

सोहना, 31 मार्च। आज शिव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोहना में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का वातावरण देखने को मिला।

विद्यालय के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी ने मिलकर केक काटकर इस गौरवशाली उपलबधि का उत्सव मनाया। यह अवसर विद्यालय की निरंतर प्रगति एवं सफलता का प्रतीक बना।



विद्यालय के चेयरमैन श्री मुकेश बंसल ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलबधि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारवान, अनुशासित एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या एवं प्रबंधन समिति के सदस्य श्री रामकिशन गर्ग, श्री रणबीर यादव, श्री रमेश धवन, श्री एस.पी. राठी, श्री रवि सिंगला एवं श्री अनिल गर्ग ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली।

इस सफलता के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

अंत में चेयरमैन ने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने एवं जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**चेयरमैन**
**शिव पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोहना**

# गुरुग्राम : लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए एवं सेक्टर-102 में नियुक्त हुए नए चेयरमैन

**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 31 मार्च। लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए एवं सेक्टर-102 में चेयरमैन रहे लायन के.एस. ढाका का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए चेयरमैन की नियुक्ति हो गई है। लायन डी.वी. तनेजा नए चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। उनका कार्यकाल एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक रहेगा। लायन के.एस. ढाका ने लायन डी.वी. तनेजा को शुभकामनाएं दीं।



लायन डी.वी. तनेजा ने दूसरी बार चेयरमैन का पदभार संभाला है। अब से पूर्व वे वर्ष 2004 से 2006 तक भी चेयरमैन रह चुके हैं। अपने कार्यकाल में विद्यालय के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया था। विद्यालय के इमीडिएट पास्ट चेयरमैन लायन डॉ. के.एस. ढाका ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। लायन डी.वी. तनेजा के चेयरमैन बनने पर विद्यालय के मैनेजर राजीव कुमार एवं प्रिंसिपल दिपिंदर कौर ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने लायन डी.वी. तनेजा को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। उनके अनुभव एवं नेतृत्व क्षमता की सराहना की। समारोह में उपसथित सभी सदस्यों ने विद्यालय की प्रगति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई।

# एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की देश में है पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता, भ्रामक खबरों पर लगायेगे रोक : शाहनवाज हुसैन



**बिजेंद्र सिंह/गुड़गांव मेल**

पानीपत, 31 मार्च। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात के उपरांत दिल्ली जाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का मंगलवार को पानीपत में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के मद्देनजर देश वासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और देशहित में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता है और ऐसी भ्रामक खबरों पर रोक लगाई जाएगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और नए-नए विकास कार्यों से आम जनता को सुविधाएं मिल रही हैं। इस दौरान शाहनवाज हुसैन ने संजय भाटिया के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर अपने मित्र नवीन भाटिया और सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया को बधाई भी दी। इस अवसर पर दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, चांद भाटिया, रोहताश देशवाल, विजय सहगल, ओम प्रकाश माटा, अशोक बांगा, रमेश खुराना, सतीश गंगवानी, हिमांशू वीरमणि, सुमित त्यागी, विक्की कत्याल, संदीप मलिक, संदीप मेहरा, पूर्व पार्षद अशोक छाबड़ा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान महावीर जयंती पर महावीरमय हुआ गुरुग्राम, निकाली भव्य रथ यात्रा



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 31 मार्च। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान श्री जैन महासभा महावीर पार्क की ओर से महावीर चौक से भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा शहर में कई स्थानों पर करीब पांच किलोमीटर भ्रमण करते हुए वापस मंदिरजी पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ इस शोभा यात्रा में भाग लेकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव को यादगार बनाया।

भगवान महावीर जी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन श्रद्धालुओं ने सुबह सवा सात बजे श्रीजी का दूध से अभिषेक किया। आठ बजे झंडारोहण किया गया और इसके बाद नौ बजे रथ यात्रा शुरू की गई। पंडित प्राशु जैन के सानिध्य में पांडुक शिला पर श्रीजी को विराजमान कर अभिषेक और पूजन किया। इसमें जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। रथयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती उतारकर स्वागत किया। जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि महावीर पार्क से शुरू होकर रथ यात्रा जैकमपुरा, सोहना चौक, गुरुद्वारा रोड, सोहना चौक, अग्रसेन चौक होते हुए वापस महावीर पार्क पहुंची। करीब पांच किलोमीटर के इस क्षेत्र में जैन भक्तों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। रथ यात्रा में सबसे आगे घुड़सवार जैन धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। हाथी, घोड़े, पालकी, नगाड़ा, ताशा, बाजा से माहौल धार्मिकमय रहा। हाथी, घोड़े पर जैन भक्त सवार हुए। ढोल-नगाड़ों से हर क्षेत्र गूंजा। स्वर्णमयी रथ पर श्रीजी को लेकर खवासी के रूप में विमल चंद जैन, सारथी के रूप में देवेंद्र कुमार जैन, कुबेर के रूप में दीपक जैन सवार हुए। हाथी पर पीके जैन, पुनीत जैन सवार हुए। रथ यात्रा प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए निकली।

श्री जैन महासभा महावीर पार्क के प्रधान सतीश कुमार जैन, उपाध्यक्ष सुभाष जैन एवं नरेश जैन, सचिव सुदर्शन जैन, संयुक्त सचिव कमल जैन, कोषाध्यक्ष घनश्याम दास जैन ने बताया कि झंडारोहण सीए विनय जैन, दिव्या जैन ने किया। दीप प्रज्वलन निर्दोष जैन स्वास्तिक सदन, रीता जैन ने किया। चित्र अनावरण सुशील जैन, अभिषेक जैन ने किया। गणमान्य व्यक्तियों में दिगंबर जैन समाज के प्रधान नरेश जैन, सचिव अशोक जैन, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन पूरी प्रबंधन टीम के साथ पहुंचे। रमन जैन जीतो डीएलएफ से, शैलेष जैन, संजय जैन ने भी शिरकत की।

# महावीर स्वामी के जीओ और जीने दो के सिद्धांत आज भी प्रांसगिक : राजेश जैन

**नवीन मलिक/ गुडगांव मेल**

रोहतक, 31 मार्च। एलपीएस बोसार्ड व जैन सभा के संयुक्त तत्वाधान में सकल समाज द्वारा मंगलवार को श्री महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। झज्जर रोड स्थित जैन जति जी से भव्य स्वर्ण रथ शोभायात्रा शुरू हुई और शहर भ्रमण करते हुए सराय मोहल्ला स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में समापन्न हुआ।

स्वर्ण रथ पर बैठे इन्द्र इन्द्राणी की वेशभूषा पहने बच्चें आकर्षक का केन्द्र रहे। स्वर्ण रथ शोभायात्रा का शहर में जगह जगह लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व जैन मुनि निश्चित सागर ने धर्म की ध्वजा फहरा कर स्वर्ण रथ यात्रा का शुभारम्भ किया। साथ ही सकल समाज के लोगों द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर व सभी स्थानकों में महावीर स्वामी की विशेष पूजा अर्चना भी की। प्रसिद्ध उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि पूरे दुनिया में भगवान महावीर स्वामी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई जाती है। महावीर स्वामी के जीओ और जीने दो के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा महावीर स्वामी ने दुनिया को शांति का संदेश दिया और आज हमे उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर सरस्वती भूषण, बलजीत राय जैन, गौतम जैन, प्रदीप जैन, रवि जैन, मनीष, अतुल, अमित, मुकेश, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल का विशेष सहयोग रहा।



## कांग्रेस के युवा नेता ने प्रशासन से बीकेडी रोड सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की



**डा. अरविंद शर्मा/गुड़गांव मेल**

यमुनानगर, 31 मार्च। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता भूपेंद्र जयरामपुर ने बीकेडी रोड सड़क की मरम्मत कराए जाने की प्रशासन से मांग की है।उनका कहना है कि बीकेडी रोड की सड़क नजदीक दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, नजदीक फतेहगढ़ गांव, नजदीक सोनदी पुल सहित कई जगहों से टूटी हुई है। इस सड़क की कुछ माह पहले ही मरम्मत हुई थी। उन्होंने कहा कि गांव फतेहगढ़ के पास सड़क ज्यादा उखड़ी हुई है। इसके अलावा कुछ जगहों बजरी उखड़ी हुई है। भूपेंद्र ने कहा कि करीब एक साल से यमुना नहर पुल से लगी सड़क का जोड़ उखड़ा हुआ है। इसे लेकर ग्रामीण अपनी आवाज उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है। इससे कोई भी हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस बाबत जिला उपायुक्त से मिला जाएगा। भूपेंद्र जयरामपुर ने प्रशासन से सड़क व पुल के जोड़ की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# वित्त वर्ष के अंतिम दिन गुरुग्राम में टैक्स जमा करने की होड़, निगम को मिला रिकॉर्ड राजस्व



**ब्यूरो/गुड़गांव मेल**

गुड़गांव, 31 मार्च। वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स और वाटर बिल जमा करने को लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही निगम कार्यालयों में नागरिक पहुंचने शुरू हो गए और अंतिम दिन का लाभ उठाते हुए अपने बकाया बिल जमा करवाए।

नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक कुल एक वर्ष में 350 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में निगम के खजाने में जमा हुई। इसके साथ ही 56 करोड़ रुपए वाटर बिल के रूप में भी प्राप्त हुए, जो निगम के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान है।अंतिम दिन अवकाश होने के बावजूद भी नगर निगम गुरुग्राम के सभी कार्यालयों में स्थित नागरिक सुविधा केंद्र खुले रखे गए थे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपनी देनदारियां समय पर जमा कर सकें। इन केंद्रों पर टैक्स ब्रांच के अधिकारी और कर्मचारी पूरे दिन मौजूद रहे और नागरिकों की सहायता करते नजर आए।

विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था की गई थी, जिसकी नागरिकों ने सराहना की। इससे बुजुर्गों को बिना किसी परेशानी के अपने बिल जमा करने में आसानी हुई।

मेयर राजरानी मल्होत्रा के अनुसार, नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अंतिम दिन भी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के नागरिकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समय पर टैक्स जमा कर शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।निगमायुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार, निगम द्वारा डिजिटल और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भुगतान की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे अधिकतम राजस्व संग्रह संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड संग्रह नगर निगम की वित्तीय स्थिति को और मजबूत करेगा तथा शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी।





03 **ट्राई सिटी मेल** गुड़गांव 04



गुड़गांव, बुधवार, 1 अप्रैल 2026 | चंडीगढ़ | विक्रमी संवत 2081, चैत्र मास, शुक्ल पक्ष


# चंडीगढ़ नगर निगम को मिला नया चीफ इंजीनियर, संजय अरोड़ा की नियुक्ति

## चंडीगढ़ प्रशासन का आदेश जारी, एक साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर जिम्मेदारी, 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने नगर निगम में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति कर दी है। जारी आदेश के अनुसार, संजय अरोड़ा को नगर निगम, चंडीगढ़ का चीफ इंजीनियर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर की गई है और यह 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी।

**एक साल या जरूरत तक रहेगा कार्यकाल:** आदेश के अनुसार, उनकी यह नियुक्ति प्रारंभिक तौर पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी या फिर तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक नगर निगम को उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। साथ ही, उनकी प्रतिनियुक्ति चंडीगढ़ प्रशासन के बोर्ड/कॉरपोरेशन में लागू मानक नियमों एवं शर्तों के अनुसार संचालित होगी।




**सी.बी. ओझा से अतिरिक्त प्रभार वापस** : प्रशासन के आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान में चीफ इंजीनियर, नगर निगम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे सी.बी. ओझा से यह जिम्मेदारी 1 अप्रैल 2026 से वापस ले ली जाएगी।

**प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव:** इस नियुक्ति को नगर निगम चंडीगढ़ में इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्यों को गति देने के लिए अहम कदम माना जा रहा है। नए चीफ इंजीनियर के आने से शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों को बेहतर ढंग से लागू किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। यह आदेश चंडीगढ़ प्रशासन के सचिव (लोकल गवर्नमेंट एवं अर्बन डेवलपमेंट) द्वारा जारी किया गया है।



**प्रशासन ने जारी किया आदेश** : चंडीगढ़ प्रशासन के लोकल गवर्नमेंट एवं अर्बन डेवलपमेंट ब्रांच द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि यह नियुक्ति पंजाब म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1976 की धारा 71(1) के तहत दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है। संजय अरोड़ा वर्तमान में इंजीनियरिंग विभाग, यूटी चंडीगढ़ में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन सर्किल-1) के पद पर कार्यरत हैं।

# चंडीगढ़ प्रशासन में बड़ा प्रशासनिक बदलाव, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर के पद पर नई नियुक्ति

- पंजाब से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारी को पब्लिक हेल्थ सर्कल की जिम्मेदारी, तत्काल प्रभाव से आदेश लागू
- चंडीगढ़ प्रशासन के इस फैसले को पब्लिक हेल्थ सेवाओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग ने पब्लिक हेल्थ विंग में अहम प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एक नई नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार, पंजाब सरकार के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग (बी×आर-II शाखा) में कार्यरत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर श्री मिचेल को प्रतिनियुक्ति (डिपुटेशन) के आधार पर चंडीगढ़ में सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (पब्लिक हेल्थ) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। आदेश के मुताबिक, उनकी तैनाती प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए या जब तक चंडीगढ़ प्रशासन को उनकी सेवाओं की आवश्यकता रहेगी, तब तक के लिए की गई है। यह नियुक्ति भारत सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी। प्रशासन ने पंजाब सरकार के प्रमुख सचिव (जल आपूर्ति एवं स्वच्छता) को पत्र भेजकर संबंधित अधिकारी को शीघ्र प्रभाव से रिलीव करने का अनुरोध किया है, ताकि वे चंडीगढ़ में अपनी नई जिम्मेदारी संभाल सकें। इस आदेश की प्रतियां संबंधित विभागों–अकाउंटेंट जनरल, ट्रेजरी ऑफिसर, पब्लिक हेल्थ सर्कल और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं। चंडीगढ़ प्रशासन के इस फैसले को पब्लिक हेल्थ सेवाओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 'जुड़ाव के लिए विराम ': मेयर सौरभ जोशी ने चंडीगढ़ में रविवार डिजिटल विराम अभियान शुरू किया

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने शहरव्यापी अभियान 'रविवार: जुड़ाव के लिए विराम' की शुरुआत की है।

इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की गई है कि वे मोबाइल फोन से कुछ समय के लिए दूरी बनाकर अपने परिवार और अपनों के साथ वास्तविक जीवन के संबंधों को फिर से मजबूत करें। डिजिटल लत के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए मेयर ने अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को 'अदृश्य महामारी' बताया। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लगभग 15 प्रतिशत युवा मध्यम से गंभीर तकनीकी लत से प्रभावित हैं और युवाओं में अवसाद के मामलों में भी तेज वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ भले ही एक आधुनिक और स्मार्ट शहर हो, लेकिन इसकी असली ताकत लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव में है। उन्होंने कहा, 'हम डिजिटल रूप से तो जुड़ रहे हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से दूर हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम स्क्रॉल करना बंद करें और जीना शुरू करें। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक रविवार सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चार घंटे का स्वैच्छिक डिजिटल विराम रखने का सुझाव दिया गया है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य अपने मोबाइल फोन अलग रखकर एक-दूसरे के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं। नागरिकों को प्रेरित किया गया है कि वे घर से बाहर निकलकर प्रकृति के साथ समय बिताएं और शहर के प्रमुख उद्यानों जैसे जाकर हुसैन गार्डन, जपनी गार्डन, में परिवार के साथ समय बिताएं। नगर निगम चंडीगढ़ ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए शहर के पार्कों और हरित क्षेत्रों के रखरखाव को बेहतर बनाने की व्यवस्था की है। मेयर ने बताया कि थोड़े समय का डिजिटल विराम भी नींद की गुणवत्ता में सुधार, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस पहल में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि असली खुशी मोबाइल की सूचनाओं में नहीं, बल्कि आपसी बातचीत और साथ बिताए गए समय में है।

# चंडीगढ़ में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: सेक्टर-26 का हवलदार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

- अवैध फड़ी लगाने वालों से वसूली का आरोप, सब्जी मंडी के वाशरूम के पास ट्रैप
- साथ मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी की भूमिका भी जांच के दायरे में

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर-26 थाना क्षेत्र के बीट इंचार्ज हवलदार सुनील यादव को अवैध फड़ी लगाने वाले से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई सीबीआई द्वारा लगाए गए ट्रैप के तहत की गई। आरोपी हवलदार को सेक्टर-26 स्थित सब्जी मंडी के पास वाशरूम के नजदीक उस समय पकड़ा गया, जब वह कथित तौर पर अवैध रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले से पैसे ले रहा था।

**शिकायत के आधार पर बिछाया गया जाल:** सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई को पहले ही शिकायत मिली थी कि इलाके में अवैध फड़ी लगाने वालों से पुलिसकर्मी नियमित रूप से वसूली कर रहे हैं। इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

**दूसरा पुलिसकर्मी भी जांच के घेरे में** : कार्रवाई के दौरान मौके पर एक अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद था। हालांकि उसकी भूमिका अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन सीबीआई उसे भी पूछताछ के दायरे में लेकर जांच कर रही है। संभावना है कि यह मामला अकेले एक व्यक्ति तक सीमित न होकर एक संगठित वसूली नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।




**आरोपी से पूछताछ जारी** : सीबीआई ने आरोपी हवलदार को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वह कब से इस तरह की अवैध वसूली में शामिल था और इसमें अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

**पुलिस विभाग में मचा हड़कंप** : इस कार्रवाई के बाद चंडीगढ़ पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और आंतरिक स्तर पर भी जांच शुरू किए जाने की संभावना है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले** : यह पहला मौका नहीं है जब चंडीगढ़ में पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हों। इससे पहले भी विभिन्न मामलों में रिश्वतखोरी को लेकर कार्रवाई हो चुकी है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। फिलहाल, सीबीआई की टीम आगे की जांच में जुटी है और आने वाले समय में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# दिव्यांगता पेंशन पर संशोधन 'राष्ट्र के साथ धोखा': सांसद मनीष तिवारी

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

- सरकार से फैसला वापस लेने की मांग, लोकसभा में उठाए कई गंभीर सवाल

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स छूट को सीमित करने के फैसले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस संशोधन को 'राष्ट्र की भावनाओं के साथ धोखा' बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। तिवारी ने कहा कि सरकार का यह निर्णय उन हजारों सैनिकों के साथ सीधा अन्याय है, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपनी सेहत और क्षमता गंवाई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला मनमाना, पक्षपातपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण है, जिसके खिलाफ पूर्व सैनिक लगातार आवाज उठा रहे हैं। सांसद तिवारी ने इस मुद्दे को लोकसभा में अनस्टार्ड प्रश्न संख्या 5780 के माध्यम से उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले Finance Act 2026 (पेज 88, पैरा 108) में किए गए संशोधन के पीछे क्या तर्क है, जिसके तहत दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स छूट केवल उन पूर्व सैनिकों तक सीमित कर दी गई है, जिन्हें सेवा के दौरान दिव्यांग घोषित कर सेवा से बाहर किया गया।

उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या इस फैसले से पहले कोई डेटा-आधारित अध्ययन या प्रभाव विश्लेषण किया गया था, जिसमें सेवा के दौरान दिव्यांग हुए और सेवानिवृत्ति के बाद दिव्यांग पाए गए सैनिकों के बीच अंतर स्पष्ट किया गया हो। साथ ही, उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ने इस तरह के भेदभाव के संवैधानिक पहलुओं की जांच की है और क्या इस मामले में रक्षा मंत्रालय से परामर्श लिया गया। तिवारी ने सरकार से यह भी जानकारी मांगी कि इस फैसले से कितने पूर्व सैनिक प्रभावित होंगे और इससे सरकार को कितनी अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति की उम्मीद है। उन्होंने



प्रभावित सैनिकों के लिए अंतरिम सुरक्षा, पात्रता की स्पष्टता और प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की योजना पर भी सवाल उठाए। इन सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले ईनकम टैक्स एक्ट 2025 के प्रभाव में आने के साथ ही पुराना आयकर कानून 1961 समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही उससे जुड़े कई पुराने प्रावधान भी खत्म हो जाएंगे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि नए कानून में विशेष प्रावधान नहीं जोड़ा जाता, तो दिव्यांगता पेंशन पर मिल रही टैक्स छूट समाप्त हो सकती थी। इसलिए फायनेंस एक्ट 2026 में यह प्रावधान शामिल किया गया, ताकि पहले से मिल रही छूट और उसकी शर्तें जारी रह सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है, जिसके चलते इसके क्रियान्वयन में कुछ व्यावहारिक समस्याएं सामने आई हैं। ऐसे में संशोधित प्रावधानों को उन तारीखों से लागू किया जाएगा, जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी। मंत्री के अनुसार, अधिसूचना जारी होने तक सशस्त्र बलों के अयोग्य अधिकारियों को मिलने वाली दिव्यांगता पेंशन–जिसमें दिव्यांगता और सेवा दोनों हिस्से शामिल हैं–पूरी तरह आयकर से मुक्त रहेगी। इस मुद्दे पर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस तेज होने के आसार हैं, क्योंकि यह सीधे तौर पर देश के पूर्व सैनिकों और उनकी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

## स्थायी चीफ इंजीनियर की नियुक्ति पर पार्षद गुरप्रीत गाबी ने जताया आभार

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ में लंबे समय से स्थायी चीफ इंजीनियर की नियुक्ति को लेकर चल रही मांग अब पूरी हो गई है। इस संबंध में बीती 25 मार्च को चंडीगढ़ नगर निगम में कांग्रेस पार्टी के पार्षद गुरप्रीत गाबी ने प्रशासन के होम सेक्रेटरी मंदीप बराड़ से मुलाकात कर नगर निगम में स्थायी चीफ इंजीनियर नियुक्त करने की मांग उठाई थी। मुलाकात के दौरान होम सेक्रेटरी मंदीप बराड़ ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर नगर निगम को नया स्थायी चीफ इंजीनियर दे दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा दिए गए इस आश्वासन के अनुरूप आज संजय अरोड़ा को नगर निगम चंडीगढ़ का स्थायी चीफ इंजीनियर नियुक्त कर दिया गया है। गुरप्रीत गाबी ने इस नियुक्ति के लिए होम सेक्रेटरी मंदीप बराड़ और चंडीगढ़ प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्थायी चीफ इंजीनियर की नियुक्ति से अब नगर निगम के कामकाज में तेजी आएगी और विकास कार्य सही ढंग से आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस पद पर स्थायी नियुक्ति न होने के कारण कई परियोजनाएं प्रभावित हो रही थीं।

# नगर निगम चंडीगढ़ में चीफ इंजीनियर की नियुक्ति पर उठे सवाल, छह माह की प्रक्रिया पर विवाद गहराया

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

- संजय अरोड़ा की दोबारा तैनाती पर चर्चा तेज, बिना इंटरव्यू चयन के आरोप; इंजीनियरिंग विंग में अंदरूनी नाराजगी

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ में चीफ इंजीनियर पद पर संजय अरोड़ा की नियुक्ति के बाद विवाद और गहरा गया है। चंडीगढ़ प्रशासन के इस फैसले पर अब न सिर्फ प्रक्रिया बल्कि नियुक्ति के तरीके को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। छह माह की प्रक्रिया पर सवाल : जानकारी के अनुसार, इस पद के लिए पिछले करीब छह महीनों से प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से एक दर्जन से अधिक अधिकारियों के नाम आए थे। लेकिन आरोप है कि प्रशासन ने किसी भी उम्मीदवार का इंटरव्यू नहीं लिया और अंत में अपने ही इंजीनियरिंग विंग से संजय अरोड़ा को नियुक्त कर दिया।

**'पहले हटाया, फिर दोबारा लगाया' – उठे नए सवाल**

स्थानीय लोगों और विभागीय सूत्रों का कहना है कि करीब छह महीने पहले इसी पद से संजय अरोड़ा को हटाया गया था और अब दोबारा उन्हीं को उसी पद पर नियुक्त कर दिया गया है। इस फैसले को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लोगों का सवाल है कि आखिर छह महीने में ऐसा क्या बदल गया कि फिर से वही अधिकारी इस पद के लिए उपयुक्त माने गए? क्या किसी आला अधिकारियों की नाराजगी दूर हो गई या पहले किसी स्तर पर रही कमी या 'कमिटमेंट' अब पूरी हो गई–इसे लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। इंजीनियरिंग विंग में बढ़ी नाराजगी : इस पूरे घटनाक्रम से इंजीनियरिंग विंग में असंतोष बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि पिछले महिने एक सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर स्तर के एक वरिष्ठ अधिकारी को इस पद पर नियुक्ति न मिलने से निराश होकर उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली।अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठता और अनुभव को नजरअंदाज किया गया, जिससे विभाग के भीतर मनोबल प्रभावित हुआ है। पब्लिक हेल्थ विंग में भी विवाद : विवाद यहीं नहीं थमा। इंजीनियरिंग विंग के पब्लिक हेल्थ विभाग में भी एक वरिष्ठ स्थानीय इंजीनियर को नजरअंदाज कर पंजाब से एक सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर को डेपुटेशन पर लाया गया है। इस फैसले को लेकर भी विभाग में अंदरूनी रोष देखने को मिल रहा है और कई इंजीनियर प्रशासन के शीर्ष स्तर के फैसलों पर सवाल उठा रहे हैं।

प्रशासन की चुप्पी : इन सभी आरोपों और चर्चाओं के बीच प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि संजय अरोड़ा की नियुक्ति 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और वे एक वर्ष या आवश्यकता अनुसार इस पद पर कार्य करेंगे।

**आगे क्या?**

अब देखना होगा कि इस विवाद के बीच प्रशासन पारदर्शिता को लेकर उठे सवालों का जवाब देता है या नहीं और इंजीनियरिंग विंग में बढ़ती नाराजगी को कैसे संभालता है।

# एमसी चंडीगढ़ के आयुक्त ने एसपीसीए में सुविधाओं की समीक्षा की

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** आज श्री अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़, ने श्री प्रदीप कुमार, आईएएस, विशेष आयुक्त, नगर निगम-सह-सचिव, पशुपालन, यूटी चंडीगढ़ के साथ सेक्टर-38 स्थित सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) का दौरा किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम तथा एसपीसीए के अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

यह दौरा एसपीसीए में किए गए सुधार कार्यों की समीक्षा करने तथा वहां रखे गए कुत्तों के रखरखाव, उपचार एवं समग्र परिस्थितियों का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पशुओं के लिए उच्चतम स्तर की देखभाल एवं कल्याण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कुत्तों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, पोषण, दवाइयों की उपलब्धता तथा उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन, दवाइयों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का समुचित स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से संधारित एवं अद्यतन किया जाए।



आयुक्त ने आगे निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाए तथा एसपीसीए में शीघ्र बायोमेट्रिक मशीन स्थापित की जाए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी अभिलेखों का संधारण व्यवस्थित एवं कम्प्यूटरीकृत तरीके से किया जाए। कार्यों में दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल देते हुए आयुक्त ने निर्देश दिया कि एसपीसीए से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि पशुओं के बेहतर प्रबंधन एवं कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके।

## प्राचीन कला केंद्र की 317वीं मासिक बैठक के अवसर पर केंद्र में गायन, वादन एवं नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रहे विदेशी छात्रों द्वारा खूबसूरत प्रस्तुतियां

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** भारतीय शास्त्रीय कलाओं में गुरू-शिष्य परम्परा का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। इसी परम्परा को जीवंत रखने के लिए निरंतर प्रयासरत प्राचीन कला केन्द्र द्वारा आज यहाँ 317वी मासिक बैठक का आयोजन किया गया। केंद्र के चंडीगढ़ में सेक्टर 35 स्थित एम एल कौसर सभागार में सायं 5 :00 बजे से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस कार्यक्रम में केंद्र में संगीत एवं नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रहे विदेशी छात्रों ने अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। विदेशों से आये इन छात्रों में भारतीय शास्त्रीय कलाओ के प्रति इतनी निष्ठां देख कर लोग प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इस कार्यक्रम में आईसीसीआर के डायरेक्टर (स्कालरशिपस) श्री संजय वेदी वरिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इनके साथ केंद्र की रजिस्ट्रार डॉ शोभा कौसर एवं डॉ समीरा कौसर भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों ने गुरू से प्राप्त संगीत एवं नृत्य कला की मंच प्रस्तुति देकर सही मायने में अपने गुरू का आभार प्रकट किया कार्यक्रम में अपने शिष्यों का हौंसला बढ़ाने के लिए गुरु शोभा कौसर , गुरु बृजमोहन गंगानी , गुरु योगेश शर्मा , श्री प्रवेश कुमार ,डॉ शिम्पी कश्यप, गुरु लीसा मोहंती , श्री आविर्भाव वर्मा एवं डॉ जसबीर सिंह कैंथ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरम्भ डॉ शिम्पी की शिष्यत्व में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे नेपाल के समुद्र भट्टराये द्वारा किया गया जिस में इन्होने राग मालकौंस में बड़ा ख्याल पेश किया और पग लागन बोलों से सजी रचना पेश की और इसके उपरांत छोटे ख्याल की रचना आवन नहीं देत पेश करके दर्शकों की तालियां बटोरी। इसके उपरांत बांग्लादेश की शौरीन ने राग यमन से सुस्सजित छोटा ख्याल आदि देव महा देव पेश किया और इसके उपरांत शौरीन द्वारासूफी गायन में एक खूबसूरत रचना पेश की गयी जिसका दर्शकों ने बहुत आनद लिया।

# 'कचरा अलग करें या जुर्माना भरें ': एमसी चंडीगढ़ ने 4-बिन कचरा सिस्टम अनिवार्य किया, उल्लंघन पर सख्त चालान होंगे

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत करने और एक स्वच्छ शहरी वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने सभी घरों और प्रतिष्ठानों के लिए 4-बिन कचरा अलग करने की प्रणाली अपनाना अनिवार्य कर दिया है। इसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा और उल्लंघन करने वालों पर चालान काटे जाएंगे। यह निर्णय नगर आयुक्त श्री अमित कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया। इस बैठक में विशेष आयुक्त श्री प्रदीप कुमार, संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

नए निर्देशों के अनुसार, निवासियों को कचरा निकलने की जगह पर ही उसे चार अलग-अलग डिब्बों में अलग करना होगा–गीले कचरे (जैसे




रसोई का बचा हुआ खाना) के लिए हरा डिब्बा, सूखे कचरे (जिसमें कागज, प्लास्टिक और धातु शामिल हैं) के लिए नीला डिब्बा, घरेलू खतरनाक कचरे के लिए काला डिब्बा, और बायोमेडिकल व सैनिटरी कचरे (जैसे इस्तेमाल किए हुए मास्क, दस्ताने, पट्टियां और एक्सपायर्ड दवाएं) के लिए लाल डिब्बा। नगर निगम जल्द ही सभी सेक्टरों में सघन जांच अभियान चलाएगा। कोई भी घर, दुकानदार या प्रतिष्ठान जो कचरे को आपस में मिलाता हुआ या निर्धारित प्रणाली का पालन न करता हुआ पाया जाएगा, उसे संबंधित नगर निगम प्रावधानों के तहत जुर्माने का सामना करना पड़ेगा।

इस पहल का उद्देश्य कचरा संग्रह प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, रीसाइक्लिंग की दक्षता बढ़ाना, लैंडफिल (कचरा भराव क्षेत्रों) पर बोझ कम करना और एक स्वस्थ व अधिक टिकाऊ शहर को बढ़ावा देना है। जनभागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए, निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें और चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरा-भरा और पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाने में अपना योगदान दें।

1 april page-2_Page-3 31-03-2026 21:43 Page 1



# अब, यूएस और यूरोप की तरह, पंजाब में पुलिस सहायता सिर्फ 6 मिनट में पहुँचेगी : भगवंत मान

## ये वाहन सभी 28 पुलिस ज़िलों में तैनात किए जाएँगे; 112 डायल करने पर तुरंत सहायता मिलेगी : भगवंत सिंह मान

- भगवंत सिंह मान ने पंजाब पुलिस को 508 इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहन सौंपे
- सभी वाहन मोबाइल डेटा टर्मिनल, स्मार्टफ़ोन, डैश कैमरा, वायरलेस सिस्टम और GPS ट्रैकर से लैस हैं: भगवंत मान






ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**संगरूर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को घोषणा की कि अब पंजाब में पुलिस सहायता सिर्फ़ छह मिनट के भीतर उपलब्ध होगी, जो स और यूरोप जैसे विकसित क्षेत्रों के बराबर है। उन्होंने संगरूर में 508 इमरजेंसी रिस्पॉन्स वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिससे पूरे राज्य में ज़मीनी स्तर पर पुलिसिंग को काफ़ी मज़बूती मिलेगी। ये वाहन आधुनिक तकनीक से लैस हैं और 'डायल-112' के तहत सभी 28 पुलिस ज़िलों में तैनात किए जाएँगे। ये वाहन संकट के समय आने वाली कॉल्स पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, जो तेज़ और तकनीक-आधारित क़ानून प्रवर्तन की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

पिछले चार सालों में पुलिस वाहनों पर किए गए 327.70 करोड़ के निवेश का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि फ़ोर्स के आधुनिकीकरण से न सिर्फ़ क़ानून-व्यवस्था मज़बूत हुई है, बल्कि नशा तस्करों पर भी शिकंजा कसा है। साथ ही, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था से निवेशकों का भरोसा भी लगातार बढ़ रहा है, जिसका प्रमाण पंजाब में टाटा स्टील जैसे बड़े समूह द्वारा अपना दूसरा सबसे बड़ा प्लांट लगाना है। संगरूर में एक सभा को संबोधित करते हुए, ष्टरू भगवंत सिंह मान ने लोगों से ज़ोरदार अपील करते हुए कहा, 'नशीले पदार्थों के व्यापार जैसे जघन्य अपराध में शामिल लोगों का सामाजिक बहिष्कार ज़रूरी है, ताकि पंजाब से इस बुराई को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।' उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जिन लोगों ने कई पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया है, वे किसी भी तरह की नरमी के हकदार नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे तत्वों को सबक सिखाना ज़रूरी है, और सामाजिक बहिष्कार पंजाब को नशामुक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। सरकार की सख़्त कार्रवाई पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा, 'पंजाब सरकार ने नशीले पदार्थों के व्यापार के ख़िलाफ़ पहले ही शिकंजा कस दिया है, और ऐसे मामलों में सज़ा की दर (ष्टठ्ठ1द्वष्ह्लद्बशठ्ठ ह्ड्डह्लद्ग) 87% तक पहुँच गई है, जो किसी भी दूसरे राज्य के मुक़ाबले कहीं ज़्यादा है।' उन्होंने आगे कहा, ''युद्ध नशेयां विरुद्ध' (नशों के ख़िलाफ़ युद्ध) पंजाब में नशीले पदार्थों के नेटवर्क पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई रही है। इसने सप्लाई चेन को तोड़कर और बड़े तस्करों को सलाखों के पीछे डालकर इस अवैध व्यापार की कमर तोड़ दी है। '

जन-भागीदारी पर आधारित दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस मुहिम को लोगों का आंदोलन बनाने के लिए एक व्यापक और बहुआयामी रणनीति तैयार की गई है, जिसमें लोगों का सक्रिय सहयोग शामिल है।' उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत, मौजूदा सरकार ने तस्करों को फलने-फूलने देने के बजाय उनके ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की है। उन्होंने आगे कहा, 'हमारी लड़ाई पंजाब की युवा पीढ़ी को बचाने की है, और यह बिना किसी रुकावट के लगातार जारी रहेगी। '

इस चुनौती को 'नशा-आतंकवाद' बताते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब पुलिस सीमा पार से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी से सक्रिय रूप से निपट रही है, और साथ ही नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुश्मन ताकतों का भी मज़बूती से मुक़ाबला कर रही है। ' उन्होंने प्रशासनिक सुधारों पर भी रोशनी डालते हुए कहा, 'पहली बार, 'नीचे से ऊपर' वाला दृष्टिकोण अपनाया गया है। अब सिर्फ़ वरिष्ठ अधिकारियों को ही नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले SHO (थाना प्रभारियों) को भी गाड़ियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। क़ानून-व्यवस्था को आर्थिक विश्वास से जोड़ते हुए उन्होंने कहा, 'क़ानून-व्यवस्था का आकलन करने का सबसे अच्छा पैमाना किसी राज्य में होने वाला निवेश है। यह तथ्य कि टाटा स्टील ने पंजाब में अपना दूसरा सबसे बड़ा प्लांट स्थापित किया है, इसी विश्वास को दर्शाता है।' उन्होंने आगे कहा, 'पंजाब सबसे सुरक्षित जगहों में से एक है, और इसका श्रेय पंजाब पुलिस को जाता है, जिसने पुलिस बल और आम लोगों के बीच की दूरी को कम किया है।' सड़क सुरक्षा सुधारों पर ज़ोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'पंजाब सरकार ने हाईवे पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और कीमती जानें बचाने के लिए देश का पहला समर्पित 'सड़क सुरक्षा बल' शुरू किया है।' उन्होंने आगे कहा, '1,597 प्रशिक्षित कर्मियों और 144 आधुनिक वाहनों के साथ, इस बल ने अपनी शुरुआत के बाद से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 48% की कमी की है।' उन्होंने यह भी बताया, 'दुर्घटना की आशंका वाले 4,200 किलोमीटर लंबे हाईवे पर तैनात यह बल न केवल गश्त करता है, बल्कि नियमों के उल्लंघन को रोकने में भी अहम भूमिका निभाता है; इस कदम की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी सराहना की है। '

## उत्तरी भारत का पहला ग्लास ब्रिज नंगल झील पर बनाया जाएगाः सीएम



**नंगल।** नंगल को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कौशल विकास और पर्यटन का केंद्र बनाने के ज़ोरदार अभियान के बीच, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने` 75 करोड़ का विकास पैकेज जारी किया। इस पैकेज की मुख्य बातें हैं–उत्तरी भारत का पहला ग्लास ब्रिज, करगिल शहीद कैप्टन अमोल कालिया के नाम पर` 23 करोड़ का 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस', और शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े सुधार। इन पहलों को वर्षों से चली आ रही ठहराव की स्थिति से एक निर्णायक बदलाव बताते हुए, मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन मॉडल की रूपरेखा पेश की, जिसमें रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन (श्वङ्क), सोलर टेक्नोलॉजी और ड्रोन ट्रेनिंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में इंडस्ट्री के हिसाब से कौशल प्रशिक्षण, महिलाओं सहित सभी के लिए तकनीकी शिक्षा तक व्यापक पहुँच, और पंजाब की कृषि अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के लिए भाखड़ा नहर के बराबर बड़े पैमाने पर जल वृद्धि शामिल है। विकास कार्यों को राजनीतिक विरोध के साथ जोड़ते हुए, ष्टरूभगवंत सिंह मान ने ज़ोर देकर कहा कि जिन लोगों ने नशे के कारोबार को बढ़ावा दिया और पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को कमज़ोर किया, उन्हें कभी माफ़ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग अब पूरी तरह से एक ऐसे ईमानदार शासन मॉडल की ओर बढ़ चुके हैं, जो रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे पर केंद्रित है।

# 30 लाख से अधिक सेहत कार्ड पंजीकृत, 65 लाख परिवारों तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का लक्ष्यः डॉ. बलबीर सिंह

- मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पंजाब हर परिवार को 10 लाख रुपये वार्षिक कैशलेस स्वास्थ्य कवर देने वाला देश का पहला राज्य बनाः डॉ. बलबीर सिंह

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**चंडीगढ़।** सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब सरकार देश की पहली सरकार बन गई है जो मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक कैशलेस स्वास्थ्य कवर प्रदान कर रही है। यह योजना पीएम-जेएवाई के तहत मिलने वाले 5 लाख रुपये कवर को दोगुना करती है और पात्रता को सभी निवासियों तक विस्तारित करती है।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, राज्य में अब तक 30 लाख से अधिक सेहत कार्ड पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिससे पंजाब की लगभग आधी आबादी को सुनिश्चित स्वास्थ्य सुरक्षा मिल रही है। यह व्यापक पंजीकरण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में योजना की मज़बूत स्वीकृति को दर्शाता है, जहां परिवार सक्रिय रूप से इसका लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। इस प्रतिबद्धता को और मज़बूत करते हुए, भगवंत मान सरकार ने पंजाब बजट 2026-27 में इस योजना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो स्वास्थ्य सेवा को शासन की प्राथमिकता के रूप में स्थापित करता है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जी के नेतृत्व में हुए इस परिवर्तन को रेखांकित करते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह जी ने कहा, '30 लाख से अधिक सेहत कार्ड पंजीकृत होने के साथ, पंजाब सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक नया मानदंड स्थापित कर रहा है। पंजाब देश का पहला राज्य हैं जो हर परिवार को 10 लाख रुपये तक का सार्वभौमिक, कैशलेस इलाज प्रदान कर रहा है।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 48 घंटे में कुख्यात लुटेरा गिरफ्तार

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**चंडीगढ़।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 48 घंटों के भीतर एक कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई कंवरदीप कौर के निर्देशों पर, के एम प्रियंका के मार्गदर्शन और गुरजीत कौर के पर्यवेक्षण में की गई। सेक्टर-31 थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक उर्फ लल्ला (26) निवासी मौली जागरण कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी को एफआईआर नंबर 54 दिनांक 30 मार्च 2026, धारा 311, 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता महेंद्र साह (38), जो रामदरबार फेज-2 में सब्जी विक्रेता हैं, ने बताया कि 29 मार्च को सुबह करीब 11:15 बजे एक युवक हेलमेट पहनकर उनके पास आया। आरोपी ने चाकू दिखाकर उन्हें धमकाया और गले से चांदी की चेन तोड़कर छीन ली। साथ ही जेब से 200-300 रुपये नकद और आधार कार्ड भी लूटकर फरार हो गया। जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 31 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया आधार कार्ड, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक कमानीदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड हासिल की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपक उर्फ लल्ला पहले भी कई मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ हत्या सहित चार आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना-31, आईटी पार्क और मौली जागरण के केस शामिल हैं।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों में उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है।

## चंडीगढ़ में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मौली जागरण थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अंकुर निवासी विकास नगर, मौली जागरण के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मौली जागरा पुलिस स्टेशन में आबकारी अधिनियम की धारा 61-1-14 के तहत मामला संख्या 7 दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, 29 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे पुलिस टीम ने रायपुर खुर्द के बैरियर कॉलोनी आवासीय क्षेत्र की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास नाकाबंदी के दौरान आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 69 क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी अवैध शराब की सप्लाई से जुड़े किसी नेटवर्क का हिस्सा है या नहीं। चंडीगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इनेलो का 1 अप्रैल को नगर निगम पंचकूला के खिलाफ धरना-प्रदर्शन, भ्रष्टाचार के आरोपों पर घेराव

- रैली चौक से निगम कार्यालय तक पैदल मार्च, शहरवासियों से शामिल होने की अपील

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने नगर निगम पंचकूला में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरोध में 1 अप्रैल 2026 (बुधवार) को धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है।

पार्टी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, यह प्रदर्शन सेक्टर-14 स्थित रैली चौक से शुरू होकर नगर निगम कार्यालय तक पैदल मार्च के रूप में निकाला जाएगा। इसके बाद निगम दफ्तर के बाहर धरना दिया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। इनेलो ने नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अनियमितताओं और कोटक महिंद्रा बैंक में जमा करीब डेढ़ अरब रुपये की एफडी में गड़बड़ी जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया है। पार्टी का आरोप है कि इन मामलों में पारदर्शिता की कमी है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी ने कहा कि यह आंदोलन शहर के हितों की रक्षा और जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इनेलो नेताओं ने पंचकूला के सभी नागरिकों से इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है, ताकि नगर निगम में व्याप्त समस्याओं के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई जा सके। इनेलो का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इन मुद्दों पर कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# मंत्रिमंडल ने फ्रीहोल्ड और औद्योगिक आधारभूत ढांचे के प्रबंधन के लिए लीजहोल्ड संबंधी महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दीः संजीव अरोड़ा

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**चंडीगढ़।** उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा स्थानीय निकाय संबंधी कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा लीजहोल्ड औद्योगिक प्लॉटों और शेडों को फ्रीहोल्ड में बदलने के लिए नीति में महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दे दी गई है। साथ ही फ्रीहोल्ड प्लॉट धारकों के लिए आवंटन के बाद की सेवाओं को व्यापक रूप से तर्कसंगत बनाने को भी मंजूरी दे दी गई है।

औद्योगिक क्षेत्र के भागीदारों के साथ व्यापक परामर्श और समूह मंत्रियों की सिफारिशों के बाद किए गए ये सुधार व्यापार करने की आसानी को और मजबूत करने तथा एक पारदर्शी, निवेशक-अनुकूल औद्योगिक इकोसिस्टम बनाने के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। **मुख्य सुधारः** लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में तबादला*

**मुख्य फैसलों पर प्रकाश डालते हुए संजीव अरोड़ा ने कहाः**

- केवल 5 प्रतिशत तबादला शुल्क निर्धारित किया गया है। 30 अप्रैल, 2026 तक किए गए तबादलों के लिए स्टांप ड्यूटी पर 100 प्रतिशत छूट। जहां अन-अर्जित वृद्धि (अनअर्न्ड इंक्रीमेंट) की धारा लागू नहीं है, वहां खर्चों की छूट के माध्यम से महत्वपूर्ण राहत। विशेष मामलों में, बार-बार लगने वाले शुल्क के लिए एक ही शुल्क लागू किया गया है। कई सेवाओं के लिए वार्षिक नवीनीकरण खर्च बंद कर दिए गए हैं। तुरंत तबादले को प्रोत्साहित करने और पुराने मुद्दों के निपटारे के लिएः लंबित तबादलों और परिवर्तन संबंधी मामलों का समयबद्ध निपटारा। तुरंत तबादलों के लिए एकमुश्त स्टांप ड्यूटी में छूट।

**कागजी कार्रवाई को सरल बनानाः** मॉर्टगेज लीज डीड्स के मामले में बैंक पत्र ही पर्याप्त है। अनअर्जित वृद्धि की धारा पर स्पष्टता। लंबित औद्योगिक मुद्दों का निपटारा करते हुए मंत्री ने स्पष्ट कियाः जहां टाइटल दस्तावेजों में धारा मौजूद नहीं है, वहां कोई अन-अर्जित वृद्धि नहीं ली जाएगी।

# पंचकूला में 2026-27 के कलेक्टर रेट फाइनल



ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**पंचकूला।** हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए जिला पंचकूला की सभी तहसीलों एवं सब-तहसीलों के ड्राफ्ट कलेक्टर रेट पर गठित कमेटी की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद कलेक्टर रेट को अंतिम रूप दे दिया गया है। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने डीआईओ को निर्देश दिए कि नए कलेक्टर रेट्स को जिला प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। उन्होंने सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नए कलेक्टर रेट एक अप्रैल 2026 से प्रभावी रूप से लागू हों और रजिस्ट्रियां इन्हीं रेट्स के अनुसार की जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रजिस्ट्री प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। बैठक में एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका संयम गर्ग, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. कुलदीप, तहसीलदार पंचकूला सुरेश कुमार, तहसीलदार कालका विवेक गोयल, नायब तहसीलदार हरदेव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजाब सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत 4572 लाभार्थियों के लिए 23.32 करोड़ रुपये जारीः डॉ. बलजीत कौर

- 18 जिलों के लाभार्थियों को मिलेगा लाभ, 51 हजार रुपये की वित्तीय सहायता

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**चंडीगढ़।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी के तहत आशीर्वाद योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अनुसूचित जातियों के 4572 लाभार्थियों को 23.32 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता कम आय वाले परिवारों की बेटियों के विवाह के समय आर्थिक सहारा प्रदान करती है, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह के समय बड़ी राहत मिल रही है और सामाजिक सुरक्षा को और मजबूती मिल रही है।

डॉ. बलजीत कौर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत जिला बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फिरोजपुर, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, होशियारपुर, लुधियाना, मानसा, मोगा, पटियाला, पठानकोट, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर, एस.बी.एस. नगर, संगरूर, मालेरकोटला और तरनतारन के कुल 4572 लाभार्थियों को इस राशि का लाभ दिया गया है। सामाजिक न्याय मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि से जिला बरनाला के 125, बठिंडा के 761, फरीदकोट के 87, फिरोजपुर के 266, श्री फतेहगढ़ साहिब के 155, गुरदासपुर के 164, होशियारपुर के 441, लुधियाना के 332 और मानसा के 441 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई है। इसी प्रकार जिला मोगा के 265, पटियाला के 126, पठानकोट के 221, रूपनगर के 293, एस.ए.एस. नगर के 166, एस.बी.एस. नगर के 83, संगरूर के 130, मालेरकोटला के 105 और तरनतारन के 411 लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ प्रदान किया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आशीर्वाद योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा कम आय वाले परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# आईटीबीपी भानू में आईजी अशोक नेगी को दी गई भावभीनी विदाई

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**पंचकूला/भानू।** प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र भानू स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में महानिरीक्षक अशोक नेगी के सम्मान में उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, जवानों और स्टाफ ने उपस्थित होकर उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल को सम्मानपूर्वक याद किया।

समारोह में उप महानिरीक्षक जे एस गोराया ने कहा कि अशोक नेगी ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, अनुशासन और समर्पण का उच्च उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने 37 वर्षों से अधिक की सेवा में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए फोर्स की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने आतंकवाद और नक्सलवाद विरोधी अभियानों में भी प्रभावी नेतृत्व किया और अपनी कार्यकुशलता व साहस से विशेष पहचान बनाई।

उनकी वीरता और सेवाओं के लिए उन्हें पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री, पुलिस मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस और पुलिस मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस से सम्मानित किया जा चुका है। इस दौरान उनके बैचमेट, वरिष्ठ अधिकारी, वेटरन, मित्रगण और परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अशोक नेगी ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी को देश सेवा को सर्वोपरि मानकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बीटीसी परिवार की ओर से कमांडेंट सुनील कांडपाल ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके नेतृत्व व सौम्य व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। अपने विदाई संबोधन में अशोक नेगी ने सभी अधिकारियों और साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फोर्स में बिताया गया समय उनके जीवन का सबसे गौरवपूर्ण और यादगार अध्याय रहेगा।

## माताउर बैरियर के पास हमला और धमकी का आरोप, मामला दर्ज

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में एक महिला की शिकायत पर हमला और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह घटना माताउर बैरियर के पास कौमी इंसाफ मोर्चा की बैठक के दौरान सामने आई। पुलिस के अनुसार, मोहाली के सनी एन्क्लेव निवासी महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर-36 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि 30 मार्च 2026 को माताउर बैरियर के पास आयोजित बैठक के दौरान जीत सिंह और उसके अन्य साथियों ने उसे और वहां मौजूद अन्य लोगों को धमकाया। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1), 115(2), 190, 191(2), 191(3) और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# पंचकूला पुलिस ने नशा सप्लायर को किया काबूः 25,920 नशीली गोलियों बरामद, आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ जारी

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिंजौर क्षेत्र में भारी मात्रा में नशीली दवाइयों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुनियोजित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 27 मार्च को एंटी नारकोटिक सेल पंचकूला की टीम, पीएसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान पिंजौर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गांव सुरजपुर निवासी मांगा राम उर्फ मंगु, 53 वर्ष, हुड्डा सेक्टर-30 पिंजौर स्थित बिजली पावर हाउस के पास खाली प्लॉट में नशीली गोलियों के साथ मौजूद है। सूचना को पुख्ता मानते हुए टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर रेड की। करीब रात 9 बजे आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी व उसके बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से कुल 432 पत्तों में 25,920 लोमोटिल नशीली गोलियां बरामद हुईं, जो वाणिज्यिक मात्रा की श्रेणी में आती हैं। इसके अलावा आरोपी से 1700 रुपये नकद व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22ष्ट के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से एक अन्य सप्लायर का खुलासा हुआ है साथ ही यह भी सामने आया है कि आरोपी ये गोलियां उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर क्षेत्र से लेकर आता था। पुलिस ने आरोपी को 28 मार्च को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जबकि मामले में मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। साथ की इस दौरान यह भी पता किया जाएगा कि ये इसे कहां सप्लाई करने वाला था।

## सेक्टर-41 में चोरी की वारदात, घर से लैपटॉप व नकदी गायब

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-41 क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कीमती सामान और नकदी चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार, हरप्रीत सिंह निवासी सेक्टर-41बी की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत मामला संख्या 38 दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 28 मार्च से 30 मार्च 2026 के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके घर में घुसकर मोबाइल फोन, एक एचपी लैपटॉप और करीब 4000 रुपये नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि घरों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।


1 page-3_Page-3 31-03-2026 21:24 Page 1



# चंडीगढ़ कांग्रेस ने लिया संजय अरोड़ा की नियुक्ति का श्रेय, एमसी चंडीगढ़ को मिला स्थायी चीफ इंजीनियर

**● पार्षद गुरप्रीत गाबी ने जताया आभार, कहा- अब विकास कार्यों में आएगी तेजी**

ब्यूरो/गुड़गांव मेल



**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ में लंबे समय से लंबित स्थायी चीफ इंजीनियर की नियुक्ति का मुद्दा आखिरकार सुलझ गया है। चंडीगढ़ कांग्रेस ने इस नियुक्ति का श्रेय लेते हुए दावा किया है कि उनके प्रयासों से यह संभव हो पाया है। कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत गाबी ने बताया कि 25 मार्च को उन्होंने प्रशासन के होम सेक्रेटरी मंदीप बराड़ से मुलाकात कर नगर निगम में स्थायी चीफ इंजीनियर नियुक्त करने की मांग उठाई थी। इस दौरान होम सेक्रेटरी ने एक सप्ताह के भीतर नियुक्ति का आश्वासन दिया था। प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप अब संजय अरोड़ा को नगर निगम चंडीगढ़ का स्थायी चीफ इंजीनियर नियुक्त कर दिया गया है।

गुरप्रीत गाबी ने इस नियुक्ति के लिए होम सेक्रेटरी और चंडीगढ़ प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस पद पर स्थायी नियुक्ति न होने के कारण कई विकास परियोजनाएं प्रभावित हो रही थीं। अब इस नियुक्ति से निगम के कामकाज में तेजी आएगी और विकास कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि नए चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में नगर निगम के कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## चंडीगढ़ में चाकू की नोक पर डकैती, आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में डकैती के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना राम दरबार क्षेत्र की है, जहां एक व्यक्ति से चाकू की नोक पर लूटपाट की गई थी। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-31 थाना में पीड़ित महेंद्र साह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि 29 मार्च 2026 को फेज-2 राम दरबार के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोककर चाकू की नोक पर उनकी चांदी की चेन, 200-300 रुपये नकद और आधार कार्ड छीन लिया। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक उर्फ लाला के रूप में की, जो मौली जागरा का निवासी है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

# आतंकवाद प्रभावित परिवारों की मांगों पर राज्यपाल द्वारा सकारात्मक विचार का आश्वासन



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** पंजाब के आतंकवाद प्रभावित परिवारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से पंजाब लोक भवन में भेंट कर अपनी लंबित मांगों और समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख मुद्दों को उठाते हुए लंबित वित्तीय पैकेज जारी करने, शहीद पुलिस कर्मियों और सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को मुआवजा देने तथा विशेष पारिवारिक पेंशन लाभों के विस्तार की मांग की। उन्होंने नागरिक पीड़ितों के विधवाओं और माता-पिता के लिए पेंशन बढ़ाने की भी मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में लिए गए नीतिगत निर्णयों को लागू करने, प्लॉट आवंटन और नियमितीकरण की समय-सीमा बढ़ाने तथा आतंकवाद प्रभावित परिवारों, विशेषकर रेड और व्हाइट कार्ड धारकों को रियायती या निःशुल्क प्लॉट उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। रोजगार से जुड़े मुद्दों पर उन्होंने पात्रता शर्तों में ढील देकर पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा आतंकवाद प्रभावित परिवारों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की मांग की। साथ ही, आतंकवाद के दौरान विस्थापित होकर बाद में पंजाब लौटे परिवारों के बुजुर्ग सदस्यों के लिए पेंशन सहायता की भी मांग की गई। राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों और समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों और विभागों के साथ इस विषय को उठाएंगे और सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से समीक्षा की जाए। राज्यपाल ने आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के कल्याण, पुनर्वास और सहयोग के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल में सतिंदरपाल सिंह सिद्धू; डॉ. बी.आर. हस्स्तिर; प्रिंस कुमार; रमन कुमार; जसकरण सिंह; मनजीत कौर; शिंदर कौर; चंचल मनहास; दर्शन कौर; जसबीर कौर; बलविंदर कौर; बीरो; बलबीर कौर; कुलविंदर कौर; वर्षा रानी; पवाना देवी; त्रिप्ता शर्मा; चरणजीत कौर; कश्मीर कौर; साविंदर कौर; रीता जुनेजा शामिल थे।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मोटर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की एक्टिवा बरामद



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुलिस द्वारा मोटर वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सफेद होंडा एक्टिवा बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई महिला एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर, महिला एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और डीएसपी गुरजीत कौर के पर्यवेक्षण में की गई। थाना सेक्टर-49 के एसएचओ इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**नाके के दौरान हुआ खुलासा :** मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 30 मार्च की रात सेक्टर-50/51 स्थित बुरैल जेल रोड के पीछे नाका लगाया गया था। रात करीब 11 बजे मोहाली की ओर से आ रहा एक युवक बिना हेलमेट के एक्टिवा पर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराकर पीछे मुड़ने लगा, लेकिन जल्दबाजी में वाहन बंद हो गया। शक के आधार पर पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लक्ष्मण मुंडा (19) निवासी मोहाली बताया।

**दस्तावेज न दिखाने पर हुआ शक गहरा :** जब पुलिस ने एक्टिवा के कागजात मांगे तो आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। ई-चेकिंग के दौरान सामने आया कि वाहन रूपनगर निवासी राज कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड है।

वाहन मालिक से संपर्क करने पर खुलासा हुआ कि यह एक्टिवा 18 सितंबर 2024 को सेक्टर-40ए से चोरी हुई थी, जिसकी ई-एफआईआर पहले ही थाना सेक्टर-39 में दर्ज है।

**मामला दर्ज, जांच जारी:** इस संबंध में थाना सेक्टर-49 में एफआईआर नंबर 24 दिनांक 31 मार्च 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने चोरी की एक्टिवा को कब्जे में लेकर मालखाने में जमा करवा दिया है।

**आरोपी का प्रोफाइल :** गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मण मुंडा मूल रूप से ओडिशा के केंदुझार जिले का रहने वाला है और वर्तमान में मोहाली के 3क्व2 क्षेत्र में पाव भाजी स्टॉल पर काम करता है। उसकी शैक्षणिक योग्यता सातवीं कक्षा तक है। पुलिस के अनुसार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी किसी बड़े वाहन चोरी गिरोह से जुड़ा है या नहीं।

**पुलिस की अपील :** चंडीगढ़ पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# चंडीगढ़ पीड़ित सहायता योजना 2018 बनी अपराध पीड़ितों के लिए सहारा, 5.56 करोड़ मुआवजा वितरित

**● गंभीर अपराधों के पीड़ितों को 10 लाख तक सहायता, अम्ल हमले पीड़ितों के लिए विशेष प्रावधान**

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू चंडीगढ़ पीड़ित सहायता योजना, 2018 अपराध पीड़ितों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि पीड़ितों को गरिमा के साथ पुनर्वास का अवसर भी देती है। यह योजना दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 357ए (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप) के तहत अधिसूचित की गई है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लागू की गई है, ताकि गंभीर अपराधों के पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके। योजना के तहत यौन उत्पीड़न, बलात्कार, अम्ल हमले, पोक्सो मामलों, भीड़ हिंसा, गंभीर चोट, जलने की घटनाओं और मृत्यु जैसे मामलों में पीड़ितों और उनके आश्रितों को व्यापक सहायता दी जाती है। योजना की प्रमुख विशेषताओं में एक समर्पित मुआवजा कोष शामिल है, जिसे केंद्र सरकार के अनुदान, सीएसआर फंड, जनदान और अदालतों द्वारा लगाए गए जुर्माने से वित्तपोषित किया जाता है। साथ ही तत्काल चिकित्सा और आपातकालीन जरूरतों के लिए अंतरिम राहत का भी प्रावधान है। मुआवजा राशि 1 लाख से 10 लाख तक निर्धारित की गई है, जो अपराध की प्रकृति और गंभीरता पर निर्भर करती है। अम्ल हमले के पीड़ितों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनमें 15 दिनों के भीतर` 1 लाख की अंतरिम सहायता और` 10 लाख तक अतिरिक्त मुआवजा शामिल है। योजना के तहत मुआवजा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाता है। नाबालिगों और कमजोर वर्गों के लिए एफडी जैसे सुरक्षित प्रावधान भी किए गए हैं। इसके अलावा, असंतुष्ट पीड़ितों को अपील का अधिकार भी दिया गया है।

**मुआवजा संरचना:** मृत्यु, बलात्कार और अप्राकृतिक यौन उत्पीड़नः 5 लाख से 10 लाख, गंभीर/साधारण चोटः अधिकतम 5 लाख, जलने के मामलेः 2 लाख से 8 लाख, अम्ल हमलेः 3 लाख से 10 लाख, मानव तस्करी पीड़ितः अधिकतम 10 लाख, ये प्रावधान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की 2018 मुआवजा योजना के अनुरूप हैं। इसके अलावा, चंडीगढ़ प्रशासन ने 17 फरवरी 2026 की अधिसूचना के तहत (1 अप्रैल 2026 से प्रभावी) अम्ल हमले के पीड़ितों के लिए 10,000 प्रति माह पेंशन का प्रावधान भी किया है। योजना की प्रभावशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ ने पिछले पांच वर्षों में 5.56 करोड़ की मुआवजा राशि वितरित की है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16 पीड़ितों को 77.50 लाख की सहायता दी गई। यह पहल न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति शील नागू के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। एसएलएसए, यूटी चंडीगढ़ ने नागरिकों, संस्थाओं और मीडिया से इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है।

## चंडीगढ़ में महिला से झपटमारी, बाइक सवार बदमाश सोने की बाली लेकर फरार

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में झपटमारी की एक और घटना सामने आई है, जहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए उसकी सोने की बाली छीन ली और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-51ए निवासी महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर-49 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) और 3(5) के तहत केस संख्या 23 दर्ज किया गया है।

**बाइक सवारों ने बनाया निशाना :** शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि 30 मार्च 2026 को सेक्टर-51ए के पास वह जा रही थीं, तभी दो अज्ञात बाइक सवार बदमाश अचानक आए और झपट्टा मारकर उनके कान से सोने की बाली छीन ली। वारदात के बाद आरोपी तेज़ी से मौके से फरार हो गए।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# पेक में एएससीई इंडिया स्टूडेंट सिम्पोज़ियम 2026 का सफल आयोजन

ब्यूरो/गुड़गांव मेल



**चंडीगढ़।** अमेरिकन सोसाइटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स (एएससीई) द्वारा आयोजित इक्कीस वार्षिक क्षेत्रीय छात्र सिम्पोज़ियम में से एक, एएससीई इंडिया स्टूडेंट सिम्पोज़ियम 2026 का समापन पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक हुआ। पेक और यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस चार दिवसीय कार्यक्रम ने सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए तकनीकी उत्कृष्टता, इनोवेशन, व्यावसायिक विकास और नेटवर्किंग का सशक्त मंच प्रदान किया। इस सिम्पोज़ियम में लगभग 150 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पाँच विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा में आयोजित होने वाले एएससीई फाइनल्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता परिणामः पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताः प्रथम स्थान - सेंटगिट्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कोट्टायम, द्वितीय स्थान - वीआईटी वेल्लोर सर्वेक्षण प्रतियोगिताः प्रथम स्थान - वीआईटी वेल्लोर, द्वितीय स्थान - सेंटगिट्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कोट्टायम कंस्ट्रक्शन इंस्टीट्यूट प्रतियोगिताः प्रथम स्थान - मार अथानासियस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, केरल, द्वितीय स्थान - वीआईटी वेल्लोर सस्टेनेबल सॉल्यूशंस प्रतियोगिताः प्रथम स्थान - वीआईटी वेल्लोर, द्वितीय स्थान - मुकेश पटेल इंस्टीट्यूट, मुंबई कंक्रीट कैनो प्रतियोगिता (सबसे प्रतिष्ठित एवं संसाधन-गहन प्रतियोगिताओं में से एक)ः प्रथम स्थान - मुकेश पटेल इंस्टीट्यूट, मुंबई, द्वितीय स्थान - पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़, समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह पेक चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसमें प्रो. डी.आर. प्रजापति (डीन, स्टूडेंट अफेयर्स), प्रो. एस.के. सिंह (अध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. अर्शदीप सिंह (प्रेसिडेंट, एएससीई आईएस एनआर), श्री संदीप (डायरेक्टर, मापेई इंडिया), इंजीनियर हरप्रीत सिंह (डायरेक्टर, एबीसीडी इंडिया) और इंजीनियर अश्विनी कुंडल (कोषाध्यक्ष, एएससीई आईएस) सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गरिमामयी उपस्थिति भी रही, जिसमें एएससीई प्रेसिडेंट 2026 इंजीनियर मार्शा एंडरसन बोमार, इंजीनियर टोनी (बर्न्स एंड मैकडॉनेल, यूएसए), सुश्री जेनिफर अपमेयर (मैनेजर, एएससीई मुख्यालय) और सुश्री मेलिसा (एएससीई मुख्यालय) शामिल थीं। डॉ. हर अमृत सिंह संधू (प्रेसिडेंट, एएससीई आईएस एवं सिम्पोज़ियम चेयर) ने विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया, कि यह पहली बार है जब एएससीई इंडिया स्टूडेंट सिम्पोज़ियम का आयोजन उत्तर भारत में किया गया। प्रो. एस.के. सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रायोजकों और आयोजन टीम को श्रेय दिया। प्रो. डी.आर. प्रजापति ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आयोजन टीम, विशेषकर बलकरण सिंह के नेतृत्व की सराहना की। इंजीनियर मार्शा एंडरसन बोमार ने छात्रों को वैश्विक सिविल इंजीनियरिंग समुदाय में नवाचार और नैतिक नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सस्वती दत्ता (सह-अध्यक्ष) ने प्रायोजकों एवं दोनों संस्थानों के प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। छात्र अध्यक्ष बलकरण सिंह ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण एवं विजेताओं के सम्मान के साथ हुआ, जिसमें श्री दलवीर सिंह, श्री गुरशन सिंह और सुश्री सरिता को उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। यह सफल आयोजन एएससीई इंडिया की छात्र इंजीनियरों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

# खजूर की डालियों के साथ शोभायात्रा निकाल कर प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में आराधना की



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चण्डीगढ़।** क्राइस्ट चर्च, सीएनआई , सेक्टर 18 में पाम संडे (खजूर इतवार) का पवित्र पर्व अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व प्रेस्बिटर इंचार्ज रेव. राजन शारदा द्वारा किया गया।

इस विशेष दिन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में आराधना की। कार्यक्रम के दौरान प्रार्थना सभा, पवित्र शास्त्र वाचन तथा खजूर की डालियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो नम्रता, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है। अपने संदेश में रेव. राजन शारदा ने पाम संडे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पवित्र सप्ताह (होली वीक) की शुरुआत है, जो हमें प्रभु यीशु के त्याग, प्रेम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

पूरे चर्च परिसर में भजनों और स्तुतिगान के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं में एकता और विश्वास की भावना और अधिक प्रबल हुई। इस अवसर पर स्टीफन प्रकाश मसीह, सचिव, क्राइस्ट चर्च सीएनआई, सेक्टर 18, चंडीगढ़ ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक जीवन को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश भी फैलाते हैं। कार्यक्रम का समापन समाज में शांति, सौहार्द और सभी के कल्याण हेतु विशेष प्रार्थना के साथ किया गया।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में हिमाचल के पहलवानों का दमदार प्रदर्शन, जीते कई पदक



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**बिलासपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन दोनों वर्गों में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए कई पदकों पर कब्जा जमाया। फ्री स्टाइल कुश्ती में सुमित ठाकुर (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि मोहित कुमार (97 किग्रा) ने रजत पदक जीता। वहीं अब्दुल खान (57 किग्रा), अंकुश कुमार (74 किग्रा), शब्बीर खान (86 किग्रा) और हरपाल सिंह (125 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

ग्रीको रोमन वर्ग में पीयूष (87 किग्रा) और नवीश (97 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। अरफान खान (77 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया, जबकि अक्षय कुमार (67 किग्रा), टेक चंद (87 किग्रा) और साहिल (97 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। गर्ल्स फ्री स्टाइल में प्रियंका चौधरी (62 किग्रा) ने स्वर्ण पदक और मुस्कान (76 किग्रा) ने रजत पदक हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया। टीम की इस सफलता में कोच प्रिंस पठानिया और टीम मैनेजर अंकिता ठाकुर की अहम भूमिका रही।

## सेक्टर 23-डी आरडब्ल्यूए चुनाव : पीसी सिब्बल बने अध्यक्ष



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चण्डीगढ़।** सेक्टर 23-डी स्थित रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुए। चुनाव में क्षेत्र के निवासियों ने भारी संख्या में भाग लेकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जागरूकता और भागीदारी का परिचय दिया। चुनाव में 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके तहत पीसी सिब्बल को अध्यक्ष चुना गया जबकि एचआर सतिजा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एपी सिंह को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा राजीव करकारा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। केएल छाबड़ा और सतीश घई को प्रेस सचिव तथा संतोष शर्मा को संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। पीसी सिब्बल ने इस अवसर पर कहा कि मतदान में लोगों की सक्रिय भागीदारी ने यह दर्शाया कि सेक्टर-23डी के निवासी अपने क्षेत्र के विकास, प्रबंधन और पारदर्शिता को लेकर सजग हैं। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोजकों की भूमिका भी सराहनीय रही। नवनिर्वाचित टीम ने सभी निवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे सेक्टर की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। स्थानीय निवासियों को नई कार्यकारिणी से काफी उम्मीदें हैं और माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में सेक्टर-23डी में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

## लॉयन सुनील गर्ग बने लॉयंस क्लब, चण्डीगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष



ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चण्डीगढ़।** लॉयंस क्लब, चण्डीगढ़ सेंट्रल की 45वीं चार्टर नाइट एवं जनरल बॉडी में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (321 एफ) पीएमजेएफ लॉयन अमृत पाल सिंह जांडू, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लॉयन ललित बहल, क्लब के मुख्य सलाहकार एमजेएफ लॉयन संजय सरदाना, चेयरपर्सन लॉयन संजीव गुप्ता और विभिन्न लॉयन सदस्यों की उपस्थिति में लॉयनिस्टिक वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारी टीम का चुनाव किया गया जिसमें लॉयन सुनील गर्ग, एडवोकेट, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय को अध्यक्ष चुना गया जबकि लॉयन अशोक खुराना को सचिव व लॉयन विनोद कुमार मलिक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि लॉयंस क्लब, चण्डीगढ़ सेंट्रल प्रमुख सेवा क्लबों में से एक है जो कई कल्याणकारी गतिविधियों जैसे नेत्र दान जागरूकता, नेत्र जांच, रक्तदान, महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र, उड़ान परियोजना के तहत वंचित छात्रों को वित्तीय सहायता, पर्यावरण जागरूकता व वृक्षारोपण और इसी तरह की अन्य सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं में सक्रिय है। समारोह में बड़ी संख्या में वरिष्ठ डिस्ट्रिक्ट लॉयन अधिकारियों जैसे एमजेएफ लॉयन जतिंद्र सहदेव, एमजेएफ लॉयन संजीव सूद और क्षेत्रीय अध्यक्ष लॉयन सोनिया अरोड़ा के साथ-बड़ी संख्या में लायंस सदस्य और लॉयंस क्लब चंडीगढ़ सेंट्रल के लॉयन परिवार शामिल हुए।

# कूफरी और शिलोनबाग घाटी बुरांस के फूलों से सराबोर

**● बुरांस के फूल बने पर्यटकों के लिए आकर्षक का केंद्र**

ब्यूरो/गुड़गांव मेल



**शिमला।** जुन्गा क्षेत्र की मुडाघाट, छलंडा, कोटी और कूफरी घाटी इन दिनों बुरांस के फूलों से सराबोर है। जिसका इस क्षेत्र में आए पर्यटकों द्वारा भरपूर लुत्फ उठाया जा रहा है। पर्यटक सड़क के किनारे गाड़ी को रोककर बुरांस के फूलों को निहार कर फोटो खीच रहे हैं। बता दें इसका वैज्ञानिक नाम रहोडोडेंड्रन है।

इसके पेड़ों पर मार्च-अप्रैल के महीने में लाल व गुलाबी रंग के फूल खिलते हैं। यह पौधा अधिकांश ठंडे जहां तापमान 120 डिग्री सेल्सियस रहता है और ढलान वाली जगहों में उगता है। इसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती है। बुरांस समुद्र तल से 1500 से 3600 मीटर की मध्यम ऊंचाई पर पाया जाने वाला वृक्ष है। इस वृक्ष की पत्तियां देखने में मोटी और फूल घंटी की तरह होते हैं। यह वृक्ष स्वतः ही जंगलों में उगता है।

गौर रहे कि हिमाचल में यह फूल भरपूर मात्रा में पाया जाता है। कुछ जिलों में इस फूल का प्रयोग अचार, मुरब्बा और जूस के रूप में किया जाता है। ग्रामीण परिवेश के लोग बुरांस के फूलों को बाजार में बेचने को भी लाते है जोकि लोगों की आय का साधन भी बन गए है। क्षेत्र के वरिष्ठ दयाराम वर्मा, दौलत राम मेहता ने बताया कि वैशाख की सक्रांति को बुरांस के फूलों की माला बनाकर सबसे पहले अपने कुल देवता के मंदिर तदोपरांत अपने घरों में लगाना शुभ मानते हैं। बुरांस के फूलों की चटनी बहुत ही स्वादिष्ट होती है जो कि लू और नकसीर से बचने का अचूक नुस्खा है। कुछ लोग बुरांस पंखुड़ियों को सुखाकर रख लेते हैं जिसे वर्ष चटनी व अन्य खाद्य वस्तुओं में इस्तेमाल करते हैं। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विश्वबंधु जोशी का कहना है बुरांस के फूल औषधीय गुणों से भरपूर है जिसका विभिन्न दवाओं में उपयोग किया जाता है।

बुरांस में विटामिन ए, बी-1, बी-2, सी, ई और के प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं जो की वजन बढने नहीं देते और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रखता है। बताया कि बुरांस के फूलों का शर्बत दिमाग को ठंडक देता है और एक अच्छा एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण त्वचा रोगों से बचाता है।

## चंडीगढ़ प्रशासन में पंजाब कैडर के दो वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी जल्द संभालेंगे जिम्मेदारी

ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन को जल्द ही प्रशासनिक स्तर पर नई मजबूती मिलने जा रही है। पंजाब कैडर के दो वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी अविकेश गुप्ता और बलवीर राज सिंह अगले महीने चंडीगढ़ में अपनी सेवाएं शुरू करेंगे। दोनों अधिकारी वर्ष 2014 बैच के हैं और प्रशासनिक अनुभव के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस संबंध में गुलाबचंद कटारिया, जो पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक हैं, ने दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। साथ ही पंजाब सरकार को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं कि दोनों अधिकारियों को जल्द प्रभाव से रिलीव किया जाए, ताकि वे चंडीगढ़ में अपनी नई जिम्मेदारियां संभाल सकें। जानकारी के अनुसार, पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार को चार आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों का पैनल भेजा था। फरवरी में भेजे गए इस पैनल में से अविकेश गुप्ता और बलवीर राज सिंह के नामों को मंजूरी मिली है। इसी पैनल में अमित तलवार का नाम भी शामिल था, जो पहले चंडीगढ़ में डेप्यूटेशन पर रह चुके हैं और मोहाली के डिप्टी कमिश्नर के पद पर कार्य कर चुके हैं।

अविकेश गुप्ता का प्रशासनिक अनुभव ट्राई-सिटी क्षेत्र में काफी व्यापक रहा है। वे मोहाली के खरड़ में एसडीएम के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, पटियाला नगर निगम में तैनाती के दौरान उन्होंने शहरी प्रशासन से जुड़े कई अहम कार्यों का अनुभव हासिल किया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, चंडीगढ़ में इन अधिकारियों की तैनाती से विभिन्न विभागों के कामकाज में तेजी और दक्षता आने की उम्मीद है।

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है हरियाणा सरकार : नायब सैनी

## नेचर कैंप थापली में आए पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया मुख्यमंत्री से संवाद

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**पंचकूला।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 3 दिवसीय नेचर कैंप थापली में आए पंजाब विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संत कबीर कुटीर में आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिलकर पंजाब के छात्र गदगद नजर आए मुख्यमंत्री ने भी पंजाब के सभी विद्यार्थियों से स्नेहल मुलाकात की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए युवाओं के सर्वांगीण विकास संबंधी दृष्टि को साझा किया।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट विज़न है कि दोनों राज्यों का युवा शिक्षित, आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाला हो। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्चतम शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा के लिए प्रेरित किया तथा विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि युवा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग देश में करेंगे तो हरियाणा पंजाब और भारत की प्रगति को नई दिशा मिलेगी।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रतिदिन एक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नेचर कैंप थापली का भ्रमण करते हैं। यह आयोजन हरियाणा के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हरियाणा एवं पंजाब के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को नेचर कैंप थापली भ्रमण हेतु आमंत्रित किया जाता है। यहां छात्र-छात्राएं प्रकृति के सान्निध्य में समय व्यतीत कर पर्यावरणीय तंत्र (ईकोसिस्टम) की कार्यप्रणाली को समझते हैं तथा जैव विविधता, जल संरक्षण और वन संरक्षण जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करते हैं। इसके साथ-साथ छात्र-छात्राएं राष्ट्र प्रथम की भावनाओं को लेकर अपने विचार भी सांझा करते हैं ।

डिप्टी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा ने विद्यार्थियों को सतत विकास एवं पारिस्थितिकीय परिवर्तन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कैंप संयोजक नैंसी, रेंज ऑफिसर संजय, डिप्टी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की सराहना की तथा युवाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## हरियाणा में बैंकिंग घोटाले पर बड़ा एक्शन, सीबीआई जांच की सिफारिश करोड़ों की गड़बड़ी से हड़कंप

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरकारी विभागों के फंड में कथित बड़े वित्तीय फर्जीवाड़े को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने पूरे मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने की सिफारिश कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मामला छोटे स्तर का नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये के बड़े घोटाले से जुड़ा हुआ है, जिससे सरकारी वित्तीय प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**निजी बैंकों पर करोड़ों की गड़बड़ी के आरोप :** इस पूरे प्रकरण में कई निजी बैंक जांच के घेरे में आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक आईडीएफसी बैंक और एयू स्माल फायनेंस बैंक पर मिलकर करीब 590 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के आरोप लगे हैं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक पर पंचकूला नगर निगम के लगभग 160 करोड़ रुपये में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इन खुलासों ने न सिर्फ बैंकिंग व्यवस्था बल्कि सरकारी फंड मैनेजमेंट की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, लेनदेन और फंड ट्रांसफर में प्रक्रियात्मक खामियों का फायदा उठाकर यह गड़बड़ी की गई।

**सख्ती के बाद तेज हुई रिकवरी :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सख्त रुख के बाद मामले में तेजी से कार्रवाई की गई। प्रशासनिक दबाव और निगरानी के चलते अब तक बड़ी रकम की रिकवरी हो चुकी है। पंचकूला नगर निगम का कोटक महिंद्रा बेंज से 127.27 करोड़ रुपये का मूल धन वापस आ चुका है। एचपीजीसीएल के 25 करोड़ रुपये एयू स्माल बैंक से रिकवर किए गए हैं। वहीं आईडीएफसी बैंक से पूरी राशि पहले ही वापस ली जा चुकी थी। सरकारी सूत्रों का दावा है कि यह रिकवरी लगातार निगरानी, सख्त निर्देशों और समयबद्ध कार्रवाई के चलते संभव हो पाई है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल किसी भी बैंक में हरियाणा सरकार का कोई भी फंड बकाया नहीं है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं कि भविष्य में वित्तीय लेनदेन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए।

**जनता के पैसे की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जनता के पैसे की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है।

## संक्षेप समाचार

### हिमाचल एंट्री टोल बढ़ोतरी के विरोध में व्यापार मंडल ने विधायक चन्द्र मोहन को सौंपा ज्ञापन

**पंचकूला।** पंचकूला के विधायक चन्द्र मोहन से व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश द्वारा कालका क्षेत्र में लगाए गए एंट्री टोल में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि टोल दरों में बढ़ोतरी के कारण हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों पंचकूला, कालका और पिंजौर के लोगों व व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि उन्हें व्यापारिक गतिविधियों के चलते हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार आना-जाना पड़ता है, जिससे बार-बार टोल देना उनकी मजबूरी बन गई है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने इस मुद्दे पर सरकार की ओर से ठोस पहल न होने पर नाराजगी जताई और मांग की कि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेष छूट या पास की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। इस दौरान विधायक चन्द्र मोहन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस समस्या को गंभीरता से उठाएंगे।

### डेराबस्सी में सड़क हादसाः आवारा पशु को बचाने की कोशिश में बाइक सवार की मौत



**विमल चोपड़ा, डेराबस्सी।** डेराबस्सी-अंबाला लिंक रोड पर कारकौर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार ने अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने की कोशिश की। मृतक की पहचान बलजिंदर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव बलमाजरा, थाना शंभू के रूप में हुई है। वह डेराबस्सी स्थित सौरभ केमिकल फैक्ट्री में कार्यरत था और ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था। सिर में गंभीर चोट बनी मौत का कारणः जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 6:15 बजे बलजिंदर सिंह अपने साले गुरविंदर के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। बाइक गुरविंदर चला रहा था जबकि बलजिंदर पीछे बैठा था। कारकौर के समीप अचानक एक आवारा पशु सामने आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इस दौरान बलजिंदर सिंह सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे तुरंत डेराबस्सी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ः बलजिंदर सिंह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

### पंचकूला में भगवान महावीर स्वामी जी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव संपन्न



**पंचकूला।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी जी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-17 स्थित जैन स्थानक (गौरी शंकर मंदिर के निकट) में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महोत्सव की शुरुआत प्रातः 8:30 बजे धार्मिक विधि-विधान के साथ हुई। इस अवसर पर संत महात्माओं के सान्निध्य में प्रवचन आयोजित किए गए, जिनमें अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में महासाध्वी सुचर्चा जी महाराज सा. के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। साथ ही प्रवचन में महासाध्वी सुनीति जी महाराज सा. ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा दी। महासाध्वी सुव्रति जी महाराज सा. ने भी अपने प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को धर्म मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की तथा गौतम प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## न्यु स्टैंडर्ड हाई स्कूल के शिवमंदिर में आयोजित श्री राम कथा का यज्ञ व भंडारे के साथ समापन



पवन राणा, गुड़गांव मेल, बरवाला।

कॉलोनी के न्यू स्टैण्डर्ड हाई स्कूल में आयोजित श्री राम कथा में वीरेंद्र शास्त्री ने श्री राम ओर भरत का मिलाप प्रसंग सुनाकर कर भक्तों को भाव विभोर किया। व्यास ने उपदेश दिया किस प्रकार भाई भाई मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी विपत्ति का सामना हंस के कर सकते है। वीरेंद्र शास्त्री ने सुंदर उपदेश देकर बताया कि श्री राम कथा समाज में ऊंच नीच के भेदभाव को मिटा कर सम भाव प्रस्तुत करती है कथा सत्संग में आने से मन को एकाग्रता मिलती है ओर जीवन में परम शांति का अनुभव होता है। बरवाला के आदर्श कॉलोनी के न्यू स्टैंडर्ड हाई स्कूल के शिव मंदिर में आयोजित श्री राम कथा में आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने अधर्म पर धर्म की विजय का प्रसंग सुनाया आचार्य ने बताया कि जो समाज को एक करके सबको समान समझ कर जीवन यापन करता है सही मायने वही प्रभु राम को अपना आदर्श मानता है श्री रम कथा का समापन यज्ञ आचार्य अमन शांडिल्य अंबाला द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार की आहुतियों व भंडारे के साथ समापन हो गयो ।कथा व्यास वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यदि सब में परस्पर प्रेम भाव हो मन निर्मल हो तो आज भी धरती पर राम राज्य संभव है। इस अवसर पर समाजसेवी दीपचंद शर्मा, अंजू शर्मा, भावना गुप्ता,श्याम सुंदर, मनोज गुप्ता, संजीव सिंगला, संजीव मित्तल सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## पिंजौर-कालका हाईवे की बदहाली पर लीगल एक्शन, 15 दिन का अल्टीमेटम

- **शिवालिक विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल ने हरियाणा सरकार व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को भेजा नोटिस, 20 अप्रैल तक रिकारपेटिंग व फोरलेन की मांग, नहीं तो हाईकोर्ट जाएंगे**



ब्यूरो, गुड़गांव मेल।

**पिंजौर।** पिंजौर-कालका पुराने हाईवे की जर्जर हालत को लेकर अब मामला कानूनी मोड़ ले चुका है। शिवालिक विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने हरियाणा सरकार और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को लीगल नोटिस भेजते हुए सड़क की तत्काल रिकारपेटिंग और चौड़ीकरण की मांग की है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि 20 अप्रैल तक सड़क की मरम्मत और इसे फोरलेन बनाने के निर्देश जारी नहीं किए गए, तो मजबूरन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

**अधिकारियों को भेजा गया नोटिसः** विजय बंसल ने एडवोकेट दीपांशु बंसल और एडवोकेट सजल बंसल के माध्यम से एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (पीडब्ल्यूडी बी× आर), इंजीनियर-इन-चीफ पीडब्ल्यूडी और उपायुक्त पंचकूला को यह नोटिस भेजा है। नोटिस में सड़क की खस्ताहाल स्थिति, प्रशासनिक लापरवाही और आम जनता को हो रही परेशानी का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

**सड़क की हालत बनी जानलेवाः** विजय बंसल ने कहा कि पिंजौर-कालका मेन रोड की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई परत और ऊबड़-खाबड़ सतह ने इसे खतरनाक बना दिया है। इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन खराब हालत के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार यहां हादसे हो चुके हैं और लोगों की जान तक जा चुकी है।

**कनेक्टिविटी पर पड़ा असरः** उन्होंने कहा कि इस मुख्य मार्ग की बदहाली के कारण पिंजौर और कालका शहरों के बीच कनेक्टिविटी लगभग प्रभावित हो चुकी है। स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, फैक्ट्रियों और ट्रांसपोर्ट से जुड़े लाखों लोग रोजाना इसी सड़क का उपयोग करते हैं, लेकिन अब यह मार्ग उनके लिए परेशानी का कारण बन गया है। **करोड़ों खर्च के बावजूद नहीं सुधारः** नोटिस में यह भी आरोप लगाया गया है कि सड़क पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सड़क किनारे बनाए गए ड्रेनेज सिस्टम भी पूरी तरह फेल साबित हुए हैं, जिससे बारिश के दौरान हालात और खराब हो जाते हैं।

**जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांगः** विजय बंसल ने मांग की है कि सड़क की खराब रिकारपेटिंग और निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह संबंधित विभाग की कानूनी और सार्वजनिक जिम्मेदारी है कि वह सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाए, लेकिन इसमें पूरी तरह विफलता दिखाई दे रही है। **हादसों और जाम की बढ़ी समस्याः** बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

## जीरकपुर में बदहाल सड़क को लेकर लोगों का प्रदर्शन, प्रशासन पर लापरवाही के आरोप



विमल चोपड़ा

**जीरकपुर।** नाभा-पभात रोड पर स्थित दर्जनों सोसायटियों के निवासियों ने सड़क की खराब हालत को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और नगर परिषद प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि वर्षों से सड़क की हालत खराब है, लेकिन सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

प्रदर्शन में शामिल राजीव कक्कड़, रवि प्रसाद श्रीवास्तव, अनिल काद्यान्न, अजय यादव, ललित भारद्वाज, संदीप सलवान, तिलक राज शर्मा, सुभाष रंदे, संजय भारद्वाज, योगेश्वर शर्मा, अश्विनी गौर, राजेश गुप्ता, राजीव शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, शेखर, शबनम, नेहा, सुनीता, राधिका, मंजरी, भावना गुप्ता, श्वेता और रघुवीर कोठारी सहित अन्य लोगों ने प्रदर्शन में भाग लिया। लोगों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़े हैं, जिससे रोजाना आवागमन करना मुश्किल हो गया है।

इस मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार जारी रहती है, जिससे सड़क की स्थिति और खराब होती जा रही है और हादसों का खतरा बना रहता है। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के साथ इस सड़क से गुजरना बेहद जोखिम भरा हो गया है और कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

निवासियों ने प्रशासन से सवाल किया कि जब नगर परिषद हर साल लाखों रुपये टैक्स के रूप में वसूलती है, तो फिर बुनियादी सुविधाओं का इतना बुरा हाल क्यों है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

**पिछले कई** सालों से इस सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जिससे रोजाना निकलना मुश्किल हो गया है और हादसों का डर बना रहता है।' **राजीव कक्कड़**

'भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क और ज्यादा टूटती जा रही है। प्रशासन को कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।' **रवि प्रसाद श्रीवास्तव**

'बच्चों के साथ इस सड़क पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है। कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ।' **शबनम**

'इस सड़क को बनाने का टेंडर पहले से ही पास हुआ है और अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में काम शुरू करवाकर इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।' – **अमनदीप, जेई, नगर परिषद जीरकपुर**







## पीजीआई में इलाज के दौरान युवक की मौत, मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**विमल चोपड़ा, जीरकपुर।** बलटाणा क्षेत्र के रहने वाले 32 वर्षीय युवक की चंडीगढ़ स्थित पीजीआई अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान जोगिंदर निवासी जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो यहां मजदूरी कर अपना गुजारा करता था। पुलिस को दिए बयान में मृतक के भाई बादल सिंह ने बताया कि 24 मार्च को जोगिंदर हरमिलाप नगर स्थित एक कार्यालय की सीढ़ियां चढ़ते समय फिसलकर गिर गया था, जिससे उसके सिर में चोट लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे संभालकर उसके घर बलटाणा छोड़ दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अगले दिन जोगिंदर गलती से आनंद विहार बलटाणा के एक घर में चला गया, जहां एक महिला ने 3-4 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। हालत बिगड़ने पर उसे चंडीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 30 मार्च को उसकी मौत हो गई। जीरकपुर पुलिस ने बादल सिंह के बयानों के आधार पर मारपीट के आरोप में संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सूफी गायक माशा अली और वरिष्ठ कलाकार विंदर नाथू माजरा ने तरुण भण्डारी से भेंट की

ब्यूरो, गुड़गांव मेल।



**पंचकूला।** संगीत प्रेमियों और कला जगत के लिए बेहद खास रहा। पंजाब की माटी के अनमोल रतन और अपनी रूहानी आवाज से लाखों दिलों पर राज करने वाले सुप्रसिद्ध सूफी गायक माशा अली और वरिष्ठ कलाकार विंदर नाथू माजरा भाई तरुण भण्डारी के निवास स्थान पर पधारे। कलाकारों के निवास पर आगमन पर माहौल बेहद खुशनुमा और गरिमामय हो गया। इस शुभ अवसर पर भाई तरुण भण्डारी ने दोनों ही महान हस्तियों का परंपरागत तरीके से और बहुत ही गर्मजोशी के साथ हार्दिक स्वागत किया।

मुलाकात के दौरान भाई तरुण भण्डारी ने पंजाब की समृद्ध गायकी और सूफी संगीत को दुनिया भर में पहुंचाने वाले इन कोहिनूर कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए तरुण भण्डारी ने कहा कि यह उनके लिए बेहद सौभाग्य और गौरव का क्षण है कि माशा अली और विंदर नाथू माजरा जैसे जमीन से जुड़े और महान कलाकार आज उनके आशियाने पर पधारे। इनकी सादगी और संगीत की रूहानियत का कोई मुकाबला नहीं है। पंजाब की संस्कृति को जीवित रखने में इन कलाकारों का बहुत बड़ा योगदान है। इस दौरान कलाकारों ने भी भण्डारी परिवार की मेहमान नवाजी और मिले अपार स्नेह की जमकर सराहना की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान संगीत और कला जगत से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी अनौपचारिक और सार्थक चर्चा हुई।

## पंचकूला में आज भिड़ेंगी चार टीमें, अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले

**पंचकूला।** हरियाणा स्पोर्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'छठा लाला अमरनाथ अग्रवाल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट' अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच गया है। टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 1 अप्रैल को पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी, अमरावती क्रिकेट एकेडमी (पंचकूला), सनराइज क्रिकेट एकेडमी (ज़िरकपुर) और सी.एल. चैंप्स क्रिकेट एकेडमी (पंचकूला) ने अपनी जगह पक्की की है।

10 टीमों के बीच कड़ा मुकाबलाः एसोसिएशन के महासचिव अमरजीत कुमार के अनुसार, इस छठे संस्करण में उत्तरी क्षेत्र की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का आयोजन समाजसेवी स्वर्गीय लाला अमरनाथ अग्रवाल की स्मृति में किया जा रहा है।

## अलीपुर में डंपिंग ग्राउंड से अलीपुर वासीयो के साथ-साथ आसपास के गांवों को भी खतरा, ग्रामीणों ने किया विरोध



पवन राणा, गुड़गांव मेल, बरवाला।

अलीपुर में डंपिंग ग्राउंड का स्थापित होना अलीपुर वासीयो के साथ-साथ आसपास के गांवों के लिए भी बहुत हानिकारक है पूरे पंचकूला का कचरा यहां पर डाला जा रहा है और नगर निगम के ठेकेदारों के द्वारा सभी नियम ताक पर रखकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है जानकारी देते हुए भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष गौतम राणा ने नगर निगम कमिश्नर के समक्ष गांव वासियों के साथ मिलकर नगर निगम पंचकूला के द्वारा की जा रही लापरवाही का विरोध करते हुए पूरे शहर का कचरा अलीपुर टाउन गांव में गिराने पर पुरजोर विरोध जताया। साथ ही कहा कि पहले भी नगर निगम पंचकूला को यहां कचरा न गिराने के लिए लिखित रूप में मांग पत्र दिया जा चुका है नियमों के अनुसार यहां पर 1 किलो कचरा भी एकत्रित नहीं कर सकते परंतु 150 से 200 गाड़ियों का कचरा एक स्थान पर एकत्रित किया हुआ है अगर इसका समाधान जल्द से जल्द नहीं किया गया तो सभी इलाका वासियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को इस गंभीर समस्या बारे अवगत कराया जाएगा और जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता सभी ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

गौतम राणा ने यह भी कहा कि पंचकूला नगर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों व ठेकेदारों को आदेश दिए हैं कि एक दिन के अंदर सारा कचरा यहां से निकाला जाए और नियमों के अनुसार कार्य चलाया जाए।

## सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने पुलिस विभाग को 33 वर्ष 7 महीने अपनी सेवाएं दी

पवन राणा, गुड़गांव मेल,बरवाला।



पुलिस सेवा में वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने वाले पंचकूला पुलिस के सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह को पुलिस लाइन में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति दी गई। समारोह में सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह, विभाग की ओर से सम्मानित करते हुए उनके लंबे सेवाकाल और उत्कृष्ट कार्यों को याद किया गया। सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने अपनी सेवाएं 1992 में कांस्टेबल पद से शुरू की थी। जो कि सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत हुए है।

महावीर सिंह ने 33 वर्ष 7 महीने पुलिस विभाग को अपने सेवाए दी। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी कर्मचारी की बेहतर सेवा के पीछे उसके परिवार का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा - 'यदि घर-परिवार में सहयोग न हो तो विभागीय जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाना संभव नहीं है। आपके परिवार ने आपको संभाला, तभी आप पुलिस विभाग को इतने वर्षों तक अपनी सेवाएँ दे सके। इसके लिए जितना आपके परिवार का धन्यवाद किया जाए उतना ही कम है। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और सम्मानजनक भविष्य की कामना की।